# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

VPL

वर्ष 10 अंक 297
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, सोमवार
4 अगस्त 2025
मूल्य: 4 रुपये

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20





03 आठ वर्षीय बच्चे के अपहरण और हत्या का दोषी दर्जी 26 साल बाद दिल्ली में ...
06 बड़े चौधरी ने खंभा नोंचा ! - ऋषभदेव शर्मा
11 यूपी वॉरियर्स में ट्रॉफी जीतने की संस्कृति बनाना चाहता हूं : अभिषेक नायर















# गोंडा में एसयूवी सरयू नहर में गिरने से एक ही परिवार के नौ लोगों समेत 11 श्रद्धालुओं की मौत

**गोंडा**, (भाषा) उत्तर प्रदेश में गोंडा जिले के इटियाथोक क्षेत्र में रविवार को एक एसयूवी के सरयू नहर में गिरने से एक ही परिवार के नौ लोगों समेत 11 श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।



गोंडा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) विनीत जायसवाल ने बताया कि इस हादसे में मरने वाले श्रद्धालुओं में छह महिलाएं, दो पुरुष और तीन बच्चे शामिल हैं।

इस बीच, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

इटियाथोक थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) में सवार श्रद्धालु मोतीगंज थाना क्षेत्र के सीहागांव गांव से खरगूपुर स्थित प्रसिद्ध पृथ्वीनाथ मंदिर में पवित्र जल चढ़ाने जा रहे थे तभी बेलवा बहुता के पास यह दुर्घटना हुई। राय ने बताया कि एसयूवी में चालक सहित कुल 15 लोग सवार थे, वाहन सड़क से फिसलकर नहर में पलट गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों और बचाव दल की मदद से डूबे हुए वाहन से महिलाओं, पुरुषों और बच्चों सहित 11 शव निकाले गए। चार अन्य यात्रियों को बचा लिया गया है और उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

जायसवाल ने बताया कि इस हादसे में मरने वाले श्रद्धालुओं की पहचान मोतीगंज थाना क्षेत्र के सीहागांव के प्रहलाद की पत्नी बीना (44), दो बेटियां काजल (22) और महक उर्फ रिंकी (12), प्रह्लाद के भाई राम करण (36) व उनकी पत्नी अनसुइया (34), बेटी सौम्या (9), बेटा शुभ (7), प्रहलाद के सबसे छोटे भाई रामरूप की पत्नी दुर्गेश नंदिनी (35), बेटा अमित (14) शामिल हैं। इसके अलावा प्रहलाद के पड़ोसी राम ललन वर्मा की पत्नी संजू (26) और उनकी बहन गुड़िया उर्फ अंजू (20) की भी मौत हो गई।

एसपी ने बताया कि वाहन चालक समेत चार लोगों को बचा लिया गया है और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। हादसे में प्रहलाद का बेटा सत्यम, बेटी पिंकी, पड़ोसी राम ललन वर्मा और चालक सीतारमण भी घायल हैं, जिनका स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य में जुट गए। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की एक टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य किया।

इसके पहले, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया और अधिकारियों को घायलों को सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना भी की। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक शोक संदेश में कहा, "गोंडा जिले में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।"

योगी ने पोस्ट में कहा, ''इस दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि "प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति तथा घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।ॐ शांति!"

इस दुर्घटना के एक प्रत्यक्षदर्शी इटियाथोक निवासी राहुल वर्मा ने बताया कि सुबह से ही बारिश होने के कारण सड़क पर फिसलन थी। उन्होंने कहा, ''एसयूवी नहर के बगल में बनी सड़क पर जा रहा था उसी बीच चालक ने ब्रेक लगाया जिससे गाड़ी फिसल करके नहर में जा गिरी। हमने तत्काल पुलिस को फोन करके गांव के लोगों को मौके पर बुलाया और रस्सी के सहारे एसयूवी को बाहर निकाला।''

वाहन से निकाली गई एक किशोरी ने बताया कि '' हम सब पृथ्वीनाथ मंदिर दर्शन करने के लिए जा रहे थे, वाहन में सवार महिलाएं व लड़कियां भजन गा रही थीं तभी अचानक सब कुछ धुंधला हो गया और फिर कुछ याद नहीं है।''

प्रशासन के निर्देश पर देवीपाटन मण्डल के आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन तथा उप जिलाधिकारी सदर अशोक कुमार गुप्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटियाथोक पहुंचे और अस्पताल में भर्ती पीड़ितों का हालचाल पूछा। उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों को घायलों का हरसंभव उपचार करने का निर्देश दिया।

# निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता संदिग्ध; विपक्ष संसद में चर्चा चाहता है: गौरव गोगोई

**गुवाहाटी**, (भाषा) कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गौरव गोगोई ने रविवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता संदिग्ध है और यही वजह है कि विपक्षी दल संसद में मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर चर्चा चाहते हैं।



कांग्रेस की असम इकाई की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक शुरू होने से पहले संवाददाताओं से बातचीत में गोगोई ने भाजपा नीत केंद्र सरकार के उस फैसले पर भी सवाल उठाया जिसमें निर्वाचन आयोग पर चर्चा की अनुमति नहीं दी गई जबकि मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाती है। गोगोई लोकसभा में पार्टी के उपनेता भी हैं।

असम की कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष गोगोई ने कहा, ''आज लोगों के मन में निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता को लेकर सवालिया निशान है। इसलिए हम संसद में चर्चा चाहते हैं। सरकार कुछ छिपाने की कोशिश कर रही है। वह क्या है? क्या यह पिछले विधानसभा चुनावों और लोकसभा चुनावों में उनकी हेराफेरी है?''

गोगोई ने कहा कि विपक्ष बिहार में जारी संशोधित मतदाता सूची के मुद्दे पर संसद में खुली चर्चा चाहता है। उन्होंने कहा, ''आम लोगों को अपने मताधिकार की स्थिति और मतदान केंद्रों का विवरण पता होना चाहिए। हम इस पर चर्चा चाहते हैं, लेकिन सरकार कह रही है कि इस मामले पर चर्चा नहीं की जा सकती।'' उन्होंने आगे कहा, ''उनका तर्क है कि निर्वाचन आयोग किसी भी विभाग से संबंधित नहीं है। यह एक बेतुका तर्क है क्योंकि मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति प्रधानमंत्री और सरकार द्वारा की जाती है।'' गोगोई ने यह भी दावा किया कि ऐसे कई मामले सामने आए हैं जब मतदाता मतदान के दौरान मतदान केंद्र गए और उन्हें पता चला कि उनका नाम सूची से गायब है।

'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में बोलते हुए कांग्रेस सांसद ने कहा, ''केंद्रीय गृह मंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों को न्यूनतम सम्मान भी नहीं दिया। उनके मंत्रालय के अधीन एजेंसियों की खुफिया विफलता के कारण लोग मारे गए, लेकिन उन्होंने लोगों से माफी नहीं मांगी। यह उनका स्वभाव है।'' गोगोई ने यह भी कहा कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने असम आने की इच्छा व्यक्त की है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधानमंत्री मोदी ने की राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात

नयी दिल्ली, (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। बैठक का विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं हुआ है। राष्ट्रपति भवन ने 'एक्स' पर लिखा, "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।" यह मुलाकात बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा की विपक्ष की मांग को लेकर संसद में गतिरोध के बीच हुई है। इक्कीस जुलाई को मानसून सत्र शुरू होने के बाद से संसद में बहुत कम कामकाज हुआ है। इसके अलावा राष्ट्रपति के साथ प्रधानमंत्री की यह मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत से निर्यात पर २५ प्रतिशत शुल्क लगाए जाने और भारत द्वारा रूस से सैन्य उपकरणों व तेल खरीदने के कारण अनिर्दिष्ट जुर्माने की घोषणा किए जाने के कुछ दिन बाद हुई।

# पूर्व में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद का सीधा असर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर पड़ा: योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए दावा किया कि वर्ष 2017 से पहले पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद होता था और उसका सीधा असर राज्य की कानून-व्यवस्था पर पड़ा।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उप्र पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 1,494 सहायक परिचालकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान योगी ने चयनित कई अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि ''वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में होने वाली भर्तियों में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद हावी था। उस दौरान पैसों के लेन-देन, बोली और भेदभाव ने नौजवानों के भविष्य को अंधकारमय बना दिया था।'' उन्होंने कहा, ''इसका सीधा असर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर पड़ा। इससे दंगे, अराजकता, गुंडागर्दी, आतंकी घटनाएं बढ़ गयीं और जनता में असुरक्षा का माहौल बन गया।'' घटनायें गिनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी अयोध्या, काशी और लखनऊ की कचहरी में हमले होते थे तो कभी आतंकी हमले, एक बार सीआरपीएफ कैंप रामपुर को भी निशाना बनाया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में 'डबल इंजन' की सरकार बनने पर सबसे पहले भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए बड़े कदम उठाए गए। इसके तहत पुलिस भर्ती बोर्ड का सुदृढ़ीकरण किया गया। उन्होंने दावा किया कि इसी का परिणाम है कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश सर्वाधिक पुलिस की भर्ती और सरकारी नौकरी देने वाले राज्यों में पहले स्थान पर है। योगी ने कहा कि अब तक राज्य सरकार साढ़े आठ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान कर चुकी है, जो पूरे देश में सबसे बड़ा आकड़ा है।

वर्ष 2017 से लगातार उत्तर प्रदेश सरकार का नेतृत्व कर रहे योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से अब तक उत्तर प्रदेश पुलिस में दो लाख 17 हजार 500 से अधिक कार्मिकों की निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती की जा चुकी है, जो देश में सबसे बड़ा आंकड़ा है।

# बिहार में भारी बारिश के बाद नदियां उफान पर, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया

**पटना**, (भाषा) बिहार में पिछले 24 घंटों में भारी बारिश के कारण कई नदियों का जलस्तर बढ़ गया है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। मौसम विभाग द्वारा रविवार को जारी जिलावार नवीनतम बारिश बुलेटिन के अनुसार, दो अगस्त से अब तक पटना, बांका, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, गयाजी, जहानाबाद, कैमूर, कटिहार, खगड़िया, मुंगेर, नालंदा और वैशाली समेत कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। रविवार को राज्य की राजधानी पटना में लगातार बारिश के बाद कई प्रमुख सड़कें और कई निचले इलाके जलमग्न हो गए। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के लिए पटना, गयाजी, जमुई, औरंगाबाद, खगड़िया, बांका, वैशाली, समस्तीपुर, शेखपुरा, लखीसराय, पूर्वी चंपारण, अरवल, पश्चिमी चंपारण और नवादा समेत कई जिलों के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है।

# निर्वाचन आयोग ने तेजस्वी से जांच के लिए उनका ईपीआईसी कार्ड सौंपने को कहा

**पटना,** (भाषा) निर्वाचन आयोग ने रविवार को राजद नेता तेजस्वी यादव से उस मतदाता पहचान पत्र को ''जांच के लिए सौंपने'' को कहा, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया था कि वह उनके पास है, जबकि वह ''आधिकारिक रूप से जारी नहीं किया गया'' था।




राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को दावा किया कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित 'मसौदा मतदाता सूची' में उनका नाम नहीं है।

एक प्रेस वार्ता के दौरान, पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव ने अपने फोन को एक बड़ी स्क्रीन से जोड़ा और ऑनलाइन अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबर खोजने की कोशिश की, जिससे परिणाम आया कि 'कोई रिकॉर्ड नहीं मिला'। संबंधित अधिकारियों द्वारा खंडन किए जाने पर उन्होंने आरोप लगाया कि उनका मतदाता पहचान पत्र नंबर ''बदला हुआ'' था।

पूर्व उपमुख्यमंत्री को संबोधित एक पत्र में पटना सदर के अनुविभागीय मजिस्ट्रेट सह दीघा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी ने कहा, ''हमारी प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि दो अगस्त को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आपने जिस ईपीआईसी नंबर का ज़िक्र किया था, वह आधिकारिक तौर पर जारी नहीं किया गया था। इसलिए आपसे अनुरोध है कि विस्तृत जांच के लिए ईपीआईसी कार्ड की मूल प्रति हमें सौंप दें।'' इसके बाद राजद नेता ने आरोप लगाया कि उनका ईपीआईसी नंबर ''बदल दिया गया'' है, लेकिन जिला मजिस्ट्रेट त्यागराज एस एम ने इस दावे को खारिज कर दिया।

जिलाधिकारी ने कहा, ''मतदाता सूची में ईपीआईसी नंबर वही है जो विपक्ष के माननीय नेता ने 2020 के विधानसभा चुनावों में अपने हलफनामे में प्रस्तुत किया था। यदि उनके पास किसी अन्य नंबर वाला कोई अन्य ईपीआईसी कार्ड भी है, तो यह जांच का विषय है।''

इस बीच, यहां एक संवाददाता सम्मेलन में राज्य में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रवक्ता अजय आलोक (भाजपा), नीरज कुमार (जदयू) और राजेश भट्ट (लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास) सहित अन्य ने राजद नेता के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यादव पर दो ईपीआईसी कार्ड रखने के लिए मामला दर्ज किया जाना चाहिए, जिसकी अनुमति नहीं है।

राजग पदाधिकारियों ने कटाक्ष करते हुए कहा कि वे उनके (तेजस्वी के) गठबंधन सहयोगी राहुल गांधी से जानना चाहते हैं कि क्या राजद नेता द्वारा की गयी यह ''धोखाधड़ी'' वह ''परमाणु बम'' है, जिससे वह निर्वाचन आयोग को धमकी दे रहे थे।


कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को दावा किया था कि उनकी पार्टी के पास निर्वाचन आयोग द्वारा भाजपा के लिए की गई ''वोट चोरी'' को साबित करने के लिए सबूतों का एक ''परमाणु बम'' है।

राजग नेताओं ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' आगामी विधानसभा चुनावों में ''निश्चित हार देख रहा है'' और इसके नेता निर्वाचन आयोग द्वारा किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण पर संदेह उठाकर ''बहाना'' ढूंढने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि यह ''अपराधियों द्वारा मांगी गई अग्रिम जमानत'' के समान है।

### बेंगलुरु की येलो लाइन मेट्रो सेवा का 10 अगस्त को उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**बेंगलुरु**, (भाषा) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता तेजस्वी सूर्या ने रविवार को घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 अगस्त को बेंगलुरु आएंगे और येलो लाइन मेट्रो सेवा का उद्घाटन करेंगे।

सूर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री मेट्रो फेज-3 की आधारशिला भी रखेंगे। सूर्या ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का 10 अगस्त को बेंगलुरु दौरा बेंगलुरु दक्षिण के लिए ऐतिहासिक होगा।'' सूर्या ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी न केवल लंबे समय से प्रतीक्षित येलो लाइन मेट्रो परिचालन का उद्घाटन करेंगे, बल्कि मेट्रो फेज- 3 की आधारशिला भी रखेंगे। उन्होंने कहा, ''इन परियोजनाओं से दक्षिण बेंगलुरु में लगभग 25 लाख लोगों को लाभ होगा।'' सांसद सूर्या ने कहा कि 10 अगस्त को इसका उद्घाटन होने से येलो लाइन मेट्रो परियोजना 15 अगस्त की समयसीमा में पूरी हो जाएगी। सूर्या ने कहा कि ऐसा इसलिए हो सका क्योंकि मोदी व्यक्तिगत रूप से इस बात पर जोर दे रहे थे कि इसे बिना किसी देरी के जनता के लिए खोल दिया जाना चाहिए।

# मंत्री नन्दी ने प्रयागराज में बाढ़ की विभीषिका का लिया जायजा

## बघाड़ा, सलोरी सहित अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो





प्रदेश के विभिन्न जनपदों के साथ ही प्रयागराज में बाढ़ की विभिषिका को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गठित टीम 11 के सदस्य उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने प्रयागराज के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। वहीं राहत शिविरों में जाकर बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की एवं उनको दी जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता की जांच की। मंत्री नन्दी ने सम्बंधित अधिकारियों को राहत शिविरों में पीने के पानी, भोजन, विद्युत, शौचालय, साफ-सफाई के साथ ही अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं बाढ़ पीड़ितों को आश्वस्त किया कि आपदा की इस घड़ी में डबल इंजन की सरकार उनके साथ है।

मंत्री नन्दी रविवार को बक्शी बांध पहुंचकर वहां से मोटर बोट से दारागंज, बघाड़ा, सलोरी, गोविंदपुर सहित अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। मंत्री नन्दी ने बाढ़ प्रभावित लोगो के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित किए जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने बाढ़ की समस्याओं से निपटने के लिए सभी सम्बंधित विभागों को एलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार एवं प्रशासन की तरफ से बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं की गयी हैं। कहा कि बाढ़ से प्रभावित लोगो की समस्याओं को सुनने व प्रशासन की ओर से की गयी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेने के लिए ही वे बाढ़ से प्रभावित लोगो के बीच आयें है।मंत्री नन्दी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण करने के पश्चात कम्पोजिट स्कूल एलनगंज व रमा देवी गर्ल्स इण्टर कालेज-मीरापुर में बनाये गये बाढ़ राहत केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा वहां पर रह रहे लोगो से बातचीत करते हुए उनसे व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। बाढ़ राहत केन्द्र में रह रहे लोगो से बाढ़ राहत केन्द्र में उन्हें मिल रहे चाय, नाश्ता, खाना, बच्चो के लिए दूध आदि की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान बाढ़ राहत केन्द्र में प्रवास कर रहे लोगों को को मंत्री नन्दी ने खाद्य सामाग्री का वितरण किया। मंत्री नन्दी ने अधिकारियों को बाढ़ राहत केन्द्रों पर भोजन, पानी, प्रकाश, दवाओं सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को चुस्त-दूरूस्त बनाये रखने का निर्देश दिया। बाढ़ राहत केन्द्र में रह रहे लोग बाढ़ का पानी कम होने के पश्चात जब अपने घर जाएं तो वहां पर तत्काल उनको कोई समस्या न हो, उसके लिए मंत्री नन्दी ने उन्हें सूखा राशन की किट भी उपलब्ध करायी।

मंत्री नन्दी ने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए 88 चौकियां, 18 बाढ़ राहत शिविर बनाये गये हैं। जिसमें वर्तमान समय में लगभग 6800 से अधिक लोग रह रहे हैं। बाढ़ से निपटने के लिए एनडीआरएफ व एसडीआरएफ टीम मौके पर तैनात है। साथ ही एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की अतिरिक्त टीम भी शासन के द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। मंत्री नन्दी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन व अधिकारियों की मुस्तैदी के साथ लगे रहने से स्थिति पूरी तरह कंट्रोल में है। मंत्री नन्दी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से ज्यादातर लोग राहत शिविर में आ गये है, कुछ लोग किन्हीं कारणों से नहीं आए हैं उन्हें भी समझाकर बाढ़ राहत शिविर में लाया जा रहा है। मंत्री नन्दी ने कहा कि आपदा के अवसर पर मौका तलाशने वालों, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के ऊपर निगरानी रखी जा रही है तथा ऐसे लोगों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष वर्मा, एडीएम वित्त श्रीमती विनिता सिंह, सीडीओ श्रीमती हर्षिका सिंह. एसडीएम सदर अभिषेक सिंह, डीसीपी नगर अभिषेक भारती एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## हितधारकों को कारोबारी सुगमता प्रदान करेगी प्रस्तावित खनन नीति : गडकरी

**नागपुर, (भाषा)** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि केंद्र द्वारा बनाई जा रही खनन नीति से कारोबार करना आसान हो जाएगा क्योंकि सभी मंजूरियांती न महीने में दे दी जाएंगी ताकि खनन प्रक्रिया चौथे महीने में शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि नई खनन नीति के तहत सभी अड़चनें दूर कर दी जाएंगी। केंद्रीय मंत्री नागपुर में 'भारत एट 100 विदर्भ की विकसित भारत की यात्रा का मार्ग प्रशस्त करता है।

विभिन्न विकासों के बारे में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एक खनन नीति तैयार कर रही है। उन्होंने कहा, "यह खनन नीति हाल ही में मंत्रिमंडल की बैठक में अनुमोदन के लिए आई थी। हालांकि, प्रधानमंत्री इस पर पूरी तरह सहमत नहीं थे और मेरे कुछ सुझाव देने के बाद, उन्होंने मंत्रिमंडलीय सचिव को मेरे साथ नीति पर चर्चा और समीक्षा करने का निर्देश दिया।"

## मास्टरजी ने द्वारका की मनोरोधी सोसाइटी द्वारा आयोजित वैज्ञानिक कार्यक्रम को गौरवान्वित किया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**नई दिल्ली,** मनोरोधी सोसाइटी ऑफ द्वारका द्वारा आईटीसी द्वारका, नई दिल्ली में एक अनोखा और अभूतपूर्व वैज्ञानिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का विषय था 'मनोरोधी एवं नशा-मुक्ति पुनर्वास में चुनौतियाँ, समाधान और नवाचार' और 'आज की मानसिक रोग महामारी में आध्यात्मिकता की भूमिका'।

इस आयोजन का मुख्य आकर्षण मास्टरजी की विशेष सत्र उपस्थिति थी, जो एक प्रसिद्ध आध्यात्मिक और प्रेरणादायक जीवन गुरु हैं। उन्होंने लगभग 17 वर्षों के अपने अनुभव से गहन और व्यावहारिक विचार साझा किए, जिसमें उन्होंने समाज के विविध वर्गों के लोगों के साथ काम किया और उनके जीवन में स्थायी सुख लाया।

मास्टरजी ने प्रतिष्ठित श्रोताओं के साथ एक गहन और संवादात्मक संवाद में भाग लिया, जिसमें दैनिक जीवन में सुख को बनाए रखने के आसपास के विचारोत्तेजक प्रश्नों का उत्तर दिया गया। अपने संबोधन के दौरान, मास्टरजी ने अद्वितीय अवधारणा 'आध्यात्मिकता टैबलेट' की शुरुआत की - एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण जिसका उद्देश्य आज के युवाओं को उनके मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों को पार करने में मदद करना है। उन्होंने जीवन के खेल को समझने के महत्व पर जोर दिया, एक ऐसी समझ जो व्यक्तियों को आसक्ति और इच्छा से मुक्त करती है।

उनके व्याख्यान का एक केंद्रीय विषय आध्यात्मिकता और मनोरोधी का एकीकरण था, जिसे वे दुनिया को अवसाद और अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के अंधकार में और अधिक गिरने से रोकने के लिए आवश्यक मानते हैं।मास्टरजी ने साझा किया कि कई लोगों ने उनके व्याख्यान सुनकर अवसाद से मुक्ति पाई है और सुख की स्थिति में लौट आए हैं।

उन्होंने एक शक्तिशाली रूपक पेश किया, जिसमें उन्होंने आध्यात्मिकता को केंद्र और धर्म को परिधि के रूप में वर्णित किया - आध्यात्मिक जागरूकता के महत्व पर बल दिया। आत्म-जागरूकता, अनासक्ति और आंतरिक शांति पर उनके प्रभावशाली विचारों ने उपस्थित सभी पर एक स्थायी और गहरा प्रभाव छोड़ा। मास्टरजी ने २००७ में आत्मबोध प्राप्त किया और पिछले १६ वर्षों से, उन्होंने लाखों लोगों के साथ एक-एक करके अपने अनुभव साझा किए और देखा कि १० वर्षीय बच्चे से लेकर ८० वर्षीय दादी तक, चार पीढ़ियाँ एक साथ खुशी से झूम रही थीं।

इसी अनुभव के आधार पर उन्होंने अपने ज्ञान को पूरी दुनिया तक पहुंचाने का निर्णय लिया और "मास्टरजी" के नाम से सार्वजनिक मंचों और सोशल मीडिया पर आए। उन्होंने "मिशन ८०० करोड़" के माध्यम से, अर्थात पृथ्वी पर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का लक्ष्य रखा, और उनका नारा है हैप्पीनेस गारंटीड।

जैसा कि मास्टरजी कहते हैं, एक वाणी प्रतिदिन सुनने से सभी दुख दूर रहते हैं। उनकी वाणियाँ उनके यूट्यूब चैनल मास्टरजी पर पूरी तरह से निःशुल्क उपलब्ध हैं।

## अग्रवाल सेवा समाज, मुंबई की वार्षिक साधारण सभा संपन्न




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

अग्रवाल सेवा समाज, मुंबई की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन अग्रसेन भवन, ठाकुरद्वार में किया गया । सभा की अध्यक्षता ट्रस्टी एवं चेयरमैन सुरेश चंद अग्रवाल ने की । ट्रस्टी एवं अध्यक्ष शीतल कुमार अग्रवाल ने पिछली वार्षिक साधारण सभा की बैठक की मिनट्स पढ़कर सुनाई, जिसको सर्व सम्मति से स्वीकृत किया गया । उन्होंने पिछले वर्ष में किये गए सभी जनोपयोगी कार्यों की जानकारी दी, जिसकी सभी उपस्थित सदस्यों ने सराहना की तथा इसी प्रकार के कार्यों को निरंतर करते रहने के लिए आग्रह किया ।ट्रस्टी एवं महासचिव आनन्द प्रकाश गुप्ता (मित्तल) ने पिछले वर्ष 2024 - 25 का आडिट किया हुआ आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया, जिसको सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया ।तत्पश्चात सभी ने महामंत्री से निवेदन किया, इसको आयकर एवं चैरिटी कमीशनर आफिस में दाखिल कर दिया जाय ।

सभा में पैट्रन ट्रस्टी सुरेश चंद अग्रवाल, महेश बंसीधर अग्रवाल, नीता सिंघल, किशनबिहारी कागजी, दिनेश अग्रवाल को सम्मानित किया गया । सभा का संचालन करते हुए ट्रस्टी कानबिहारी अग्रवाल ने जानकारी दी कि अग्रवाल सेवा समाज का आगामी महाराजा अग्रसेन जयंती शोभा यात्रा सोमवार, 22 सितंबर, 2025 को सांय 4 बजे से अग्रसेन भवन, ठाकुरद्वार से भाटिया महाजनवाडी, कालबादेवी रोड और सांस्कृतिक कार्यक्रम सुनीत शाह, तृप्ति इवेंट द्वारा शुक्रवार, 26 सितंबर रात्रि 6 बजे से नेहरू सेंटर, वर्ली में आयोजित किया जायेगा । ट्रस्टी एवं संयुक्त मंत्री अरुण बूबना और अजय कोकड़ा ने सभा को बताया कि कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी आमंत्रण कार्ड के माध्यम से सभी सदस्यों को प्रेषित की जायेगी तथा आग्रह किया की सभी को उपस्थित रहकर आयोजन को गरिमापूर्ण बनाना है । सभा में ट्रस्टी एवं उपाध्यक्ष गोपाल जिंदल, विनोद तिलकराज अग्रवाल, ट्रस्टी बृजबिहारी डी. मित्तल, देवेन्द्र अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, बी. के. अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे । भीमसेन शास्त्री ने सभी जलपान आदि की व्यवस्था की और सभी का आभार व्यक्त किया ।

## जैन आचार्य लोकेश जी ने मालेगांव ब्लास्ट केस पर फैंसले का स्वागत किया



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुंबई विशेष न्यायालय का आज का फैसला सत्य न्याय व धर्म की जीत है – आचार्य लोकेश दिल्ली 31 जुलाई 2025: अहिंसा विश्व भारती एवं विश्व शांति केंद्र के संस्थापक जैन आचार्य लोकेश जी ने मालेगांव ब्लास्ट पर मुंबई विशेष अदालत के फैसले का स्वागत करते हुये कहा कि यह फैसला सत्य, न्याय व धर्म की जीत है । आज फैसले पर आयोजित टीवी चर्चाओं में भाग लेते हुए आचार्य लोकेशजी ने कहा कि सत्यमेव जयते ! हिंसा से दूर रहें वह हिंदू हैं। भगवा त्याग एवं शौर्य का प्रतीक है ।पूज्य आचार्य लोकेशजी ने कहा कि भारत का लोकतंत्र संविधान से चलता है न्यायालय पर हमे पूर्ण विश्वास है, हम इस फैसले का स्वागत करते हैं ।विश्व शांतिदूत आचार्य लोकेशजी कहा कि सनातन हिन्दू वसुधैव कुटुम्बकम् में विश्वास करता है सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया उसका आदर्श है आध्यात्म त्याग व तपस्या का शीर्ष आयाम है, जो इस मार्ग को अपना लेते हैं वो मानव कल्याण, विश्व शांति व प्रकृति संरक्षण के लिए सदैव समर्पित रहते है । ऋषि- मुनियों व संतों के योगदान से भारत भूमि पर मानव सेवा व विश्व कल्याण की अनेक गतिविधियाँ संचालित होती है । भगवा पवित्रता और त्याग के प्रतीक है।

# वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने श्रीनगर हवाई अड्डे पर चार कर्मचारियों से मारपीट की; प्राथमिकी दर्ज

**श्रीनगर/नयी दिल्ली, (भाषा)** पुलिस ने पिछले हफ्ते श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक निजी एयरलाइन के चार कर्मचारियों पर कथित तौर पर हमला करने और उन्हें घायल करने के आरोप में एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। हमले में एक कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया है। अधिकारियों ने रविवार को यहां यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि 26 जुलाई को सेना अधिकारी द्वारा अतिरिक्त सामान शुल्क के भुगतान को लेकर हुए विवाद के बाद स्पाइसजेट एयरलाइन के कर्मचारियों पर हमला करने के आरोप में लेफ्टिनेंट कर्नल आर के सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115 के तहत मामला दर्ज किया गया है। बीएनएस की धारा 115 किसी अन्य व्यक्ति को स्वेच्छा से चोट पहुंचाने के अपराध से संबंधित है ।वर्तमान में बारामूला जिले के गुलमर्ग स्थित सेना के हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल (एचएडब्ल्यूएस) में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल सिंह, स्पाइसजेट की दिल्ली जाने वाली उड़ान में सवार होने वाले थे, जब यह घटना घटी। घटना के बारे में पूछे जाने पर, सेना के अधिकारियों ने कहा कि प्राधिकारियों को पूर्ण सहयोग दिया जा रहा है। वे लंबित जांच के निष्कर्ष का इंतजार कर रहे हैं और सेना देश भर के सभी नागरिक स्थानों पर अनुशासन और आपसी सम्मान बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। श्रीनगर के जनसंपर्क अधिकारी (रक्षा) ने एक बयान में कहा कि सेना अनुशासन और आचरण के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी आरोपों को गंभीरता से लेती है।

यह घटना कैमरे में कैद हो गई और सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में गुस्साए सैन्य अधिकारी को कई एयरलाइन कर्मचारियों को लोहे के स्टैंड से पीटते हुए दिखाया गया है ।एयरलाइन ने घटना के बारे में एक विस्तृत बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि हमले के चार पीड़ितों में से एक को रीढ़ की हड्डी में चोट आई है।

एयरलाइन ने यह भी कहा कि उसने नागर विमानन नियमों के अनुसार यात्री को नो-फ्लाई सूची में डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है ।स्पाइसजेट ने बयान में कहा, "छब्बीस जुलाई, 2025 को श्रीनगर से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या एसजी-386 के बोर्डिंग गेट पर एक यात्री ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों पर गंभीर हमला किया। घूंसे, बार-बार लात मारने और कतार वाले स्टैंड के हमले से हमारे कर्मचारियों की रीढ़ की हड्डी टूट गई और जबड़े में गंभीर चोटें आईं।"

एयरलाइन के अनुसार, एक कर्मचारी बेहोश होकर ज़मीन पर गिर पड़ा, लेकिन यात्री उसे लात-घूंसों से पीटता रहा।

कंपनी ने कहा, "एक अन्य कर्मचारी के जबड़े पर ज़ोरदार लात लगने से उसकी नाक और मुंह से खून बहने लगा, जब वह बेहोश हुए अपने सहकर्मी की मदद के लिए नीचे झुका था।"स्पाइसजेट ने कहा कि यात्री, जो एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी था, दो केबिन बैगेज ले जा रहा था, जिनका कुल वज़न 16 किलोग्राम था, जो सात किलोग्राम की अनुमत सीमा से दोगुना से भी ज़्यादा था।

बयान के अनुसार, "जब यात्री को विनम्रतापूर्वक अतिरिक्त सामान के बारे में बताया गया और लागू शुल्क का भुगतान करने के लिए कहा गया, तो उसने इनकार कर दिया और बिना बोर्डिंग प्रक्रिया पूरी किए ही ज़बरदस्ती एयरोब्रिज में घुस गया - जो विमानन सुरक्षा प्रोटोकॉल का स्पष्ट उल्लंघन था। सीआईएसएफ के एक अधिकारी ने उसे वापस गेट तक पहुंचाया।"

एयरलाइन ने कहा कि गेट पर यात्री का व्यवहार और भी आक्रामक हो गया। फिलहाल यह पता नहीं चल सका कि घटना के बाद यात्री को हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया गया था या नहीं।

स्थानीय पुलिस में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है और एयरलाइन ने नागर विमानन नियमों के अनुसार यात्री को नो-फ्लाई सूची में डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्पाइसजेट ने नागर विमानन मंत्रालय को भी पत्र लिखकर "अपने कर्मचारियों पर हुए जानलेवा हमले के बारे में जानकारी दी है और यात्री के खिलाफ उचित कार्रवाई का अनुरोध किया है।"

एयरलाइन ने कहा कि उसने हवाईअड्डा अधिकारियों से घटना की सीसीटीवी फुटेज हासिल कर ली है और उसे पुलिस को सौंप दिया है। सेना के अधिकारियों ने कहा कि यह मामला भारतीय सेना के संज्ञान में आया है और 'हम लंबित जांच के निष्कर्ष की प्रतीक्षा कर रहे हैं।"

## एयर इंडिया ने तकनीकी समस्या के कारण सिंगापुर-चेन्नई उड़ान रद्द की

**नयी दिल्ली, (भाषा)** एयर इंडिया ने रविवार को तकनीकी खराबी के कारण सिंगापुर से चेन्नई जाने वाली अपनी उड़ान रद्द कर दी। उड़ान संख्या एआई349 को एयरबस ए321 से संचालित किया जाना था। एयरलाइन ने रविवार को एक बयान में कहा कि सिंगापुर से चेन्नई जाने वाली उड़ान संख्या एआई349 को प्रस्थान से पहले मिले एक रखरखाव कार्य के कारण रद्द कर दिया गया है, जिसके सुधार के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता थी।

एयर इंडिया ने कहा, "यात्रियों को जल्द से जल्द चेन्नई पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। होटल में ठहरने की व्यवस्था की जा रही है, और रद्दीकरण पर पूरा पैसा वापस किया जा रहा है, या यात्रियों को उनकी पसंद के आधार पर मानार्थ पुनर्निर्धारण की सुविधा भी दी जा रही है।" एयरलाइन के अनुसार, सिंगापुर में जमीनी रखरखाव वाले कर्मचारी इस अप्रत्याशित व्यवधान के कारण यात्रियों को होने वाली असुविधा को कम करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। हाल के दिनों में, एयर इंडिया के कुछ विमानों में तकनीकी खराबी आई है।

## दिल्ली अग्रोहा विकास ट्रस्ट के पदाधिकारी सुशीला देवी गोयल के निधन पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे





दिल्ली अग्रोहा विकास ट्रस्ट के संरक्षक श्री गनपत गोयल जी की धर्मपत्नी के दुखद निधन पर दिल्ली अग्रोहा विकास ट्रस्ट परिवार शोकसंतप्त है। कल दोपहर 2:30 बजे ट्रस्ट की कार्यकारिणी के सदस्यों ने श्री गनपत गोयल जी के निवास (2/52, ईस्ट पंजाबी बाग, दिल्ली) पर पहुँचकर उन्हें और उनके परिवार को सांत्वना प्रदान की तथा दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को यह वियोग सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# इंडियन सोसायटी ऑफ़ ऑथर्स की आमसभा आयोजित



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

इंडियन सोसायटी ऑफ़ ऑथर्स (InSA) की वार्षिक आमसभा का आयोजन विगत दिनों जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली के वाणिज्य एवं व्यावसायिक अध्ययन विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई ।बैठक की अध्यक्षता इंडियन सोसायटी ऑफ ऑथर्स (InSA) के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री सुरेश उनियाल ने की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री राजन पाराशर एवं डॉ. सुरेश चन्द, राष्ट्रीय महासचिव मंचासीन थे।

अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री सुरेश उनियाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि इंडियन सोसायटी ऑफ ऑथर्स प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों का आयोजन करने पर विचार कर रही है। इन कार्यक्रमों से भारतीय साहित्य, कला, संस्कृति एवं साहित्यिक संवाद को बढ़ावा मिलेगा, और रचनाकारों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा ।वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री राजन पाराशर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का लेखाजोखा प्रस्तुत किया।

डॉ. सुरेश चंद ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि सक्रिय रूप से जुड़कर साहित्य, कला एवं भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए हमें प्रयास करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि हमें विश्वास है कि इंडियन सोसायटी ऑफ ऑथर्स की यह आमसभा साहित्यिक प्रतिबद्धता और रचनात्मक समर्पण का प्रतीक बनेगी ।आमसभा में इंसा द्वारा नियमित रूप से की जाने वाली गतिविधियों पर चर्चा हुई ।कुछ सदस्यों ने सुझाव दिया कि संस्था सदस्यों को पहचान पत्र (आईडी कार्ड) जारी किया जाना चाहिए।

तत्पश्चात नए युवा सदस्यों का परिचय कराया गया। इन नवागत सदस्यों ने साहित्य, समाज और देश के हितार्थ सक्रिय रूप से साहित्य सृजन का आश्वासन दिया ।कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर देवेंद्र दुसिया ने आमंत्रित अतिथियों, वक्ताओं, इंसा के सदस्यों और जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली के वाणिज्य एवं व्यावसायिक अध्ययन विभाग के प्रबंधन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आठ वर्षीय बच्चे के अपहरण और हत्या का दोषी दर्जी 26 साल बाद दिल्ली में गिरफ्तार

**नयी दिल्ली,** (भाषा) वर्ष 1993 में आठ साल के एक बच्चे का अपहरण करके उसकी हत्या करने के दोषी एक व्यक्ति को 26 साल से ज्यादा समय तक फरार रहने के बाद दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात निवासी राज किशोर (55) उर्फ बड़े लल्ला के रूप में पहचाने गए आरोपी को 1996 में एक व्यापारी के बेटे की नृशंस हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) संजीव कुमार यादव ने कहा, ''बाद में उसे 1999 में दिल्ली उच्च न्यायालय ने छह हफ्ते की पैरोल दी थी, लेकिन वह कभी जेल नहीं लौटा।''

अधिकारी ने बताया कि कई साल तक कानून से बचने और 2014 में अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किए जाने के बाद किशोर को आखिरकार दो अगस्त को गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस के अनुसार, यह घटना 28 दिसंबर, 1993 को हुई थी जब किशोर और उसके साथी ने



कल्याणपुरी से एक कपड़ा कारखाने के मालिक के बेटे का अपहरण कर लिया था।

इसके बाद, आरोपियों ने बच्चे के पिता से 30,000 रुपये की फिरौती मांगी और लड़के की सकुशल वापसी का वादा किया।

पुलिस ने बताया कि पैसे मिलने के बाद आरोपियों ने बच्चे का गला घोंट दिया और उसके शव को कल्याणपुरी इलाके के एक नाले में फेंक दिया।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने कहा, ''यह मामला कल्याणपुरी थाने में दर्ज किया गया था। जांच और सुनवाई के बाद राज किशोर को 1996 में कड़कड़डूमा सत्र न्यायालय ने दोषी ठहराया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई।''

किशोर तिहाड़ जेल में बंद था लेकिन 1999 में पैरोल पर जेल से बाहर आने के बाद दोबारा जेल नहीं लौटा। इसके बाद वह गिरफ्तारी से बचने के लिए अपना ठिकाना बदलता रहा।

वह चार साल पटना में रहा और लगभग 13 साल जयपुर में रहा तथा फिर तीन साल पंजाब के बरनाला में रहा।

पुलिस ने बताया कि इस दौरान वह छोटे-मोटे काम करता रहा और कम ही लोगों से मिलता-जुलता था तथा कभी-कभार वह कानपुर देहात स्थित अपने पैतृक गांव भी जाता था।

डीसीपी ने कहा, ''कोविड-19 महामारी के दौरान वह स्थायी रूप से कानपुर लौट आया और एक नयी पहचान के साथ सिलाई करने का काम शुरू किया।''

अधिकारी ने कहा कि योजना के तहत पुलिस उसे उसके ठिकाने से बाहर निकालने में कामयाब रही तथा गाजियाबाद में उसे गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि 1993 में हुए अपराध में किशोर का सहयोगी पहले ही अपनी सजा पूरी कर चुका है।

## संसद में गतिरोध के बीच सरकार विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाने पर कर रही विचार

नयी दिल्ली, (भाषा) संसद में जारी गतिरोध के बीच सरकार सोमवार को लोकसभा में एक महत्वपूर्ण खेल विधेयक को पारित कराने पर जोर दे सकती है, क्योंकि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा की विपक्ष की एकजुट मांग को सत्तारूढ़ गठबंधन से सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

निचले सदन ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक को विचार एवं पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है, जिसमें खेल निकायों के कामकाज में अधिक पारदर्शिता की परिकल्पना की गई है। राज्यसभा ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को 13 अगस्त से छह महीने के लिए बढ़ाने संबंधी गृह मंत्री अमित शाह के प्रस्ताव को सोमवार को पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया है।

पहलगाम आतंकी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दोनों सदनों में दो दिवसीय चर्चा को छोड़कर, 21 जुलाई को मानसून सत्र शुरू होने के बाद से संसदीय कार्यवाही लगभग ठप रही है, क्योंकि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मुद्दा विपक्षी दल लगातार उठा रहे हैं।

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' इस मुद्दे पर एकजुट हो गया है और आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग की इस कवायद का उद्देश्य उसके एजेंडे के प्रति सहानुभूति रखने वाले मतदाताओं को हटाना और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन



(राजग) की संभावनाओं को बढ़ावा देना है।

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि वह राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रक्रिया लागू करेगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल पात्र मतदाताओं को ही वोट डालने की अनुमति दी जाए। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग पर ''वोट चोरी'' का आरोप लगाते हुए आयोग की तीखी आलोचना की है। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को एक बयान में गांधी के आरोपों को ''निराधार'', ''अप्रमाणित'' और ''भ्रामक'' बताते हुए खारिज कर दिया था।

संसद में एसआईआर पर चर्चा की मांग के संबंध में सरकार द्वारा कोई ध्यान न दिए जाने के कारण विपक्ष संसद में लगातार इस पर प्रदर्शन कर रहा है, जिसके कारण बार-बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ रही है।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा है कि विपक्ष की मांग पर नियमों के अनुसार निर्णय लेना दोनों सदनों के अध्यक्ष का काम है।

हालांकि, उन्होंने हाल में बलराम जाखड़, जो 1980 से 1989 के बीच लोकसभा अध्यक्ष थे, के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सदन निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था के कामकाज पर बहस नहीं कर सकता, जिससे यह पता चलता है कि सरकार विपक्ष की मांग को अस्वीकार करती है। इस संबंध में एक प्रमुख सरकारी पदाधिकारी ने कहा कि यदि संसद में व्यवधान के कारण सरकार का एजेंडा बाधित होता रहा तो वह शोरगुल के बावजूद अपने प्रमुख विधेयकों को पारित कराने का प्रयास करेगी।

रीजीजू ने शुक्रवार को कहा था कि एसआईआर निर्वाचन आयोग के कार्यक्षेत्र का हिस्सा है। उन्होंने कहा, ''यह पहली बार नहीं है जब निर्वाचन आयोग ऐसा कर रहा है। संसद निर्वाचन आयोग के प्रशासनिक कार्यों पर चर्चा कर सकती है या नहीं, यह नियमों के अनुसार अध्यक्ष को तय करना है।'' उन्होंने कहा कि चर्चा में शामिल मुद्दे से संबंधित मंत्री आम तौर पर सदस्यों द्वारा उठाई गई चिंताओं का जवाब देते हैं, और आश्चर्य व्यक्त किया कि संवैधानिक रूप से स्वायत्त निकाय, निर्वाचन आयोग के मामले में ऐसा कौन कर सकता है। रीजीजू ने कहा था कि जो नियम और परंपरा के अनुकूल नहीं है, उस पर चर्चा नहीं की जा सकती।

लोकसभा में विचार और पारित होने के लिए सूचीबद्ध एक अन्य विधेयक राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक है।

## 'सी बकथॉर्न' और कुट्टू के बीज अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर प्रयोग का हिस्सा बने

नयी दिल्ली, (भाषा) लद्दाख के ठंडे क्षेत्र में उगाए गए 'सी बकथॉर्न' और कुट्टू के बीज, नासा के क्रू-11 मिशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर किए जाने वाले प्रयोगों का हिस्सा हैं।

पांच महाद्वीपों के 11 देशों से प्राप्त बीज, अमेरिका स्थित जैव अंतरिक्ष विज्ञान फर्म 'जगुआर स्पेस' द्वारा किए जा रहे अध्ययन का हिस्सा हैं, जिसकी योजना बीजों को एक सप्ताह तक सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण स्थितियों में रखने की है।

ये बीज ''अंतरिक्ष के लिए कृषि'' पेलोड का हिस्सा हैं, जो नासा के क्रू-11 के साथ आईएसएस के लिए उड़ान भर चुका है। ये मिशन शुक्रवार को फ्लोरिडा से उड़ान भरकर शनिवार को कक्षीय प्रयोगशाला में पहुंचा था।

ये बीज क्रू-10 द्वारा वापस लाए जाएंगे, जिसके इस महीने के अंत में पृथ्वी पर लौटने की उम्मीद है।

लद्दाख में उगाए गए ये बीज बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष स्टार्टअप 'प्रोटोप्लेनेट' द्वारा प्राप्त किए गए थे।

'प्रोटोप्लेनेट' के निदेशक सिद्धार्थ पांडे ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हम अध्ययन करेंगे कि ये बीज सूक्ष्म-गुरुत्वाकर्षण स्थितियों पर कैसे प्रतिक्रिया करते हैं। साथ ही लंबी अवधि के अंतरिक्ष अभियानों के लिए खाद्य स्रोत के रूप में उनके संभावित उपयोग का अध्ययन करेंगे।''

पांडे ने बताया कि प्रोटोप्लेनेट ने 'सी बकथॉर्न' और हिमालयी कुट्टू जैसे पोषक तत्वों से भरपूर पौधे प्रदान किए हैं, जो ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं। हिमालयी कुट्टू एक प्रकार का अनाज है जो पोषक तत्वों से भरपूर और ग्लूटेन-मुक्त होता है।

अंतरिक्ष से लौटने पर, इन बीजों का अध्ययन भारतीय शोधकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। मालदीव, अर्जेंटीना, ब्राजील, कोस्टा रिका, ग्वाटेमाला, नाइजीरिया, आर्मेनिया, मिस्र, पाकिस्तान और नाइजीरिया के बीज इस प्रयोग का हिस्सा हैं।

## कांग्रेस ने भाजपा शासित राज्यों में महिला सुरक्षा पर चिंता जताई, त्वरित अदालतों की मांग की

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध की हालिया घटनाओं को लेकर रविवार को पार्टी पर निशाना साधा और पीड़ित परिवारों के लिए उचित मुआवजे एवं सुरक्षा तथा ऐसे मामलों से निपटने के लिए त्वरित अदालतों की मांग की।

कांग्रेस की महिला इकाई की अध्यक्ष अलका लांबा ने ओडिशा की 15 वर्षीय लड़की की मौत को लेकर भाजपा पर हमला बोला, जिसे पुरी जिले में तीन अज्ञात बदमाशों ने कथित तौर पर आग लगा दी थी।

दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में इलाज के दौरान लड़की की इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''आप अपराधियों को पकड़ने और उन्हें सजा दिलाने में विफल रहे। बेटी की मौत हो गई और आज पुलिस कह रही है कि इसमें कोई शामिल नहीं था।''

लांबा ने यह भी कहा कि मध्यप्रदेश में विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस



विधायक आरिफ मसूद ने पूछा था कि 2022 से 2024 तक राज्य में एससी-एसटी समुदाय की कितनी महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ, और जवाब मिला कि 7,418 महिलाओं के साथ ऐसा हुआ।

उन्होंने कहा, ''ओडिशा की एक लड़की की मौत हो गई। इससे पहले फकीर मोहन कॉलेज में पढ़ने वाली एक लड़की ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था, लेकिन उसे न्याय नहीं मिला। उसने खुद को आग लगा ली। उस लड़की की भुवनेश्वर में मौत हो गई और अब 15 साल की एक लड़की की दिल्ली एम्स में मौत हो गई।''

लांबा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में धर्म के नाम पर पुलिस ने ईसाई मिशनरियों से जुड़ी बहनों को गिरफ्तार किया।

कांग्रेस नेता ने एक पोस्टर की तस्वीर दिखाते हुए कहा, ''आज हम एक बार फिर शर्मिंदा हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह राज्य अहमदाबाद में ट्रैफिक पुलिस ने एक शर्मनाक पोस्टर लगाया है, जिसमें लिखा है कि गुजरात में बेटियों को घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। अगर वे रात में बाहर निकलती हैं और किसी पार्टी में जाती हैं, तो उनके साथ बलात्कार हो सकता है।''

उन्होंने कहा, ''अब मैं कर्नाटक के मामले पर आती हूँ। प्रज्वल रेवन्ना को बलात्कार का दोषी ठहराया गया है। आप जानते हैं कि प्रज्वल रेवन्ना सामूहिक बलात्कारी है... प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उसके लिए प्रचार किया था और वोट मांगे थे।''

लांबा ने कहा, ''लेकिन आज मुझे आपको यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि राहुल गांधी जी ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया और कर्नाटक की कांग्रेस सरकार से कहा कि वह किसी दबाव में न आए, क्योंकि प्रज्वल रेवन्ना को दो प्रधानमंत्रियों का समर्थन प्राप्त है... एक पूर्व और एक वर्तमान। रेवन्ना को अब आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।'' उन्होंने कहा कि देश में महिला सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा है और इसीलिए महिला कांग्रेस अपना 'न्याय मार्च' जारी रखेगी। लांबा ने कहा, ''पुलिस न्याय की मांग को कुचलने की कोशिश कर रही है, लेकिन हम रुकने वाले नहीं हैं। महिला कांग्रेस ने पीड़ितों के लिए न्याय और दोषियों को सजा सुनिश्चित करने का फैसला किया है।''

## सशस्त्र लूट के मामले में वांछित व्यक्ति गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पुलिस ने सशस्त्र लूट के एक मामले में वांछित 24 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर लिया है, जो पिछले पांच महीने से फरार था। यह जानकारी एक अधिकारी ने रविवार को दी।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू सीलमपुर निवासी अरबाज के रूप में हुई है और वह इस साल फरवरी में कोतवाली पुलिस थाने में दर्ज लूटपाट के एक मामले में वांछित था।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''घटना के बाद से वह फरार था। 22 फरवरी की रात न्यू उस्मानपुर के रहने वाले शिकायतकर्ता राजू कमला मार्केट से ऑटोरिक्शा में घर लौट रहा था। उसके साथ लूटपाट की यह घटना उसी दौरान शांतिवन रेड लाइट के पास हुई।''

उन्होंने बताया, ''रात करीब साढ़े नौ बजे बजे, चालक ने शौच जाने की बात कहकर वाहन रोका, जिसके बाद ऑटो में सवार दो अन्य लोगों ने राजू को ब्लेड से धमकाकर उसका मोबाइल फोन, 10,000 रुपये नकद और अन्य सामान लूट लिया।''

पुलिस ने बताया कि अमन और रहीम नामक दो आरोपियों को घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि अरबाज भागने में सफल रहा और तब से वह फरार था।

पुलिस ने कहा कि फरार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की एक टीम गठित की गई और अरबाज की गतिविधियों तथा संभावित ठिकानों की जांच की गई।

पुलिस ने बताया कि टीम ने निगरानी के बाद सीलमपुर में जीरो पुस्ता रोड के पास छापा मारा और अरबाज को पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान अरबाज ने लूटपाट में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए वह बार-बार अपना स्थान बदल रहा था। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## कर्नल हमला मामला: सीबीआई को जांच सौंपने के खिलाफ याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें मार्च में पार्किंग विवाद को लेकर पंजाब पुलिस कर्मियों द्वारा एक कर्नल पर कथित हमले की जांच सीबीआई को स्थानांतरित कर दी गई थी।

कथित घटना 13 और 14 मार्च की मध्य रात्रि को हुई जब कर्नल पुष्पिंदर सिंह बाथ और उनका बेटा पटियाला में सड़क किनारे एक ढाबे पर खाना खा रहे थे।

न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ इस मामले की सुनवाई कर सकती है। कर्नल बाथ ने अधिवक्ता सुमीर सोढ़ी के माध्यम से शीर्ष अदालत में एक 'कैविएट' भी दायर की है।

कैविएट किसी पक्ष द्वारा उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की जाती है कि उसे सुने बिना कोई आदेश पारित न किया जाए।

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने मार्च में पार्किंग विवाद को लेकर पंजाब पुलिस कर्मियों द्वारा कर्नल पर कथित हमले की जांच 16 जुलाई को सीबीआई को सौंप दी थी।

इससे दो दिन पहले उच्च न्यायालय ने मामले



की जांच को लेकर चंडीगढ़ पुलिस को फटकार लगायी थी।

उच्च न्यायालय ने तीन अप्रैल को मारपीट के इस मामले की जांच चंडीगढ़ पुलिस को सौंपी थी और उसे चार महीने के भीतर जांच पूरी करने का निर्देश दिया था।

याचिकाकर्ता ने दलील दी कि चंडीगढ़ पुलिस मामले में स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच करने में ''विफल'' रही है।

यह जांच चंडीगढ़ के पुलिस अधीक्षक मंजीत श्योराण के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल कर रहा था।

याचिका में कहा गया है, ''इस मामले की जांच तीन अप्रैल 2025 को चंडीगढ़ पुलिस को सौंपी गयी थी, लेकिन यह अत्यंत निराशा के साथ कहना पड़ रहा है कि प्राथमिकी दर्ज होने के साढ़े तीन महीने से ज़्यादा और चंडीगढ़ पुलिस को जांच सौंपे जाने के तीन महीने बीत जाने के बावजूद, अब तक न तो एक भी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और न ही किसी आरोपी को जांच से संबद्ध किया गया है।''

कर्नल बाथ ने पार्किंग विवाद को लेकर पंजाब पुलिस के 12 कर्मियों पर उन पर और उनके बेटे पर हमला करने का आरोप लगाया था तथा इस मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी, विशेषकर सीबीआई को, सौंपने का अनुरोध किया था।

उन्होंने आरोप लगाया था कि पंजाब पुलिस के चार निरीक्षक स्तरीय अधिकारियों और उनके हथियारबंद अधीनस्थों ने बिना किसी उकसावे के उन पर और उनके बेटे पर हमला किया, उनका पहचान पत्र और मोबाइल फोन छीन लिया और उन्हें ''फर्जी मुठभेड़'' की धमकी दी तथा यह सब सार्वजनिक रूप से किया गया एवं उस स्थान पर हुआ जहां सीसीटीवी कैमरे लगे थे।

चंडीगढ़ पुलिस को जांच सौंपे जाने से पहले बाथ ने आरोप लगाया था कि पंजाब पुलिस के अधीन निष्पक्ष जांच संभव नहीं है।

## पूर्वोत्तर के छात्रों पर चाकू से हमला करने के आरोप में तीन व्यक्ति गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने यहां के विजय नगर इलाके में पूर्वोत्तर के दो छात्रों पर चाकू से हमला करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया और एक किशोर को पकड़ा है। यह जानकारी एक अधिकारी ने रविवार को दी।

यह घटना 31 जुलाई को सुबह लगभग चार बजे घटी, जब पीड़ित जेरी और शेफर्ड (दोनों मणिपुर के निवासी हैं और पढ़ायी के लिए दिल्ली में रहे रहे हैं) एक दुकान से पानी खरीद रहे थे।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पश्चिम) भीष्म सिंह ने बताया, ''मोटरसाइकिल सवार चार लोग कथित तौर पर उनके पास आए और झगड़ा शुरू कर दिया। इस दौरान एक आरोपी ने जैरी के पेट में और शेफर्ड को चाकू मार दिया। दोनों को उनके एक दोस्त ने अस्पताल पहुंचाया।'' उन्होंने बताया कि पीड़ितों को गंभीर चोटें आई हैं।

मॉडल टाउन थाने में एक मामला दर्ज किया गया और घटना की जांच



के लिए एक टीम गठित की गई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली, कॉल डिटेल रिकॉर्ड का विश्लेषण किया और अपराधियों की पहचान के लिए स्थानीय सूत्रों को सक्रिय किया।

डीसीपी ने बताया, ''छापेमारी के बाद आरोपी कृष्णा और कृष्णा कश्यप को गिरफ्तार कर लिया गया। एक किशोर को भी पकड़ा गया। दोनों कृष्णा और कश्यप का कोई पिछला आपराधिक इतिहास नहीं है।''

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने कथित तौर पर अपना अपराध कबूल कर लिया।

अधिकारी ने बताया कि चौथे आरोपी की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

### दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में चोरी के 34 मोबाइल बरामद महिला गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में 32 वर्षीय एक महिला को चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और उसके पास चोरी के 34 मोबाइल फोन और एक टैबलेट जब्त किया गया है।


**खोया-पाया**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2008 के अनुक्रमांक 0653617 के अंकपत्र और प्रमाणपत्र वास्तव मे खो गये है। **पियुष अग्रवाल पुत्र अनिल कुमार अग्रवाल मौहल्ला गढी पोस्ट व निवास मंडी धनौरा जनपद अमरोहा यूपी**

**NOTICE**

I, Manga China Talli Bojja legally wedded spouse of JC-432590L Sub Clk Uma Maheswara Rao Bojja presently residing at H.No 32-6-23, Vill. Nathayyapalem P.O: B.H.P.V Teh: Gajuwaka, Distt: Visakhapatnam (Andhra Pradesh), Pin-530012 have changed my name from Manga China Talli Bojja to Bojja Manga Chinna Thalli vide affidavit dated 01 Aug 2025 before Public Notary Vepagunta, Visakhapatnam (Andhra Pradesh).

**NOTICE**

I, Sita Laxmi B, mother of JC-432590L Sub Clk Uma Maheswara Rao Bojja presently residing at H.No 32-6-23, Vill. Nathayyapalem P.O: B.H.P.V Teh: Gajuwaka, Distt: Visakhapatnam (Andhra Pradesh), Pin-530012 have changed my name from Sita Laxmi B to Bojja Seetha Mahalakshmi vide affidavit dated 01 Aug 2025 before Public Notary Vepagunta, Visakhapatnam (Andhra Pradesh).


## प्रकृति की बराबरी नहीं कर सकतीं मानव विकसित सर्वोत्तम प्रौद्योगिकियां: डा. अजय कुमार सोनकर

नयी दिल्ली, (भाषा) समुद्री जीवविज्ञानी और पद्मश्री से सम्मानित डा. अजय कुमार सोनकर का कहना है कि मानव द्वारा विकसित सर्वोत्तम प्रौद्योगिकियां भी प्रकृति की बराबरी नहीं कर सकतीं। उनके प्रयोगों से पता चलता है कि वैज्ञानिक रूप से उन्नत, लेकिन नियंत्रित वातावरण में उगाए गए सीपों को, प्राकृतिक वातावरण में उगाए गए सीपों की तुलना में जीवित रहने के लिए संघर्ष करना पड़ता है।

डॉ. सोनकर ने इस शोध के दौरान दो समूहों में समुद्री मोती उत्पादक सीपों को प्रयोगशाला में दो प्रकार के वातावरण में पाल कर यह सिद्ध कर दिखाया कि जब एक समूह को अत्याधुनिक मानव निर्मित तकनीकों से सुसज्जित किया गया और दूसरे को केवल समुद्र की प्राकृतिक गोद का वातावरण दिया गया-तो इसमें जीत प्रकृति की हुई। उन्होंने बताया कि सीपों की दो प्रजातियों: 'पिंकटाडा मार्गेरिटीफेरा' और 'टीरिया पेंग्विन' को अंडमान द्वीपों से लिया गया था। समुद्री जीवविज्ञानी ने मत्स्य पालन पत्रिका 'इन्फोफिश इंटरनेशनल' के मई अंक में प्रकाशित एक लेख में बताया कि एक समूह को नियंत्रित, कृत्रिम वातावरण में - वैज्ञानिक प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके विकसित किया गया - तथा दूसरे समूह को प्राकृतिक समुद्री वातावरण में पाला गया।

पहले समूह का वातावरण पूरी तरह से नियंत्रित वातावरण था जिसमें सटीक बायोफिल्ट्रेशन, यांत्रिक जल प्रवाह, वालन माध्यम में उगाई गई माइक्रोएल्गी (सीप का भोजन), नियंत्रित क्षारीय तत्वों की उपलब्धता और नियंत्रित तापमान तथा सीमित सूक्ष्मजीव संपर्क जैसे वातावरण को सृजित किया गया।

दूसरे समूह को एक प्रारंभिक सर्जरी के उपरांत देखभाल के बाद, पूरी तरह से प्राकृतिक समुद्री लय के हवाले कर दिया गया। इस टैंक में गहराई से लिया गया अपरिष्कृत समुद्री जल निरंतर प्रवाहित किया गया। न कोई कृत्रिम फ़िल्टर, न




कोई रासायनिक पोषण था। यहां केवल प्रकृति थी, जैसी वह है।

पद्मश्री पुरस्कार विजेता डा. सोनकर ने बताया कि नतीजे चौंकाने वाले थे। उन्होंने पाया कि जहाँ सर्वोत्तम वैज्ञानिक देखरेख दी गई, उसमें केवल 55 प्रतिशत जीवित रहने की दर दर्ज की गई, और तैयार मोतियों में से अधिकतर विकृत, धब्बेदार और कमजोर संरचना वाले थे। वहीं प्राकृतिक समुद्र की जटिल पारिस्थितिकी में विकसित हुए सीपों का दूसरा समूह उस वातावरण में मोतियों की संरचना कर रहा था, जहाँ मूल निवासी सूक्ष्मजीव और लाभकारी फेज़ (बैक्टेरियोफेज)विद्यमान थे, उसमें 98 प्रतिशत जीवन प्रत्याशा और 119 मोती प्राप्त हुए। इनमें से लगभग 60 प्रतिशत मोती उच्चतम गुणवत्ता के थे। डॉ. सोनकर ने स्पष्ट किया कि यह मात्र परिणामों का अंतर नहीं था, यह एक विचारशील उद्घाटन था। उन्होंने इसके बारे में एक ही टिप्पणी की, ''कोई प्रयोगशाला, कोई कृत्रिम वातावरण, चाहे वह कितना भी उन्नत क्यों न हो, प्रकृति की समग्र बुद्धिमत्ता की बराबरी नहीं कर सकता।''

सूक्ष्मजीवों और कोशकीय जीवविज्ञान के प्रसिद्ध वैज्ञानिक डा. अजय कुमार सोनकर ने कहा कि प्राकृतिक समुद्र ने एक स्व-संतुलित, रोग-प्रतिरोधक और जैविक रूप से बुद्धिमान पारिस्थितिकी प्रदान की जिसमें सूक्ष्मजीव विविधता, जीवंत शैवाल और सूक्ष्म भौतिक-रासायनिक संतुलन शामिल था। उन्होंने कहा, ''जहाँ हमने फ़िल्टर किया, वहाँ प्रकृति ने विविधता जोड़ी। जहाँ हमने नियंत्रित किया, वहाँ प्रकृति ने अनुकूलित व्यवहार किया। जहाँ हमने सब कुछ साफ किया, वहाँ प्रकृति ने प्रतिरक्षा शक्ति बढ़ाई।'' 58 वर्षीय वैज्ञानिक सोनकर ने बताया कि प्राकृतिक समुद्री जल ने एक स्व-नियमन, प्रतिरक्षा-वर्धक और जैविक रूप से बुद्धिमान पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान किया, जिसमें सूक्ष्मजीव विविधता, अदृश्य फेज, जीवित फाइटोप्लांकटन और सूक्ष्म जैव-रासायनिक संतुलन शामिल है।

सोनकर ने कहा कि प्रयोगों से मिली सीख सिर्फ़ मोती उत्पादन तक ही सीमित नहीं है - ये वैश्विक वैज्ञानिक दृष्टिकोण को ही चुनौती देती है। जीवविज्ञानी ने कहा, ''(यह खोज) हमें इस बात पर पुनर्विचार करने पर मजबूर करती है कि हम प्रकृति से कितनी दूर चले गए हैं, चाहे वह मिट्टी रहित कृषि हो, प्राकृतिक संकेतों से कटे शहर हों, या स्वच्छ डिजिटल बुलबुले में पले-बढ़े बच्चे हों।''

# कांवरिया बोले: कावड़ यात्रा को शासन और प्रशासन ने बना दिया ऐतिहासिक

## पहली कावड़ यात्रा से आखरी कावड़ यात्रा तक लगातार जारी है कांवरियों के लिए प्रशासन की जोरदार तैयारी और सुविधाएं

- जिला प्रशासन द्वारा श्रावण माह में समस्त तहसीलो में आयोजित भंडारो में शिव भक्तो को किया गया प्रसाद वितरण

**नेशनल एक्सप्रेस/दुष्येंद्र कुमार**



बरेली। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आज आंवला के ग्राम नितोई एवं रामगंगा में कांवड़ियों का माल्यापर्ण कर आयोजित भंडारे में प्रसाद वितरित किया व कावड़ियों पर पुष्प वर्षा की और उनकी कुशलता पूछी कि आने जाने में किसी प्रकार कि कोई समस्या तो नहीं है।

श्रावण मास के प्रत्येक रविवार तथा सोमवार को बरेली जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों की तरफ से भंडारा कराया जा रहा है जो सभी शिव भक्तों को समर्पित है, जहां शिव भक्त प्रसाद ग्रहण कर सकते है तथा विश्राम भी कर सकते है, कावड़ियों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल कैम्प भी लगाए गये है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह सावन का महीना चल रहा है जिसमें हमारे भक्तगण कावड़ लेने जाते हैं, कुछ लोग कछला एवं कुछ लोग हरिद्वार से भी जल लेकर आते है और भगवान भोलेनाथ को अर्पित करते हैं उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा भी कावड़ यात्रियों पर पुष्प वर्षा की जा रही है मा0 मुख्यमंत्री जी से प्रेरणा लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा बरेली जनपद कि प्रत्येक तहसीलों में कावड़ यात्रियों के ठहरने, उनके भोजन करने तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल कैंप की भी पूर्ण व्यवस्था की गई है जिससे यदि कोई यात्री यात्रा के दौरान बीमार हो जाता है तो उसका उपचार किया जा सके ।

इस अवसर पर जिलाअधिकारी अविनाश सिंह ,अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह ,एडीएम नगर सौरभ दुबे, नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, उपजिलाधिकारी आंवला विदुषी सिंह, उपजिलाधिकारी सदर प्रमोद कुमार सहित अन्य अधिकारीगण व शिवभक्त उपस्थित रहे।

# जरा सी बात पर रंगदारी और फायरिंग से दहशत फिर एसएसपी साहब ने दबंगों की हवा निकाली

**नेशनल एक्सप्रेस**



> SSP के आदेश पर 'भूड़ गैंग' के पांच बदमाशों पर FIR दर्ज
> रात में घर के सामने फायरिंग, बेटे को मारने की धमकी — दबंग बोले: तू बहुत बदमाश बन गया है, तुझे जान से मार देंगे

बरेली। प्रशासन की तमाम कोशिशें के बाद दबंगों के हौसले लगातार बुलंद है, फायरिंग और दबंगई की घटनाएं बरेली में आम हो चली है। जिसके तहत भूड़ मोहल्ले की गलियों में उस रात गोलियों की आवाज गूंज उठी जब दबंगों ने एक दुकानदार के बेटे को खुलेआम मारने की धमकी देते हुए जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। यह सब कुछ एक सिगरेट के विवाद से शुरू हुआ और फिर पूरे इलाके में दहशत की चादर फैल गई। अब इस मामले में एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने पांच बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित चंद्रभान शुक्ल, जो सुशील प्रोविजन स्टोर के सामने रहते हैं, ने बताया कि 13 जून की रात करीब 8 बजे सागर सक्सेना उर्फ ऋषि सक्सेना नाम का युवक सिगरेट लेने आया और फिर वहीं खड़े होकर गाली-गलौज करने लगा। देखते ही देखते ऋषि अपने भाई नितिन, सचिन, नीरज और दो अज्ञात साथियों के साथ रंगदारी मांगने लगा। उन्होंने मोहल्ले में मौजूद लोगों को धमकाते हुए कहा पैसे निकालो, नहीं तो खैर नहीं।

इसी दौरान पीड़ित का बेटा हर्ष, जो कुत्ते को टहला रहा था, वहां पहुंचा। उसे देखकर आरोपियों का गुस्सा और भड़क गया। उन्होंने उसे गालियां देते हुए कहा तू बहुत बड़ा बदमाश बन गया है... अब तुझे जिंदा नहीं छोड़ेंगे।हर्ष ने जब विरोध किया, तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी और फिर भीड़ जमा होते देख जान से मारने की नीयत से फायर झोंक दिया। गोली बाल-बाल चूक गई, लेकिन पूरा इलाका थर्रा उठा। प्रार्थी ने घटना की सूचना रात 10:01 बजे तत्काल सीयूजी नंबर पर प्रेमनगर थाने को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन दबंग इतने बेखौफ हैं कि 6 जुलाई की रात करीब 9 बजे फिर से वहां आ धमके और बेटे का नाम लेकर दोबारा धमकी दी ह्लतू बहुत उड़ रहा है, अब तुझे जिंदा नहीं छोड़ेंगे।ह्व

बताया जाता है कि आरोपी सूद पर पैसे देने और असलहों के दम पर इलाके में खौफ फैलाने का काम करते हैं। मोहल्ले के लोग इनकी दंबगई से पहले ही त्रस्त हैं।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सागर सक्सेना उर्फ ऋषि, नितिन, सचिन, नीरज व दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नौकरी से रिटायर होते ही जिंदगी से रिटायर करने पर आमादा बेटे और बहू

> रेलवे से रिटायर 73 वर्षीय वृद्ध को मारपीट कर बहु बेटे ने घर से निकला, बड़े ने घर से निकला छोटा बेटा बोल समाज में पागल करार करके छोडूंगा जान से मारने की धमकी, वृद्ध ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई

**नेशनल एक्सप्रेस /ब्यूरो पवन त्रिपाठी**

बरेली। आजकल मल्टीमीडिया पर मां-बाप को भगवान दिखाने वाले बच्चे वास्तव में अपने मां-बाप को 1 मिनट भी बर्दाश्त नहीं कर पाते, बचपन में जिनके कंधे पर बैठकर दुनिया देखी है उन्हें ही दुनियादारी का ज्ञान पढ़ना लगते हैं और उनकी जरूरतें और मैं दूध की बच्चों के लिए बोझ बन जाती है।

ताजा मामला शहर की शांत कॉलोनियों में से एक न्यू सिद्धार्थ नगर फेज-2 में उस वक्त देखने को मिला ।जब 73 वर्षीय रिटायर्ड रेलकर्मी मधुसूदन त्रिपाठी ने अपनी ही बहू और बेटों पर मारपीट, जान से मारने की धमकी और घर पर कब्जा करने की साजिश का सनसनीखेज गंभीर आरोप लगाया। पीड़ित ने प्रेमनगर थाने में शिकायती पत्र देकर सुरक्षा और न्याय की गुहार लगाई है।

क्या है पूरा मामला आपको बताते चलें।मधुसूदन त्रिपाठी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 जुलाई 2025 की शाम करीब 7:30 बजे जब वह अपने घर (मकान संख्या 86, न्यू सिद्धार्थ नगर फेज-2) में थे, उसी समय बहू नीलम त्रिपाठी (पत्नी स्व. मंजीत त्रिपाठी) अपने दो भाइयों – पुष्कर मणि और सोनू मणि – को लेकर घर में घुस आई और बेवजह गाली-गलौज करते हुए उन पर टूट पड़ी।

पीड़ित के अनुसार बहू और उसके भाइयों ने उन्हें लात-घूंसों से पीटा, जान से मारने की धमकी दी और बहू नीलम ने तो हद ही कर दी – वह चाकू लेकर दौड़ी और कहा कि अगर घर से नहीं निकले तो अभी यहीं खत्म कर देंगे। वृद्ध मधुसूदन किसी तरह जान बचाकर वहां से भागे।

उन्होंने तत्काल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों आरोपियों को चेतावनी देकर चली गई। पुलिस ने पीड़ित से कहा कि वह सुबह थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराएं। मधुसूदन त्रिपाठी ने बताया कि 29 जुलाई को भी बहू नीलम ने उन्हें पीटा था। उस घटना को छिपाकर दो दिन बाद फिर अपने भाइयों को बुलाकर हमला करवाया गया। यह पूरी साजिश उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से तोड़ने के लिए रची गई है।पीड़ित ने अपने छोटे बेटे अजीत त्रिपाठी पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसका व्यवहार भी अपमानजनक है और वह उन्हें पागल घोषित करवा कर घर से हमेशा के लिए बेदखल करना चाहता है। आरोपियों ने मिलकर उन्हें घर से निकाल दिया है और धमकी दी है कि ह्लअगर वापस लौटे तो जान से मार देंगे।ह्व इस मामले में पुलिस ने उसके बेटे व आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पहले कावड़ यात्रा को लेकर जहां बवाल, वहीं पेश हुई आखिरी कावड़ यात्रा पर गंगा जमुनी मिसाल

## जोगी नवादा में सौहार्द की मिसाल: दो साल पुराने गिले शिकवे भूल मुस्लिम बहन भाइयों ने कांवड़ियों पर बरसाए फूल

**नेशनल एक्सप्रेस /ब्यूरो पवन त्रिपाठी**



बरेली। दो साल पहले बारादरी थाना क्षेत्र के जोगी नवादा में कांवड़ यात्रा को लेकर हुए तनाव और फायरिंग की घटनाओं से उपजा तनाव अब पूरी तरह खत्म हो चुका है। जिस जगह कभी हिंदू-मुस्लिम समुदायों के बीच गहरी खाई दिखती थी, वहीं अब आपसी सौहार्द और भाईचारे की नई मिसाल कायम हो रही है।

रविवार को सावन की अंतिम कांवड़ यात्रा में ऐसा ही नजारा देखने को मिला। महंत राकेश कश्यप के नेतृत्व में निकला कांवड़ जत्था न सिर्फ मुस्लिम मोहल्लों से होकर शांतिपूर्वक गुजरा, बल्कि स्वागत की ऐसी मिसाल पेश की गई, जिसने बीते विवादों को पीछे छोड़ दिया। मुस्लिम महिलाओं ने कांवड़ियों पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया।

गौरतलब है कि दो वर्ष पूर्व इसी यात्रा को लेकर विवाद हुआ था। उस समय दूसरे समुदाय के लोगों ने कांवड़ यात्रा को परंपरागत न मानते हुए रोक दिया था, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया था और जुलूस नहीं निकल पाया था। लेकिन इस बार पुलिस-प्रशासन की निगरानी में यात्रा सकुशल संपन्न हुई। कांवड़ यात्रा मौर्य गली से शुरू होकर कब्रिस्तान तिराहा, शाहनूरी मस्जिद होते हुए मुस्लिम बाहुल्य इलाकों से गुजरते हुए बनखंडी नाथ मंदिर तक पहुंची। इस दौरान रास्ते भर मुस्लिम समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने जगह-जगह टेंट लगाकर फूल बरसाए, कांवड़ियों को फल, पानी और शरबत वितरित कर भाईचारे का संदेश दिया।

इस यात्रा में करीब डेढ़ हजार महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महंत राकेश कश्यप ने कहा यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आपसी सौहार्द का प्रतीक है।

आज जिस तरह मुस्लिम समाज ने स्वागत किया, उससे साफ है कि अब जोगी नवादा नया इतिहास लिख रहा है। स्थानीय पुलिस अधिकारी भी इस आयोजन के सफल संचालन में मौजूद रहे। अधिकारियों ने इसे कानून व्यवस्था और सामाजिक समरसता की दृष्टि से सकारात्मक संकेत बताया।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक की बेरहमी से हत्या

> - गांव में दहशत और तनाव व्याप्त का माहौल व्याप्त
> - क्योलड़िया में बाजार से सब्जी लेकर लौट रहे व्यक्ति को घेरकर पीटा, फिर गाड़ी चढ़ा दी

**नेशनल एक्सप्रेस/अरुण मौर्य**




> **तनाव के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टि से गांव में पुलिस बल तैनात**
> सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। थाना प्रभारी राजबली सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर सभी पांच आरोपियों के खिलाफ धारा 302 आईपीसी के तहत हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

बरेली,क्योलड़िया । थाना क्षेत्र के गांव माधोपुर में शनिवार की देर शाम पुरानी रंजिश का खौफनाक अंजाम देखने को मिला, जब बाजार से सब्जी लेकर लौट रहे 55 वर्षीय चरन सिंह पुत्र रामविलास की कुछ लोगों ने बेरहमी से हत्या कर दी। हमले के बाद गांव में तनाव फैल गया है, पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। क्या है पूरा मामला आपको बताते चलें। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चरन सिंह क्योलड़िया बाजार से सब्जी लेकर अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह माधोपुर गांव के समीप विनोद कुमार के मकान के पास पहुंचे, वहां घात लगाए बैठे सौरभ सिंह, विमल सिंह, शिवम, रामवीर और राजवीर ने उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि मारपीट के बाद हमलावरों ने उन पर जानबूझकर वाहन चढ़ा दिया। चरन सिंह के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर उनका बेटा और भाई लखपत सिंह मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी। गंभीर रूप से घायल चरन सिंह को परिजन तुरंत नवाबगंज अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी हीरा काली ने थाना क्योलड़िया में दी गई तहरीर में पांचों आरोपियों को नामजद किया है। हीरा काली के मुताबिक, तीन साल पहले गांव के ही राजवीर सिंह की पुत्री लापता हो गई थी। इस मामले को लेकर आरोपी पक्ष और चरन सिंह के बीच रंजिश चल रही थी। उसी पुरानी दुश्मनी का बदला लेने के लिए उनके पति की हत्या की गई।

## नाबालिग नादानी में गलती करके निकाल रहे अपने परिवार की इज्जत का जनाजा

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले गया युवक

**नेशनल एक्सप्रेस**



बरेली। इज्जतनगर थाना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की के रहस्यमय ढंग से गायब होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने आशंका जताई है कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को रामपुर निवासी एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पिता की तहरीर पर इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित पिता के अनुसार, उनकी बेटी 1 अगस्त 2025 को दोपहर करीब 12:30 बजे यह कहकर घर से निकली थी कि वह डॉक्टर के पास दवा लेने जा रही है। लेकिन देर शाम तक वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसे ढूंढने की बहुत कोशिश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

परिजन का आरोप है कि रामपुर निवासी एक युवक रेहान जिसने पहले से ही उनकी बेटी से जान-पहचान बना रखी थी उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस पूरे घटनाक्रम में युवक के जीजा, खाला और अन्य परिजनों के भी शामिल होने की बात कही गई है।

तहरीर मिलने के बाद इज्जतनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और युवती की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने लड़की को ले जाने के आरोप में रामपुर निवासी संदिग्ध युवक सहित अन्य लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# श्री शिवधाम पंचशील मंदिर पर किया भगवान शिव का महारुद्राभिषेक, विशाल भंडारे का आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



ठाकुरद्वारा। सावन माह के अवसर पर सवा कुंतल दूध से भगवान शिव का महारुद्राभिषेक किया गया और विशाल भंडारे का आयोजन किया। रविवार की सुबह नगर के मोहल्ला पीपल टोला स्थित श्री शिवधाम पंचशील मंदिर पर पंडित ओम प्रकाश ढोंडियाल द्वारा विधि विधान से भगवान शिव का महारुद्राभिषेक कराया गया।

भगवान शिव की आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया और दोपहर को मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान रूद्रदत्त शर्मा, यश पूठिया ,लवकेश शर्मा, अभय शर्मा, आयुष शर्मा, रोहित, मोहित, हिमांशु , सुधांशु, शेखर, अंकित, संजीव चौहान, जोनू मिश्रा, राजीव अग्रवाल, दीपक शर्मा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गलत आई बिल रीडिंग से विद्युत विभाग की ओर से उपभोक्ता को मिली राहत

**नेशनल एक्सप्रेस गौरव कुमार**



बनियाठेर। गांव अकरौली में विद्युत विभाग की लापरवाही का मामला सामने आया है जहां एक विद्युत उपभोक्ता को बकाया बिल के नाम पर 58,72 682 का बिल थमा दिया जबकि जिसे देख उपभोक्ता और उसका परिवार पर चिंता की लकीरे छा गई जबकि विद्युत विभाग की ओर से बिल संशोधन किया गया है वतादे कि रविवार शाम 5:00 बजे के करीब उपभोक्ता जरीना पत्नी नवाब ने जानकारी में बताया कि वर्ष 2024 में बिल बकाया होने के चलते कनेक्शन काट दिया था और बाद में मार्च 2025 में ओटीएस योजना के तहत 6196 रुपए की धनराशि जमा कर कनेक्शन फिर से जुड़वाया गया वहीं शेष बकाया को चार किस्तों में बांटा गया था जिस समय से उपभोक्ता जमा नहीं कर सकी और पुराना मीटर उतारकर के स्मार्ट मीटर घर पर लगा दिया गया जिसके दूसरे दिन 31 जुलाई 2025 को 58 लाख 72 682 रुपए का उपभोक्ता के मोबाइल पर मैसेज आया जिसे देखकर उपभोक्ता एवं उसके परिवार के लोगों पर चिंता की लकीरे छा गई हालांकि विद्युत विभाग की ओर से गलत रीडिंग और सिस्टम की गलत फीडिंग के चलते बकाया बिल अधिक आने की कारण संशोधन की कार्रवाई की गई जिसमें 41880 का बकाया बिल उपभोक्ता को दिया गया वहीं उपभोक्ता जरीना के पति नवाब ने जानकारी में बताया कि संशोधन बिल अभी भी समय सीमा के हिसाब से अधिक है और विद्युत विभाग के लगातार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं

सिस्टम की गलत फीडिंग और मीटर की गलत रीडिंग की वजह से इतना बड़ा बिल बन गया जिसको लेकर बिल संशोधन प्रक्रिया जारी है वहीं विद्युत उपभोक्ता के घर पर सोमवार को जाकर के एक बार पुनः जांच करूंगा और संशोधित बिल 41 880 रुपए के बिल में भी सुधार करने का प्रयास किया जाएगा और किसी भी विद्युत उपभोक्ता से गलत बिल की वसूली नहीं की जाएगी।

# टैंकरों से दूध निकालने का आरोपी गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



संभल पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व पुलिस क्षेत्राधिकारी जनपद सम्भल में को कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में निम्नलिखित कार्यवाही की गयी।01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार थाना नखासा-

दिनांक 15.04.2025 को थाना नखासा पर पीड़ित उ0नि0 नितिन गौतम तैनाती थाना नखासा जनपद सम्भल की तहरीरी सूचना अभियुक्तगण द्वारा नामी दूध की कम्पनियों के दूध के टैंकरों के ड्राइवरों से साठगांठ करके उनमें अनाधिकृत रुप से दूध निकलना के सम्बन्ध में थाना नखासा पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया ' रविवार को थाना नखासा पुलिस टीम द्वारा मु0 सहपठित धारा बीएनएस व दूरसंचार अधिनियम में प्रकाश में आये/वांछित अभियुक्त धर्मेन्द्र कुमार पुत्र रामेन्द्र सिंह निवासी उसमानपुर थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद हाल पता घरौली डेयरी कालोनी मयूर बिहार फेस-3 थाना गाजीपुर पूर्वी दिल्ली को जीनत धर्मकांटे के पास से प्र०नि० रजनीश कुमार , व0उ0नि0 सदाकत अली, का0 मौहम्मद अफसरुन के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# कांग्रेस पार्टी की समीक्षा बैठक में नव नियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे मनोनीत पत्र

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



फिरोजाबाद । रविवार को जनपद के मीरा चौराहे पर स्थित एक मैरिज होम में जिला कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक एवं नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष नगर अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त सभी पदाधिकारी को मनोनित पत्र एवं संगठन की समीक्षा आयोजित की गई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कोऑर्डिनेटर महेंद्र पाल राजपूत एवं जिला कोऑर्डिनेटर अरुण यादव रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने की एवं संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजवीर सिंह द्वारा किया गया कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पूर्व जिला अध्यक्ष धर्म सिंह यादव जी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सदर सीट के पूर्व प्रत्याशी हाजी सईद पटेल,पी के पराशर, आदेश यादव, उजमा देवी गुप्ता, भारतेंदु जैन, रामनाथ यादव, बी एस गौतम, शैलेंद्र शुक्ला, सरपंच संदीप शर्मा अनिल यादव अजय यादव सत्य प्रकाश सिंह जाटव पूर्व प्रधान ,चक्रेश पचौरी, संजय यादव ध्रुव यादव गिर्राज यादव उदयवीर सिंह सहित सैकड़ो लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे । कार्यक्रम में जिला कोऑर्डिनेटर एवं वक्ताओं ने पार्टी पदाधिकारी को संगठन मजबूती एवं भाजपा सरकार से मुकाबला करने के लिए कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया।

**संक्षिप्त समाचार**

## श्री परशुराम धर्मशाला निर्माण कार्य हेतु धन संग्रह के लिए बैठक हुआ आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी ’ रविवार को श्री परशुराम धर्मशाला ट्रस्ट (रजि) की एक बैठक सीता रोड स्थित के वी रॉयल सोसायटी के हाल में आयोजित की गई।

सभा का मुख्य एजेंडा श्री परशुराम धर्मशाला निर्माण व उक्त कार्य हेतु धन संग्रह था।सभा की अध्यक्षता कवि श्री माधव मिश्रा ने तथा संचालन राजेन्द्र कुमार शर्मा ने किया।

सभा मे सर्व सम्मति से ट्रस्ट की सदस्यता के वार्षिक शुल्क भी निर्धारित किया गया।सभा में अनेक सदस्यों ने धर्मशाला निर्माण हेतु अपनी आर्थिक सहयोग राशि भी जमा कराई साथ ही शेष सदस्यों ने यथा शीघ्र राशि जमा कराने का आष्वासन दिया जिससे जल्दी ही धर्मशाला निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया जा सके।

आज वर्षा की बाधा के बाद भी काफी संख्या में विप्रबन्धु उपस्थित हुए।

सभा में अवध किशोर शर्मा,दिनेश कुमार शर्मा,हरद्वारीलाल मिश्रा,जय शंकर दुबे, पी एन शर्मा, अभिनव शर्मा,अशवनी शर्मा, आदित्यकान्त शर्मा,संजीव शर्मा,रमाकांत शर्मा, गोरवकान्त शर्मा कुमार ,शर्मा,सच्चिदानंद शर्मा, राधेश्याम शर्मा,बृजेश शर्मा, राजीव शर्मा,संजीव शर्मा,विकास कुमार सनातनी,संजीव मिश्रा,सुधीर मिश्रा,आदि अनेक विप्र बन्धु उपस्थित रहे।

## सिलाई-कढ़ाई एवं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ




चंदौसी ’ रविवार को आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित सिलाई–कढ़ाई एवं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में बड़ी संख्या में बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न व्यावसायिक कौशलों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस पहल का उद्देश्य बेटियों को स्वावलंबी बनाना और उन्हें आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त करना है।

शिविर के समापन अवसर पर पूनम, निशा, सिमरन, पूजा, पिंकी, तान्या, मुस्कान, शिवानी, संजू, ललतेश , शालिनी ,राखी,प्रियंका और प्रीति को प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान बालिकाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें अपने कौशल के बल पर समाज में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। संस्था की अध्यक्ष पूनम अरोरा ने अपने संबोधन में कहा कि संस्था का उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें समाज में सशक्त बनाना है। संस्था इस प्रकार के कार्य आगे भी करती रहेगी। संस्था की सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी यह दशार्ती है कि आज की बेटियाँ आत्मनिर्भर बनने के लिए जागरूक और उत्सुक हैं।

आत्मनिर्भर बेटियाँ ही सशक्त समाज की नींव होती हैं।इसी दिशा में हमारा यह प्रयास एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसने समारोह को और अधिक गरिमामय बना दिया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष पूनम अरोरा, सचिव डॉ. दुर्गा टंडन, सदस्य योगिता कोहली और अनु गांधी ,रितु साहनी,मेघा सहगल सहित, पवित्रा, रश्मि शर्मा आदि समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## चकबंदी के नाम पर महिला से ठगे 62,500 रुपये, लेखपाल से साठगांठ का आरोप

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/धनारी। चकबंदी के नाम पर एक महिला से लाखों की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मामला थाना धनारी क्षेत्र के ग्राम उदरनपुर अजमतनगर का है, जहां वीरू नामक युवक ने खुद को प्रभावशाली बताकर पीड़िता से रुपये ऐंठ लिए। पीड़िता मधू पत्नी स्वर्गीय गुड्डू ने थाने में दी तहरीर में बताया कि गांव में चकबंदी की प्रक्रिया चल रही है। लगभग तीन वर्ष पूर्व वीरू पुत्र चरण सिंह उनके घर आया और कहा कि वह उसके खेत की पैमाईश नहीं होने देगा। उसने 80 हजार रुपये की मांग की। पीड़िता ने किसी तरह 60 हजार रुपये देकर उससे पैमाईश कराने की बात की। कुछ समय बाद वीरू दोबारा घर आया और 2500 रुपये और मांगते हुए कहा कि वह खेत का हिस्सा सहखातेदारों से अलग करा देगा। महिला ने भरोसा करके वह रकम भी दे दी। इसके बाद हल्का लेखपाल द्वारा पैमाईश कर दी गई, जिसमें एक बीघा जमीन कम निकली। जब पीड़िता ने वीरू से पैसे वापस मांगे तो उसने कहा कि वह सारे रुपये चकबंदी लेखपाल को दे चुका है, अब उसके पास कुछ नहीं है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि वीरू ने लेखपाल से साठगांठ कर उसके साथ धोखा किया है। पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## धनारी के गुरेठा में फौजी समेत चार लोगों पर लगे मारपीट के गंभीर आरोप

नेशनल एक्सप्रेस कपिल वार्ष्णेय/धनारी। थाना क्षेत्र के गांव गुरेठा में रविवार शाम को पुरानी रंजिश के चलते मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित आलेन्द्र पुत्र स्वर्गीय नत्थू का आरोप है कि जब वह शाम करीब चार बजे भिवराटी से पंखा लेकर अपने गांव लौट रहा था, तभी गांव के ही छुट्टी लेकर अपने घर आए हुए फौजी अन्य तीन और लोगों ने किसी बात को लेकर बेवजह उसे गंदी-गंदी गालियां देनी शुरू कर दीं। पीड़ित का कहना है कि जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में उसे आंख के पास गंभीर चोटें और शरीर में कई जगह गुम चोटें आई हैं।



बताया गया कि दो माह पहले भी उक्त लोगों ने पीड़ित के साथ मारपीट की थी, जिसकी सूचना डायल 112 को दी गई थी, हालांकि तब गांव के संभ्रांत लोगों ने समझौता करा दिया था। पीड़ित का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर ही उसे फिर निशाना बनाया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उसे जान से मारने और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी गई। यहां तक कि जब वह थाने शिकायत दर्ज कराने पहुंचा, तो आरोपी उसका पीछा करते हुए थाना धनारी तक पहुंच गए। फिलहाल पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित के दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। और जांच के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम में आशा सम्मेलन का हुआ आयोजन

**● डीएम ने सभी उपस्थित आशा / ए.एन.एम. को वर्तमान सत्र के समस्त बिंदुओं पर शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण की शपथ दिलाई**





**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

बहजोई। संभल जनपद के मुख्यालय बहजोई स्थित बस स्टैंड मैदान पर आयोजित सात दिवसीय संपूर्णता अभियान कार्यक्रम के तृतीय दिवस दिनांक 3 अगस्त 2025 को स्वास्थ्य विभाग की ओर से आशा सम्मेलन का आयोजन जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित आशा/ए.एन.एम. आदि को ए.बी.पी.(एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम) के विषय में विस्तृत रूप से बताया।सभी एस्पिरेशनल ब्लॉक में कार्यरत आशाओं में एएनएम को सभी 10 बिंदुओं पर संतृप्तिकरण किए जाने के लिए निर्देशित किया।जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित आशा / ए.एन.एम. को वर्तमान सत्र के 31.12.2025 तक समस्त बिंदुओं पर शत-प्रतिशत संतृप्तिकरण की शपथ भी दिलाई।मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट जी ने आशाओं के द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम में जोश का वर्णन करते हुए सभी को इसी जोश, मेहनत और ईमानदारी से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने हेतु आह्वान किया गया। गत एक वर्ष में आशा व एएनएम के द्वारा मेहनत से किये गये आमूलचूल परिवर्तन पर सभी की कार्यशैली को नमन किया।समस्त आशा बहनों से आशा डायरी के समस्त कॉलम को उचित प्रकार से अंकन किया जाये तथा अपने क्षेत्र की समस्त गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीकरण कराया जाना व उनका संस्थागत प्रसव कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। समस्त आशा व एएनएम से अपने कार्य क्षेत्र में अधिक से अधिक सहजन लगायें जाने का भी आह्वान भी किया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपने संबोधन में उपस्थित समस्त आशाओं में एएनएम को 10 बिंदुओं के विषय में विस्तृत रूप से बताया। आशा सम्मेलन में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज कुमार विश्नोई, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनमोहन शर्मा व डॉ. विश्वास अग्रवाल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजीव कुमार राठौर, डीसीपीएम अरबाब मेहंदी, डीईआईसी प्रबन्धक मनु तेवतिया समस्त ब्लॉक के ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक तथा बी.सी.पी.एम. आदि भी उपस्थित रहे।

## वैश्य एकता मंच, चंदौसी ने किया कार्यकारिणी का गठन




**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। रविवार को वैश्य एकता मंच, चंदौसी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन नगर के कैथल गेट स्थित बारहसैनी धर्मशाला पर किया गया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की चर्चा की साथ ही संगठन का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से विपिन बालाजी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉक्टर दिशांत गुप्ता को संगठन मंत्री, अभिषेक गुप्ता को कार्यक्रम संयोजक, एड ऋषभ रस्तोगी को विधिक सलाहकार मनोनीत किया गया। इस मौके पर एड प्रवीण गुप्ता द्वारा कहा गया वैश्य, भारतीय सामाजिक व्यवस्था में तीसरा वर्ण है, जो कृषि, पशुपालन, और व्यापार जैसे व्यवसायों से जुड़ा है भारत की अर्थव्यवस्था में वैश्य समाज का विशेष योगदान रहा है। उमेश गुप्ता द्वारा कहा गया वैश्य एकता मंच का उद्देश्य वैश्य समाज के निर्धन, असहाय कमजोर वर्ग के लोगों की सहायता करना है। इस मौके पर मंच के अध्यक्ष लवित वार्ष्णेय, संरक्षक सागर गुप्ता, मन्नू मेडिकल, क्षितिज गुप्ता विधिक सलाहकार एड निशांत वार्ष्णेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष दीपेश सेठ, मयंक वार्ष्णेय, महामंत्री आकाश वार्ष्णेय, तुषार क्रिस्टल, संगठन मंत्री इशांक गोयल, प्रचार मंत्री अभिनव वार्ष्णेय, नगर मंत्री सुमित वार्ष्णेय, मोहित बंसल, गोपाल वार्ष्णेय, भास्कर गुप्ता, हर्षित, गर्पित, वत्सल वार्ष्णेय, विवेक चौधरी, अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट सेवा के लिए श्री कृष्णा पेट्रोल पंप को एचपी उत्तम डीलर सम्मान से किया सम्मानित



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

संभल। असमोली के पेट्रोल पंप श्री कृष्णा असमोली लोदीपुर रोड पर को हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड एचपीसीएल हमरा एच पीं उत्तम डीलर सम्मान से सम्मानित किया गया है यह प्रत्यनिष्ठ सम्मान उन्हें उत्कृष्ट ग्राहक सेवा ईंधन की उत्तम गुणवत्ता तथा उपभोक्ताओं के साथ सोहार्दपूर्ण व्यवहार के लिए प्रदान किया गया है मुरादाबाद मंडल में यह पुरस्कार पाने वाले पहले डीलर हैं हमारा पंप श्री कृष्णा के डीलर पुष्पेंद्र सिंह को एचपीसीएल के रीजनल मैनेजर देव आनंद एवं क्षेत्रीय बिक्री अधिकारी गया प्रसाद द्वारा एचसीएल का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी गई।

## भारत विकास परिषद नव उदय शाखा चंदौसी ने मनाया हरियाली तीज उत्सव

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। रविवार को भारत विकास परिषद नव उदय शाखा चंदौसी का हरियाली तीज उत्सव व पारिवारिक मिलन समारोह पंजाबी धर्मशाला स्टेशन रोड चंदौसी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ में सभी अगंतुको का तिलक लगाकर व उपहार देकर स्वागत किया गया। स्वामी विवेकानंद एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन शाखा की सचिव सुनीता शर्मा रीनू बंसल एवं नीतू अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूपसे किया गया। समारोह में बच्चों द्वारा प्रस्तुत राधा कृष्ण नृत्य व दुर्गा स्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया। हाऊजी, कपल गेम, तीज क्वीन का चयन, आइस ब्रेकिंग मनोरकंजक प्रश्नोत्तरी, काव्य पाठ, डांडिया नृत्य एवं अनेक मनोरंजक खेल खेले गये। शशि चौधरी को तीज क्वीन का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया। विभिन्न खेल और प्रतियोगिता में सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कारित किया गया। कार्यक्रम में प्रभाष चन्द्र चौधरी व अशोक अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही।

## रोटरी क्लब चंदौसी ने जोड़ एवं प्रत्यारोपण के नि:शुल्क शिविर का किया आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी। रोटरी क्लब चंदौसी भारत की ओर से जोड़ एवं प्रत्यारोपण के निशुल्क शिविर का किया गया आयोजन रविवार को नगर के मल्होत्रा नर्सिंग होम में किया गया। शिविर का शुभारंभ पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज चौधरी ने किया। इसमें शिविर में टीएमयू से आए डॉ. रविंद्र सिंह ने 100 से ज्यादा मरीजों की घुटने व हड्डियों से जुड़ी जांचें कर उचित परामर्श व दवाएं प्रदान की। डॉ ने बताया कि आज के समय में युवको को भी हड्डियां और घुटने से संबंधित समस्याएं हो रही है। डॉ ने कहा कि कैल्शियम की कमी से युवाओं की हड्डियां एवं घुटने कमजोर हो रहे हैं। अधिक समय तक यही स्थिति बनी रहने पर गठिया का शिकार हो सकते हैं। इसलिए हमें कैल्शियम से भरपूर चीजों का सेवन करना चाहिए। साथ ही, हरी सब्जियां और दूध के साथ - साथ घर का बना पौष्टिक आहार खाना चाहिए। क्लब के संस्थापक सदस्य राहुल अग्रवाल ने बताया कि क्लब की ओर से समय- समय पर निशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाता है। ताकि जरूरतमंद लोगों को लाभ मिल सके। इस मौके पर अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, आलोक चौधरी, आरके अग्रवाल, गौरव गुप्ता, समीर बंसल, विवेक सराफ, महेश अग्रवाल, सीपी अग्रवाल, अंजलि अग्रवाल, पायल मल्होत्रा, सुधीर मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

## मोबिल और टायर की दुकान में लगी आग, लाखों का माल हो गया राख



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। रविवार को रोडवेज बस स्टैंड के पास स्पर्श ट्रेडर्स के नाम से एक मोबिल और टायर की दुकान है। सुबह पांच बजे घूमने निकले लोगों की नजर दुकान के शटर जिसमें से धुआं निकल रहा था जिसके बाद लोगों ने दुकानदार को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे दुकानदार ने लोगों की मदद से किसी तरह शटर खोला तो देखा तो आग का गुबार बाहर आया। और आग ने बहुत विकराल रूप ले लिया था। जिसके बाद आसपास मौजूद लोग ने दमकल को सूचना दे दी। सूचना पाकर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और दमकल कर्मियों ने पानी की बौछार छोड़ कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग इतनी भयंकर थी कि दमकल की एक गाड़ी पानी भी कम पड़ गया जिसके दूसरी गाड़ी आई। जिसके करीब एक घंटे की दमकल कर्मियों की बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक सबकुछ जल कर राख हो चुका था। गनीमत रही दुकान और भी मोविल से ड्रम रखे थे आग उन्होंमें नहीं लगी में मोबिल निकालने के लिए पंप लगे थे। जिससे आग लगने पर हवा पास होती रही। यदि ड्रम सील होते तो फट सकते थे और बड़ा हादसा हो सकता था। दुकानदार ने बताया कि सबकुछ जल कर राख हो गया। लाखों का नुकसान हुआ है। नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

## भीम आर्मी भारत एकता मिशन के द्वारा मीटिंग का किया गया आयोजन



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

संभल। रविवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन जनपद संभल के द्वारा ग्राम बसई विधानसभा असमोली के द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया अध्यक्षता दीपक कुमार तहसील अध्यक्ष संभल व मुख्य अतिथि राजीव कुमार जिला अध्यक्ष व विशिष्ट अतिथि शिवम कुमार जिला प्रभारी एड आदर्श कुमार छात्र संघ पूर्व जिला अध्यक्ष व मुख्य अतिथि राजीव कुमार जिला संयोजक ने ग्राम चलो अभियान के तहत समस्त मीटिंग में उपस्थित ग्राम वासियों को बताया कि वर्तमान सरकार के द्वारा किया जा रहा स्कूलों का मर्जर वर्तमान सरकार के द्वारा किया गया स्कूलों का मर्जर एक दलित विरोधी फैसला है क्योंकि इन सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे बहुजन समाज के है जो इन स्कूलों में पढ़कर अपनी सफलता की सीढ़ी चढ़ने तक का सफर शुरू करते है।

पवन कुमार जिला उपाध्यक्ष गिरीश कुमार तहसील मीडिया प्रभारी दिलदार सिद्दीकी जी जिला सचिव विशन भाई मित्रपाल मनोज कुमार अमित कुमार अंकित सागर जीतपाल सिंह रवि कुमार आदि मौजूद रहे।

## बबराला को मिला नया पुलिस थाना 7 अगस्त को सीएम करेंगे उद्घाटन



**नेशनल एक्सप्रेस**

गुन्नौर बबराला। क्षेत्र को अब सुरक्षा के लिहाज से बड़ी सौगात मिलने जा रही है। बबराला में नवसृजित पुलिस थाना 7 अगस्त से औपचारिक रूप से अस्तित्व में आ जाएगा। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने सम्भल दौरे के दौरान करेंगे। इस नये थाने में गुन्नौर, धनारी और रजपुरा थाना क्षेत्रों के सीमावर्ती गांवों को शामिल किया गया है। गुन्नौर क्षेत्र के 9 गांव, रजपुरा से यारा फर्टिलाइजर प्लांट पुलिस चौकी और जिजौंड़ा डांडा इस थाने के अंतर्गत आएंगे। फिलहाल यह थाना अस्थायी रूप से स्थानीय पुलिस चौकी भवन से संचालित होगा। इसके लिए परिसर में एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया जा रहा है। स्थानीय लोगों में नए थाने को लेकर उत्साह है। लोगों को उम्मीद है कि इससे कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा।

## सहजन सिर्फ जड़ें नहीं फैलाता, चेतना भी जगाता है : अमन खुराना

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी।जनसेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक चेतना के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय अमन खुराना ने अब पर्यावरण और पोषण सुरक्षा की दिशा में भी एक सराहनीय पहल करते हुए सहजन (टड्ढ्रल्लॅ) वृक्ष को अपने व्यक्तिगत संकल्प और संस्था के अभियान का हिस्सा बनाने का निर्णय लिया है।यह प्रेरणा उन्हें हाल ही में देखे गए एक वीडियो से मिली, जिसमें भारतीय वन सेवा अधिकारी व वर्तमान में मेरठ की वन प्रभागीय अधिकारी वंदना फोगाट मैम ने सहजन के पोषण, औषधीय और सामाजिक महत्व पर बेहद प्रभावी रूप से प्रकाश डाला था। सहजनः प्रकृति का पोषणदायी वरदान आयुर्वेद में सहजन को ह्लसर्वगुणसंपन्नह्व और ह्लजीवनदायी वृक्षह्व कहा गया है। इसकी पत्तियाँ, फलियाँ, बीज व छाल औषधीय गुणों से भरपूर होती हैं।

वंदना फोगाट मैम ने अपने संदेश में यह भी उल्लेख किया कि आजकल अधिकांश महिलाओं में आयरन की कमी एक सामान्य स्वास्थ्य समस्या बन चुकी है, और ऐसे में सहजन जैसे पौधे का सेवन एक प्राकृतिक व प्रभावी उपाय हो सकता है।इस संदेश से प्रभावित होकर अमन खुराना ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं सहजन का पौधा लगाएंगे और अपने संस्था के प्रत्येक कार्यक्रम में इसके महत्व को समाज के समक्ष लाने का प्रयास करेंगे। संकल्प जो समाज से जुड़ता है

अमन खुराना ने स्पष्ट किया कि यह पहल किसी के प्रति टिप्पणी नहीं, बल्कि एक सकारात्मक प्रेरणा को जन-जागरण में बदलने का प्रयास है। उन्होंने कहा–

ह्लसहजन का पौधा केवल हरियाली का प्रतीक नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य, चेतना और पोषण की दिशा में एक जीवंत योगदान है। अब उनकी संस्था ह्यअमन खुराना हेल्पिंग सोसाइटी (ए के हेल्पिंग सोसाइटी) (रजि.) हर आयोजन में सहजन पर चर्चा करेगी और अधिक से अधिक लोगों को इसे अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

**विशेषज्ञों के अनुसार सहजन में–**

- संतरे से 7 गुना अधिक Vitamin C,
- दूध से 4 गुना अधिक Calcium,
- केले से 3 गुना अधिक Potassium,
- दही से 2 गुना अधिक Protein,
- पालक से भी अधिक Iron पाया जाता है।

## संपादकीय

# एक रुकी हुई बहस का अंत: 'ऑपरेशन सिंदूर' पर संसद में चर्चा का सार

लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चली लंबी बहस का आखिरकार समापन हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत सभी प्रमुख नेताओं ने अपनी बात संसद में रखी। छोटे दलों के सांसदों को भी बोलने का अवसर मिला, जिससे यह बहस औपचारिक रूप से पूरी तो हुई, लेकिन इसके विषयवस्तु में दोहराव और ठहराव अधिक था। विपक्ष जहां युद्धविराम और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की कथित मध्यस्थता पर अटका रहा, वहीं सत्ता पक्ष 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को बार-बार दोहराता रहा।विपक्ष ने संसद के भीतर वही सवाल उठाए, जो वह लंबे समय से संसद के बाहर भी कहता आया है — ऐसे में सवाल यह भी उठा कि संसद सत्र का वास्तविक उद्देश्य क्या था, जब उसमें नया कुछ भी नहीं जुड़ पाया ?आतंकवाद भारत में कोई नया खतरा नहीं है। 1990 के दशक से अब तक देश को आतंकवाद की गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इससे पहले भी आतंकी गतिविधियां होती थीं, लेकिन उनका स्वरूप और प्रभाव सीमित था। आज जब देश एक विकसित सुरक्षा-तंत्र और खुफिया एजेंसियों से युक्त है, तब भी हम पूरी तरह से सुरक्षित नहीं कहे जा सकते।न तो 26/11 को रोका जा सका, न ही कई अन्य हमलों को। और यही वैश्विक समस्या भी है — अमेरिका जैसे देश भी 9/11 के हमले को नहीं रोक सके, इज़राइल जैसा सतर्क राष्ट्र भी हमास के हमले का शिकार हुआ। यही कारण है कि संसद में उठे सवाल, जैसे पहलगाम जैसे भीड़भाड़ वाले पर्यटन क्षेत्र में एक भी सुरक्षाकर्मी का न होना, महत्वपूर्ण बन जाते हैं।सांसद प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव ने यह सवाल उठाया कि जहां रोज 1000 से अधिक पर्यटक आते हैं, उस स्थान पर कोई सुरक्षा क्यों नहीं थी ? और क्या उस लापरवाही के लिए किसी को जवाबदेह ठहराया गया ? दुर्भाग्यवश, प्रधानमंत्री मोदी इस सवाल का सीधा उत्तर नहीं दे सके, और न ही रक्षा मंत्री या गृहमंत्री ने कोई सफाई दी।गृह मंत्री अमित शाह तो इस हमले से दो दिन पहले कश्मीर दौरे पर थे, और उन्होंने उस समय बयान दिया था कि ₹आतंकवाद समाप्ति की ओर है₹, लेकिन हमले ने उनकी बातों को चुनौती दे दी। संसद में उनके और राहुल गांधी के भाषणों में अनावश्यक उत्तेजना दिखाई दी, जिससे विषय का मूल केंद्र कमजोर हुआ।पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तुलना वर्तमान प्रधानमंत्री मोदी से करने की कोशिश भी राजनीतिक रूप से अनावश्यक लगी। किसी प्रधानमंत्री का आकलन उसकी 'हिम्मत' या 'आक्रामकता' से नहीं, बल्कि उसकी नीतियों और निर्णयों के आधार पर किया जाना चाहिए।संसद में प्रधानमंत्री मोदी का यह भाषण तीसरे सबसे लंबे भाषणों में शामिल रहा — कुल 1 घंटा 42 मिनट। उन्होंने विस्तार से बताया कि ऑपरेशन सिंदूर क्यों और कैसे शुरू किया गया, पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को कैसे ध्वस्त किया गया। साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि 9 मई की रात पाकिस्तान ने भारत पर 1000 से अधिक मिसाइलों और ड्रोन से हमला करने की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय वायु रक्षा प्रणाली ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया।हालांकि, मुद्दा 'ऑपरेशन सिंदूर' और आतंकवाद था, लेकिन प्रधानमंत्री ने अपने भाषण को अतीत की ओर मोड़ते हुए नेहरू काल, सिंधु जल संधि, सियाचिन विवाद, और 1971 की लड़ाई जैसे पुराने प्रसंगों को फिर से उठाया। अतीत से सीख लेना आवश्यक है, लेकिन बार-बार इतिहास को खंगालना वर्तमान की बहसों को भटका देता है।इस संपूर्ण चर्चा के बाद सवाल उठता है कि क्या 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बहस ने कोई ठोस समाधान, सीख या दिशा दी ? असल में, सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने अपने-अपने एजेंडे पर ही फोकस किया, जिससे बहस का समापन तो हुआ, लेकिन कई जरूरी सवाल अब भी अनुत्तरित हैं।यह तब तक 'शांतिपूर्ण समापन' माना जा सकता है, जब तक पाकिस्तान कोई नया दुस्साहस नहीं करता। लेकिन भविष्य की सुरक्षा के लिए जवाबदेही, पारदर्शिता और तैयारी के मोर्चे पर बहस को अब आगे बढ़ाना जरूरी होगा।

# सेहत के लिए जरुरी है प्रकृति से सांमजस्य



डॉ. शिशिर पण्डित

यदि हम प्रकृति के साथ सांमजस्य बनाये रखेगें तो ही हम अपनी सेहत को स्वस्थ रख सकेगें वरना हमारा सभी का जीवन दूभर ही नहीं असम्भव हो जायेगा। प्रकृति और जीवन एक दूसरे से सिक्के के दो रुपों जैसे जुड़े हैं। प्रकृति हमारे लिए और हम प्रकृति के लिए है। यह सदैव सोचकर आगे बढ़ना होगा। प्रकृति ने सभी प्राणिमात्र को उसकी जीवन की आवश्यकता अनुसार सुविधा दे रखी और यदि वह इन सुविधाओं का भरपूर और सही उपयोग करता रहे तो उसे कठिनाइयों का कम सामना करना पड़ेगा। जैसे ऊँट अधिकांश रेतिले नागों की यात्रा के लिए सुगम होते हैं और इन स्थानो पर पानी दूर दूर तक दिलाई नहीं देता इसलिए ऊँट के पेट में प्रकृति ने पानी की थैली दे रखी है जिससे वह अपनी क्षुधा शमन कर सकता है। ऊँट की गर्दन मी लम्बी होती है जिससे वह रेगिस्तान ने अपनी गर्दन से वृक्षों की पत्तियों को खा सके । प्रायः यह देखा गया है कि कई पौधों की पत्तियों मोटी होती है और इनमें पानी की मात्रा काफी होती है इनसे उनकी वृद्धि की गति बढ़ती रहती है। इत्ती प्रकार मेड़, नालू और रीछ के शरीर पर चने कम्बल के समान बालो का आवरण दे रखा है जिससे वे शीतकाल में अपने शरीर को बचा कर रखे।



हिंसक जीव अस्त्र शस्त्र चलाना नहीं जानते इसीलिए उनको नाखूनों और जबड़ों के बड़े बड़े दाँतों से अपनी रक्षा एवं शिकार करने की छूट प्रकृति ने दे रखी है।त्वत्थ्य प्रकृति ने समस्त प्राणीमात्र के लिए अनुपन उपहारों की उपलब्धता बनाये रखी है। यदि हम अपने तारे कार्य प्रकृति के अनुरुप एवं उत्तते तामजस्य बनाये रता करे तो हम जीवन को सुचारु रुप से चलाकर खुद जीये और दूसरों को भी जीने दे सकते हैं। सूर्य से तभी को ऊर्जा प्राप्त होती है अत. सूर्य से ऊर्जा प्राप्त करने के लिए सूर्य उदय के समय हमे अति तक्रिय रहना आवश्यक है। यदि हम अपने दैनिक जीवन के अति महत्वपूर्ण कार्य प्रातः ही सूर्य की ऊजां की उपस्थिति में ही पूर्ण करते जैसे जीबन के लिए मोग, प्राणायान, व्यायान आदि अति आवश्यक है। अतः हम इन्हें सूर्य की प्रथन ऊर्जा के साथ ही सम्पन्न कर लेना चाहिए। इसते दिनभर आप प्रसन्न स्वस्थ्य एवं तरोताजा बने रहेंगे।

व्यायाम करने से रोग, आलस्य अपाच्य की निवृत्ति हो, बुद्धि में निर्मलता और पवित्रता का संबार हो कर विशुद्ध ज्ञान प्रकाशित होता है। इसलिए व्यायाम करना आवश्यक है। दाँतों की सफाई की ओर भी विशेष ध्यान रखना चाहिए किसी शुद्ध वृक्ष बबूल या नीम की दाँतोन अथवा मजन से दांतों को नित्य प्रति ताफ करे जिससे दाँतों और मुख में दुर्गन्ध न आबे और दाँत मी तुदृढ रहे बुढ़ापे में दुच्च न देवे। इतके पश्चात नदी तालाब कूप या नल के शुद्ध जल से स्नान करे स्नान पश्चात त्वच्छ कपड़े से अंग प्रत्यंग को भली भौति प्राछ कर निर्मल स्वच्छ बस्त्र धारण करे।विद्यार्थी वर्ग का यह आवश्यक हो जाता है कि उन्हें परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए और अपनी स्मरण शक्ति को बनाये रताने के लिए सूर्य उदय के प्रात काल में ही अपना पाठ एय अध्ययन भी पूर्ण करने का प्रयास करना चाहिए। नाश्ता एवं भांजन को भी यह इत्मिनानान एवं चबा चबा कर करना चाहिए।

वर्तमान में अधिकाश लाग दाँतो का काम आती स ले रहे है। भोजन को जल्दी ने बिना चबाये ही गाल और खाने में समय और सामग्री का भी ध्यान नहीं रखते। इसीलिए अस्पताल की आवश्यकता पड़ रही है। अधिकाश बीमारियों खाने के गलत वग से होती है। प्रकृति के साथ सामजस्य बनाकर दिनभर तरोताजा एवं प्रसन्नता को हासिल किया जा सकता है। प्रकृति ने प्राणि के शरीर की रचना भी अलौकिक ढंग से की है। यदि प्रकृति के सिद्धान्त को अपने जीवन में लागू कर गर्मी के मौसम में हम नीबू का शरबत या ठंडक पेय पदार्थों का सेवन करते है तो शरीर इसे ग्रहण कर लेगा। किन्तु ठंड में यही पेय शरीर को बर्दाश्त नहीं होगें। गर्मी में शरीर को अधिक से अधिक हवा लगने वाले ढीले ढाले कपड़ों के आवश्यकता होती है जो ठंड में गर्म और शरीर से चिपके रहने वाले कपड़ों की महत्ता हो जाती है। ग्रामीण परिवेश में रहने वाले निवासी प्रकृति के साथ अधिक नजदिकी एवं सामजस्य बनाकर जीते है अतः उन्हें अधिक समस्या नही आती जबकि कृत्रिम रूप से कूलर, पंखों की हवा में जीवन जीने वाले कई समस्याओं को जन्म दे देते है। प्रकृति की गोद में एवं खुले आसमान में1विचरण करने वाले पक्षी कभी बीमार नहीं पडते किन्तु बड़ी-बड़ी अट्टालिका एवं पक्के मकानों में रहने वाले शुद्ध वातावरण एवं हवा से वचित रहकर नाना प्रकार की बीमारियों एवं चिन्ताओं से ग्रसित रहते हैं।

शहरों में वाहनों कल कारखानों से निकलने वाला जहरीला धुआँ एवं धूल के कणों में छिपी गन्दगी नाना प्रकार की बीमारियों को निमत्रण देकर हमारे जीवन को विषाक्त बना देती हैं। हमारी श्वास प्रक्रिया के लिए या यो कहा जाय कि अच्छी सेहत के लिए शुद्ध ऑक्सीजन की नितान्त आवश्यकता होती है।

शुद्ध एवं ताजी हवा हमारे आसपास के वातावरण एवं वृक्षों से प्राप्त होती है। अतः इसके हेतु पर्यावरण का शुद्ध रहना और अधिक से अधिक वृक्षों का होना आवश्यव होना आवश्यक है किन्तु आज दोनों का ही अभाव है इसीलिए अधिक से अधिक बिमारियों मनुष्य का घर हुए है। प्रकृति प्रकृति यत्र तत्र वृक्षों को लगाया ताकि उनसे फल, औषधि, और शुद्ध वायु का सतत क्रम चलता रहे किन्तु इमारती और जलाउ लकड़ी के रूप में एव रहवाली क्षेत्रों के विस्तार में हरे भरे अधिकांश वृक्षों को काट डाला है जिससे हरे वृक्षों की समस्या विकराल होती जा रही है। पौधे हमारे द्वारा छोड़ी गई कार्बन डाई आक्साइड ग्रहण कर बदले में आक्सीजन देते है अतः वृक्षों का हमारे जीवन में गहरा सम्बन्ध है। इस बात का ध्यान रखना नितान्त आवश्यक है। अतः इनकी पूर्ण सुरक्षा एवं अधिक से अधिक नीम, गुलमोहर के साथा फलदार पौधे रोपने की जिम्मेवारी का वहन हम सबको प्रसन्नता से करना चाहिए।सामान्य जन तथा पाश्चात्य विश्व भौतिक उन्नति तथा शारिरीक तथा मानसिक अभिवृद्धि तक ही अपने जीबन की सार्थकता मानकर नीतिक उत्कर्ष में ही प्रयत्नशील रहता है किन्तु यह पहलु एकाकी और अधुरा ही है इसमें केवल कत्तूरी मृग जैत्ता वृथा नदकाय ही है। भांतिक सुविधा की दृष्टि से यदि हमार पाप्त विपुल धन सम्पदा आवाल और परिवहन के प्रचूर साधन हा परिवार में पुत्र पोत्र एवं वन्धु बान्धवा की फूलबारी नी महक रही हा तथा दीर्घ जीवन और आरोग्य को सजीवनी भी सुलभ हो तब भी हमारी मृगतृष्णा महत्वाकाक्षी और अधिकाधिक संचय की लालसाएँ अपूर्ण ही तिद्ध होगी।

वैज्ञानिक युग में सुख सुविधाजन्य मनीतिक उपकरणा के आकर्षण से मानद की महति शवितधनोपार्जन और सुख सुविधा के साधन की गतिविधि तफीगं स्वार्थ के केन्द्र बिन्द्र पर ही घूम रही है। किन्तु इन पार्थिक प्रलोभना इच्छा आर यातना के पूर्ण कर लन से ही हम जीवन का सच्चा सुर आनन्द और शशान्ति सुमन हा सकगीत प्रकार के भीतिक प्रपच में ता मानव जीवन के दुर्लभ एवं शाश्वत सत्यनिरन्तर दूर ही दूर हटला जायगा।विकशील प्रवृद्ध मानवीय दृष्टिविहार और अनुनय करना होगा कि मनुष्य समय-समय पर एजी अयाचित घटनाएं दिल होती रहती है जो जीवन के सम्मुलन और शान्ति का एलीन स्थिति में मनुष्य अपनी यह आकाश की आरपीताला है कि उबार कर जागृत कर अपनी सहभाग है।

*(लेखक पर्यावरणविद् एवं प्रशासनिक अधिकारी हैं।)*

व्यायाम करने से रोग, आलस्य अपाच्य की निवृत्ति हो, बुद्धि में निर्मलता और पवित्रता का संबार हो कर विशुद्ध ज्ञान प्रकाशित होता है। इसलिए व्यायाम करना आवश्यक है। दाँतों की सफाई की ओर भी विशेष ध्यान रखना चाहिए किसी शुद्ध वृक्ष बबूल या नीम की दाँतोन अथवा मजन से दांतों को नित्य प्रति ताफ करे जिससे दाँतों और मुख में दुर्गन्ध न आबे और दाँत मी तुदृढ रहे बुढ़ापे में दुच्च न देवे। इतके पश्चात नदी तालाब कूप या नल के शुद्ध जल से स्नान करे स्नान पश्चात त्वच्छ कपड़े से अंग प्रत्यंग को भली भौति प्राछ कर निर्मल स्वच्छ बस्त्र धारण करे।

## इतिहास में आज का दिन

4 जुलाई एक ऐसी तारीख है जो इतिहास, विचार और मानव चेतना के कई परतों को समेटे हुए है। यह दिन सिर्फ कैलेंडर में दर्ज एक तिथि नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, आत्मनिर्णय और वैज्ञानिक अन्वेषण के कई महत्वपूर्ण अध्यायों का प्रतिनिधित्व करता है। जब हम 4 जुलाई का स्मरण करते हैं, तो सबसे पहली छवि अमेरिका की स्वतंत्रता की घोषणा की उभरती है। वर्ष 1776 में इसी दिन अमेरिका ने ब्रिटेन के औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्र होने की घोषणा की थी। यह घोषणा केवल एक राजनीतिक दस्तावेज नहीं थी, बल्कि यह स्वतंत्रता, समानता और मानवाधिकारों जैसे सार्वभौमिक मूल्यों की आवाज थी। अमेरिका के स्वतंत्रता संग्राम से निकले ये विचार बाद में विश्व के कई हिस्सों में आज़ादी की मांग कर रहे आंदोलनों के लिए प्रेरणा बने, जिनमें भारत भी शामिल था।4 जुलाई ने सिद्ध किया कि जब कोई राष्ट्र स्वतंत्रता की आकांक्षा करता है और उस दिशा में संगठित प्रयास करता है, तो वह साम्राज्यवादी ताकतों को भी पीछे छोड़ सकता है। अमेरिकी स्वतंत्रता



की घोषणा को तैयार करने वाले नेताओं में थॉमस जेफरसन जैसी शख्सियतें थीं, जिन्होंने यह साबित किया कि विचारों की शक्ति तलवार से कहीं अधिक स्थायी होती है। उनका दृष्टिकोण केवल अमेरिका के लिए नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए नई वैचारिक दिशा बना।इस दिन का महत्व केवल ऐतिहासिक या राजनीतिक ही नहीं, वैज्ञानिक रूप से भी गहरा है। 4 जुलाई 1997 को नासा का 'पाथफाइंडर मिशन' मंगल ग्रह पर सफलतापूर्वक उतरा था। यह मानवता की उस जिज्ञासा और साहस का प्रमाण था, जो हमें हमारे ग्रह से बाहर, ब्रह्मांड की नई सीमाओं तक ले जाती है। इसी तरह 2005 में नासा के डीप इम्पैक्ट मिशन ने टेम्पल-1 नामक धूमकेतु से टकराकर उसके घटकों का अध्ययन किया, जो ब्रह्मांड की उत्पत्ति को समझने की दिशा में एक बड़ा कदम था। इस तरह 4 जुलाई अंतरिक्ष विज्ञान के इतिहास में भी एक मील का पत्थर बन गया।इतिहास और विज्ञान के साथ-साथ 4 जुलाई सांस्कृतिक दृष्टि से भी विशेष है। यह दिन कई महान साहित्यकारों, विचारकों और कलाकारों के जन्म और निधन की तिथि भी रहा है, जिन्होंने समाज को नई दृष्टि, संवेदना और सोच दी। इस दिन की सांस्कृतिक परछाइयाँ हमें यह एहसास कराती हैं कि स्वतंत्रता केवल राजनैतिक नहीं होती — वह रचनात्मक, बौद्धिक और आत्मिक भी होती है।हालाँकि यह दिन उत्सव और उल्लास का प्रतीक है, लेकिन इसके साथ आत्मपरीक्षण की आवश्यकता भी जुड़ी हुई है। अमेरिका जैसे देश में, जहाँ यह दिन राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक माना जाता है, वहाँ फ्रेडरिक डगलस जैसे सामाजिक चिंतकों ने यह सवाल भी उठाया कि क्या यह स्वतंत्रता वास्तव में सभी के लिए है? डगलस का भाषण, ₹एक दास के लिए 4 जुलाई का क्या अर्थ है?₹ आज भी यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या समाज वास्तव में हर वर्ग को समान अधिकार और सम्मान दे रहा है।4 जुलाई केवल अतीत को याद करने का अवसर नहीं है, बल्कि यह वर्तमान की नीतियों और दृष्टिकोणों को परखने और भविष्य की दिशा तय करने का एक दार्शनिक अवसर भी है। यह दिन हमें यह सिखाता है कि स्वतंत्रता की रक्षा करना भी उतना ही ज़रूरी है जितना उसे प्राप्त करना। स्वतंत्रता तब सार्थक होती है जब उसके साथ न्याय, गरिमा और समता भी जुड़ी हो।इसलिए, 4 जुलाई को केवल ऐतिहासिक घटनाओं का स्मरण न मानें, बल्कि इसे एक ऐसे दिन के रूप में देखें, जो हमें प्रेरित करता है कि हम विचार, संवेदना और नैतिकता से संपन्न एक बेहतर समाज की ओर अग्रसर हों। यह दिन हमें याद दिलाता है कि एक राष्ट्र की आत्मा उसकी स्वतंत्रता में नहीं, बल्कि उस स्वतंत्रता के व्यवहार में बसती है — जो हर व्यक्ति को समान रूप से सुरक्षा, सम्मान और अवसर प्रदान करती है।

## समसामयिक

# बड़े चौधरी ने खंभा नोंचा!



ऋषभदेव शर्मा

यह तो किसी से छिपा नहीं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जबसे दोबारा चुनकर आए हैं, तभी से बड़े चौधरी बने सनकियाए बैठे हैं। रोज़ नए-नए तनावों की सृष्टि करना उनका प्रिय शगल है। तुर्रा यह कि इसे वे तनाव कम करना कहते हैं और खुद को पंच परमेश्वर मानते हैं। पंच परमेश्वर हैं तो किसी को पुरस्कृत और किसी को दंडित करेंगे ही। अपने इसी शौक के चलते उन्होंने अभी अभी पाकिस्तान को पुरस्कृत और भारत को दंडित करने की शातिराना चाल चली है। सयानों की मानें तो इस चाल के पीछे भारत के उनके दबाव में न आने से उपजी खीझ छिपी है। उसे ही निकालने के लिए वे खंभे नोंचते फिर रहे हैं और अपने नाखून तुड़वा रहे हैं।आइए, इस उलटबाँसी को सीधे ढंग से समझने की कोशिश करते हैं। जगज़ाहिर है कि ट्रंप महाशय के हालिया कदमों ने वैश्विक कूटनीति और आर्थिक रिश्तों में नए तनाव को जन्म दिया है - खासकर दक्षिण एशिया के संदर्भ में। भारत और पाकिस्तान के प्रति उनके रवैये में खुले भेदभाव और आर्थिक साम्राज्यवाद की नीति ने न केवल क्षेत्रीय समीकरणों को प्रभावित किया है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और भू-राजनीति पर भी गहरे सवाल खड़े किए हैं। हाल के महीनों में, ट्रंप प्रशासन ने भारत के खिलाफ कठोर रुख अपनाया है। भारत से आयात पर २५ प्रतिशत टैरिफ की घोषणा और रूस के साथ व्यापार के लिए भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध इसका सबूत हैं। ट्रंप ने अमृत काल में प्रविष्ट हो चुकी भारत की अर्थव्यवस्था को 'मृत' कहकर अपमानित किया, जबकि भारत की जीडीपी वृद्धि दर वैश्विक औसत से दोगुनी रही है। इसके उलट, उन्होंने पाकिस्तान के साथ 'बड़ी व्यापार डील' और तेल खोज में सहयोग की घोषणा की है। सच तो यह है कि वे इस बात से आग-बबूला है कि हालिया भारत-पाकिस्तान संघर्ष में मध्यस्थता के उनके झूठ दावे को भारत ने सिरे से खारिज कैसे कर दिया!वैसे इस भेदभाव की कई वजहें हैं। पहली, अमेरिका का भारत के साथ बढ़ता व्यापार घाटा (45.8 अरब डॉलर) ट्रंप को भारत पर दबाव बनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। दूसरी, पाकिस्तान को चीन के प्रभाव से दूर करने की रणनीति के तहत ट्रंप ने उसे रणनीतिक साझेदार के रूप में चुना है।

पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख आसिम मुनीर के साथ उनकी व्हाइट हाउस मुलाकात इसका स्पष्ट संकेत थी! कहना ग़लत न होगा कि ट्रंप की नीतियाँ आर्थिक साम्राज्यवाद के नए संस्करण की तरह हैं, जहाँ टैरिफ और प्रतिबंधों का उपयोग वैश्विक व्यापार को नियंत्रित करने के लिए किया जा रहा है! भारत पर २५ प्रतिशत टैरिफ और दवा आयात पर संभावित २०० प्रतिशत शुल्क से फार्मास्यूटिकल्स, स्टील और टेक्सटाइल पर बुरा असर पड़ेगा। इससे सप्लाई चेन बाधित हो सकती है और वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल लागत बढ़ सकती है।यह नीति न केवल भारत, बल्कि ब्रिक्स देशों (जिनका वैश्विक जीडीपी में ३२ प्रतिशत योगदान है) को भी चुनौती देती है। ट्रंप यह सब पश्चिमी प्रभुत्व को बनाए रखने के लिए कर रहे हैं। लेकिन यह उल्टा भी पड़ सकता है। भारत जैसे उभरते बाजारों पर दबाव डालने से बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को बढ़ावा मिल सकता है, जिसमें ब्रिक्स और अन्य गैर-पश्चिमी गठबंधन मज़बूत होंगे। यही वजह है कि भारत अब चीन के साथ रिश्तों को संतुलित करने की दिशा में कदम उठा रहा है - जो ट्रंप की रणनीति के लिए झटका हो सकता है!ग़ौर करें कि ट्रंप की सनकभरी नीतियों का वैश्विक व्यापार पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है। कनाडा तो ट्रंप के टैरिफ युद्ध को अंतरराष्ट्रीय कारोबार के लिए हानिकारक बता ही चुका है।

वैश्विक सप्लाई चेन और आर्थिक स्थिरता खतरे में पड़ी, तो ग्लोबलाइजेशन औंधे मुँह गिर सकता है! कहने को ट्रंप का भारत के प्रति सख़्त और पाकिस्तान के प्रति नरम रवैया उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति का हिस्सा है, जो अल्पकालिक आर्थिक लाभ और भू-राजनीतिक रणनीति पर टिकी है। लेकिन, वे भूल रहे हैं कि यह नीति दीर्घकाल में अमेरिका को अलग-थलग कर सकती है। भारत को इस स्थिति में कूटनीतिक संतुलन बनाए रखना होगा, जिसमें ब्रिक्स की एकजुटता और अमेरिका के साथ साझेदारी दोनों महत्वपूर्ण हैं। भारत के लिए यह समय संयम का है, उत्तेजना का नहीं!

# बिहार चुनाव 2025: लोकतंत्र की कसौटी पर राजनैतिक दल



विष्णु लोहिया

बिहार चुनाव की तारिखें अभी घोषित नहीं हुई है लेकिन सम्भवतः नवम्बर महिने में चुनाव होंगे। चुनाव में लगभग चार महिने का समय बचा है और प्रत्येक दल अपनी-अपनी शतरंज बिछाने में लगा है लेकिन प्रत्येक राजनैतिक दल अभी तक अपनी चुनावी विसात बिछाने को एक निश्चित दिशा देने का निर्णय करने में ऊहापोह की स्थिति में है। पिछले विधानसभा चुनाव के पूर्व अपने लेख में मैंने स्पष्ट लिखा था कि पूर्ण सम्भावना इसी बात की है कि लालूजी का दल सबसे बड़ी पार्टी के रूप में जरूर उभरेगा लेकिन सरकार भाजपा-नीत मोर्चा की होगी। लेकिन इस बार अभी तक स्थिति भिन्न है। लालूजी की पार्टी के मोर्चा को भाजपा-नीत मोर्चा से बढ़त हासिल है, फिर चुनाव बहिष्कार की बात क्यूँ? चुनाव परिणाम का ऊँट किस करवट बैठेगा, अभी इसका सटिक अनुमान लगाना अपेक्षित नहीं है। सत्तारूढ गठबन्धन के सबसे बड़े हथियार लालू का जंगलराज की धार, कुन्द होने लगी है। विशेष कर पिछले कुछ दिनों में बिहार में हुए जघन्य अपराधों के कारण जिसमें सत्तारूढ दल के नेताओं तक की सरेआम हत्या हुई, इससे उत्साहित होकर विपक्ष अब सुशासन के जंगलराज की बात कर रहा है।

कास्ट फैक्टर हमेशा बिहार में जीवन के हर पहलु में हावी रहा है। फिर लालूजी तो जातिवाद के माहिर खिलाड़ी रहे हैं। मुस्लिम यादव (माई) फार्मूला पर लालूजी ने कई चुनाव जीते लेकिन माई का भावनात्मक प्रयोग करने के अलावा लालूजी बिहार के लिए या कहा जाय





तो मुस्लिम-यादव समीकरण के लिए भी कोई उल्लेखनीय सकारात्मक कार्य करने में विफल रहे। अपहरण, लूटपाट, हत्या का ऐसा विभत्स दौर चला कि काफी लोगों ने अपने आप को बिहार से अलग कर सुरत और बंगलौर सहित देश के विभिन्न भागों में जहाँ भी अवसर मिला, हस्तान्तरित कर लिया। वर्तमान मुख्यमंत्री, कुछ अपवाद समय को छोड़कर अधिकतर समय केन्द्र की छत्रछाया में रहे और बिहार को केन्द्र का भरपूर सहयोग मिला लेकिन शायद नीतीशजी की बढ़ती उम्र और गिरते स्वास्थ्य की वजह से प्रशासन पर कमजोर होती पकड़ के कारण उनका जनसमर्थन निरन्तर गिर रहा है, लेकिन फिर भी उनकी अगुवायी में चुनाव लड़ना भाजपा की राजनैतिक मजबूरी है।

जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे हर दिन किसी न किसी मुद्दे पर सड़क पर उतर कर सरकार को घेरने की चुनावी नीति पर विपक्ष काम कर रहा है, जिससे जहाँ एक ओर वह जनसमक्ष अपनी स्थिति मजबूत करने का प्रयास कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ चुनावों तक अपने दल की पूरी मशनरी को चुस्त-दुरुस्त कर यह पता लगा रहा है कि कौन से कार्यकर्त्ता सक्रिय नहीं है और चुनाव जीतने के लिए उसको और क्या करना है?यहाँ तक तो ठीक है, क्योंकि यह चुनावी चौसर की एक चाल है लेकिन वोटर लिस्ट के चुनाव आयोग के फैसले के विरुद्ध सड़क पर आन्दोलन के बाद अचानक से तेजस्वी चुनाव बहिष्कार की बात करने लग गये हैं, जिसे उनके सहयोगी दल के राहुलजी भी मंजूरी देने की बात कर रहे हैं, जिसका स्पष्टत्या तो कोई प्रत्यक्ष कारण दिखता नहीं है। यदि यह बिहार के विपक्ष के राजनैतिक चौसर की एक चाल है तो निश्चय ही विद्वान राजनैतिक लोगों ने सोच-समझ कर इस चाल को चला रहे हैं। लेकिन क्या बिहार के समस्त राजनैतिक दल चुनावों का बहिष्कार करेंगे और क्या चुनाव आयोग के गरे हुए गतदाताओं और जिन मतदाताओं के अन्य कहीं भी वोट हैं, यानि एक मतदाता ने अपने वोट का पंजीकरण एक स्थान से अधिक पर कर रखा है, उनके नाम काटे जाने को मुद्दा बनाकर चुनाव बहिष्कार करना प्रासंगिक होगा, क्योंकि बिहार की कुल आबादी करीब साढ़े तेरह करोड़ है, जिसमें लगभग ८ करोड़ मतदाता हैं और जिसमें करीब ५२ लाख मतदाताओं के नाम मृत और अन्य जगह पर भी होने के कारण कट रहे हैं। इसके बाद पूरा एक महिना नाम जुड़वाने के लिए उपलब्ध हैं, फिर चुनाव बहिष्कार के अन्तर्निहित मायने क्या है? जैसा कि १७ सितम्बर २०२४ को प्रकाशित अपने लेख क्या बांग्लादेश की पुनरावृत्ति-हिन्द की राजनीति के लिए आवश्यक है में कुछ राजनेताओं द्वारा बांग्लादेश में लोकतंत्र का गला घोटने को सही बतलाने पर विस्तार से लिखा था, क्या राजनेता बिहार को भी उस बांग्लादेश की राह पर चलाना चाहते हैं, जहाँ कुछ पचास हजार लोगों ने सड़क पर उतर कर अपने देश के संविधान को जूतें तले रौदकर, कायदे कानूनों की धज्जियाँ उड़ाकर सड़क पर उत्पात के बल पर अराजक स्थिति पैदा कर एक लोकतांत्रिक निर्वाचित प्रधानमंत्री को निर्वासित होने के लिए बाध्य कर दिया। हमें याद रखना चाहिए कि लोकतंत्र में सत्ता बुलेट से नहीं बैलेट से निकलती है और बैलेट जिसके पक्ष में अधिक संख्या में बैलेट बोक्स से निकलते हैं, सत्ता उसे ही मिलती है।

पिछले कुछ समय से राजनैतिक दल जहाँ-जहाँ उनकी सत्ता नहीं है, वहाँ येन-केन प्रकारेण सत्ता प्राप्ति के लिए पागल हो रहे हैं। जैसे काँग्रेस किसी भी प्रकार केन्द्र में, राजद बिहार में, भाजपा पश्चिम बंगाल में सत्तानसीं होना चाहती है, लेकिन इसके लिए चुनाव बहिष्कार तक की सोच लेना, किसी भी तरह से प्रासंगिक नहीं हो सकता है और वह भी तब, जब बिहार में कांटें की टक्कर के बावजूद आज स्थिति चाहे लालूजी के पक्ष में ५१ प्रतिशत और नीतीशजी के लिए ४९ प्रतिशत ही क्यों न हो और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्य की बात है कि आज एक राज्य का युवा वर्ग एक सजायाफ्ता राजनेता की तरफ आशा भरी दृष्टि से निहार रहा है।

चुनाव परिणाम चाहे जो भी हो, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए भी यह शर्म का विषय है, क्योंकि इससे यह तो प्रमाणिक होता ही है कि सत्तारूढ़ दल के प्रति जन साधारण में विक्षोभ है और मध्यवित्त वर्ग, जो भाजपा का जनसंघ से लेकर आजतक सबसे सुदृढ़ वोट बैंक रहा है, भाजपा से निराश है, भले ही उसने अभी तक भाजपा को वोट न देने का मन न बनाया हो, लेकिन यथार्थ यह है कि देश का यह मध्यवक्ति वर्ग, जिसने हमेशा तन-मन-धन तीनों से भाजपा का साथ निभाया है, किसी भी समय घिसकना शुरू हो सकता है और वही भाजपा की सत्ता से बेदखली का कारण होगा, अन्य कोई भी नहीं।

# घाटमपुर के जलभराव से प्रभावित क्षेत्र में गड्ढे में गिरा डेढ़ साल का मासूम

## एसडीएम, ट्रैफिक पुलिस, सीएमओ सब अलर्ट, गोल्डन ऑवर में मिला इलाज



सूचना मिलते ही आवश्यक निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों द्वारा त्वरित समन्वय से बच्चे को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सकी।
*-जितेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी*

**कानपुर नगर** घाटमपुर के महुआपुरवा गांव में शनिवार सुबह एक साल आठ महीने का कपिल नाम का बच्चा पानी से भरे गड्ढे में गिर गया। वह अचेत था, लेकिन साँसें चल रही थीं। सुबह करीब सात बजे उपजिलाधिकारी घाटमपुर अबिचल प्रताप सिंह को परिजनों की घबराई हुई कॉल मिली। इसके बाद प्रशासन ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, जिसे 'ऑपरेशन संजीवनी' नाम दिया गया। परिजनों ने पहले हमीरपुर अस्पताल पहुँचाया, जहाँ से हालत गंभीर देखते हुए हैलेट रेफर किया गया। रास्ते में न एम्बुलेंस फंसी न ट्रैफिक में देरी हुई क्योंकि जिले के ट्रैफिक कंट्रोल रूम से लेकर हैलेट के इमरजेंसी गेट तक पूरा सिस्टम बच्चे की साँसों को बचाने में लगा था।

एसडीएम ने सबसे पहले जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह को जानकारी दी। इसके बाद 108 एम्बुलेंस की आवाजाही सुचारु हो इसके लिए ट्रैफिक पुलिस को एसीपी घाटमपुर कृष्णकांत की ओर से निर्देश दिए गए। सीएमओ को हैलेट की इमरजेंसी टीम को अलर्ट रखने को कहा गया। एम्बुलेंस के पहुंचने से पहले ही डॉक्टर मौजूद थे।

रेफर के बाद हैलेट तक का सफर करीब डेढ़ घंटे चला। इस दौरान एसडीएम लगातार वीडियो कॉल पर बच्चे की माँ और चाचा से जुड़े रहे। मेडिकल टीम की तैयारी और हर अपडेट सीधे परिजनों को देते रहे।

हैलेट में डॉक्टरों ने 108 एम्बुलेंस से सीधे इमरजेंसी में लाकर तुरंत इलाज शुरू किया। 40 मिनट के भीतर बच्चे को चेतना लौट आई। मेडिकल सुपरिटेंडेंट के मुताबिक बच्चा खतरे से बाहर है।हैलेट इमरजेंसी यूनिट में तैनात एक वरिष्ठ चिकित्सक ने बताया कि अगर एम्बुलेंस रास्ते में 15 मिनट भी देर से पहुंचती तो स्थिति हाथ से निकल सकती थी। बच्चे की साँसें कमज़ोर थीं और शरीर ठंडा हो चुका था। इस मदद के लिए बच्चे के पिता राजाराम ने जिला प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन की मदद से ही उनके बच्चे का जीवन बच सका है। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर बच्चे को समय रहते अस्पताल पहुँचाया गया। यह पूरी टीम की सक्रियता का परिणाम है कि मासूम की जान बचाई जा सकी।

# घाटमपुर के जलभराव प्रभावित गांवों में राहत और बचाव कार्य तेज़ी से जारी, प्रशासन सक्रिय

नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।



कानपुर नगर, घाटमपुर तहसील क्षेत्र के जलभराव प्रभावित गांवों में आज भी राहत और बचाव कार्य पूरे जोर-शोर से जारी रहा। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देश और अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विवेक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में शासन के मानकों के अनुरूप प्रभावित गांवों में लगातार राहत पहुंचाई जा रही है। प्रशासन की ओर से सुबह के समय कटरी, काटर, गड़ाथा, हरदौली और महुआपुरवा गांवों में चना और दलिया का नाश्ता वितरित किया गया। कम्युनिटी किचेन से तैयार ताजा भोजन प्रभावितों तक पहुंचाया गया। दोपहर में पूड़ी, सब्जी, दाल और चावल का लंच नावों और पीएसी बोट के माध्यम से सुरक्षित स्थानों पर मौजूद लोगों को दिया गया। वहीं, रात के भोजन की भी समुचित व्यवस्था की गई है। दोपहर में अकबरपुर से सांसद देवेंद्र सिंह भोले राजस्व और पुलिस की टीम के साथ गड़ाथा गांव पहुंचे। यहां उन्होंने मोटरबोट से गांव के भीतर जाकर जलभराव से प्रभावित परिवारों को मिनरल वाटर, दूध के पैकेट, बिस्किट, मोमबत्ती और मच्छरदानी की अगरबत्तियां वितरित कीं। सांसद ने प्रशासन द्वारा की गई राहत व्यवस्थाओं का जायज़ा भी लिया। वर्तमान में जलस्तर में लगातार कमी आ रही है। सिंचाई विभाग से प्राप्त जानकारी को आमजन के साथ भी साझा किया जा रहा है। कटरी, काटर, गड़ाथा और हरदौली गांवों में राहत कैंप संचालित हैं जहां प्रभावित लोगों को भोजन, पानी, दवाएं और चिकित्सकीय सुविधाएं दी जा रही हैं।

अपर जिलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने आज सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद जलभराव प्रभावित इलाकों का दौरा किया और व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए।

इस दौरान उपजिलाधिकारी घाटमपुर अविचल प्रताप सिंह, प्रभारी तहसीलदार घाटमपुर समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। जलभराव प्रभावित इलाकों में पशुओं के लिए टीकाकरण और दवाओं की व्यवस्था की गई है। पशु चिकित्सकों की मोबाइल टीमें भी लगातार काम कर रही हैं।

# "यंग इंडियंस स्टूडेंट्स पार्लियामेंट 1.0" और "कला ग्राम मेला" का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न



नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।

कानपुर,यंग इंडियंस कानपुर चैप्टर ने भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के तत्वावधान में,यंग इंडियंस स्टूडेंट्स पार्लियामेंट 1.0 के रीजनल राउंड और कला ग्राम एक ग्रामीण मेला का आयोजन एच.बी.टी.यू में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में 6 उत्तर भारतीय शहरों से आए कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 150 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। छात्रों ने संसद की कार्यवाही का अनुकरण करते हुए राजनीतिक दल बनाए, राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की, 5 निजी विधेयक, आठ सरकारी विधेयक और दस समिति रिपोर्ट्स प्रस्तुत कीं जिससे एक युवाओं द्वारा संचालित लोकतंत्र का जीवंत प्रदर्शन देखने को मिला। कुल 13 विधेयक संसद में प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 8 विधेयक पारित हुए, जो विद्यार्थियों की गंभीर समझ, संवाद क्षमता और सहयोग की भावना को दर्शाता है।

इस आयोजन की शोभा बढ़ाने वाले मुख्य अतिथियों में आलोक सिंह एडीजी पुलिस कानपुर ज़ोन और सुधी गहलोत (आईएएस) नगर आयुक्त कानपुर थे। यह संसद विद्यार्थियों को लोकनीति,नेतृत्व और सार्वजनिक भागीदारी की व्यावहारिक समझ देने का मंच थी। संसद के साथ-साथ आयोजित हुआ कलाग्राम एक ग्रामीण मेला, जिसमें ग्रामीण महिला उद्यमियों द्वारा तैयार (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) उत्पाद, हस्तशिल्प,वस्त्र और स्वदेशी सामग्री प्रदर्शित की गई।

यह मेला कानपुर जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य ग्रामीण कारीगरों को शहरी बाज़ारों से जोड़ना था। यह आयोजन यंग इंडियंस कानपुर कोर टीम के लगातार तीन महीनों के अथक परिश्रम का परिणाम था वही कशिश अग्रवाल (अध्यक्ष), संचित अग्रवाल (सह-अध्यक्ष), शाक्षी अग्रवाल, रचित अग्रवाल, मीडिया प्रभारी साक्षी महाना, कन्नन अग्रवाल (राष्ट्रीय टीम), पलक बगला, सिद्धार्थ गौरिसरिया एवं श्रुति गौरिसरिया थी वही इन सभी ने मिलकर एक विचार को अनुभव में बदला और इस आयोजन को कानपुर और यंग इंडियंस दोनों के लिए गौरव का क्षण बना दिया।

# मंत्री राकेश सचान ने किया भोगनीपुर के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा, पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री



नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।

कानपुर देहात माननीय मंत्री राकेश सचान ने आज भोगनीपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों को बाढ़ राहत किट एवं लंच पैकेट प्रदान किए तथा उनकी समस्याएं सुनीं।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित प्रत्येक परिवार तक समय पर राहत सामग्री पहुंचे और किसी भी परिवार को सहायता से वंचित न रहने दिया जाए। मंत्री जी ने आश्वस्त किया कि सरकार हर संभव मदद प्रदान कर रही है और सभी विभाग समन्वय से कार्य करें ताकि पीड़ितों को शीघ्र राहत मिल सके।इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# श्री ज्वाला माता सेवा समिति द्वारा महारुद्राभिषेक का भव्य आयोजन हुआ

**कानपुर,** श्री ज्वाला माता मंदिर में जन कल्याण हेतु महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया इस दौरान श्री ज्वाला माता सेवा समिति के सभी कार्यकर्ता व क्षेत्र वासियों ने मिलकर ज्वाला माता मंदिर में विराजमान श्री ज्वालेश्वर बाबा का पूजन अभिषेक किया तो वही आचार्य अरविन्द तिवारी ने वैदिक मंत्र उच्चारणो के साथ विधि विधान से रुद्राभिषेक कराया हर हर महादेव बम बम भोले के जय घोष के साथ शिव भजनों पर भोले बाबा मेरी मनोकामना पूरी करो घोटन घोंटन घोटा मेरे बाबा लाये भाँग का घोटा शिव लहरी बम बम लहरी खूब झूमें भक्त श्री ज्वाला माता मंदिर के अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि यह महा रुद्राभिषेक जन कल्याण हेतु कराया गया है रुद्राभिषेक से सभी दुखों का नाश होता है सावन में रूद्राभिषेक से पूरी होती है सभी मनोकामनाएं देश में जब से वैश्विक महामारी कोरोना ने दस्तक दी तब से देश उभर नहीं पा रहा अच्छे खासे नौजवान व्यक्तियों को हार्ट अटैक व छोटी मोटी



बीमारियों से मृत्यु हो जा रही है लोगो का व्यापार ठप पड़ा उन्नति नहीं कर पा रहे हैं तो कही ना कही हम इंसानों की गलतियां होंगी जो गलत नकारात्मक शक्तियां को प्रभाव हमारे ऊपर है इसलिए अपने ईस्ट प्रभु महादेव का अभिषेक पूजन कर लोगो की सुख शांति समृद्धि की कामना करते हुए बताते है सावन का महीना बड़ा ही पावन कहा गया है। इनमें सावन का महीना भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है।

सावन में भगवान शिव की आराधना विशेष रूप से की जाती है।इस दौरान श्रद्धालु कठिन यात्रा कर गंगाजल अर्पित कर रुद्राभिषेक करते हैं भोलेनाथ को पवित्र जलाभिषेक करने के पश्चात कांवरयात्रा का भी समापन होता है। सावन में लाखों कांवरिया शिवभक्त,कठिन यात्रा कर भगवान शिव के पवित्र ज्योतिर्लिंगों और स्वयंभू शिवलिंगों पर गंगाजल अर्पित कर अभिषेक करते हैं। बैदिक आचार्य अरविन्द तिवारी बताते है मधु के अभिषेक से धन की प्राप्ति तीर्थ के जल से मोक्ष की प्राप्ति, दूध के अभिषेक से पुत्र प्राप्ति होती है। बंध्या व काकबंध्या कैसी भी हो, जिन स्त्रियों के संतान नहीं होती हो, तो दूध के अभिषेक से पुत्र की प्राप्ति होती है मन, कर्म और वचन से पवित्र होकर जो कोई भी रुद्राभिषेक करता है, उसके सभी कार्यों की सिद्धि होती है।अभिषेक करने से मनुष्य की समस्त इच्छाएं निश्चित ही सिद्ध होती है।

इस दौरान अध्यक्ष विजय कुमार, राजू श्रीवास्तव, परविंदर सुजीत,रिशु, इशिका, तनीषा,मीरा, शैलू, अर्चना, संध्या, टीनू, तानिश दिवाकर सहित समस्त क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# ड्रोन से दहशत फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश: गैंगस्टर एक्ट और रासुका लगाने की चेतावनी



नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ड्रोन से दहशत फैलाने वालों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा कि यदि आवश्यकता हुई तो ऐसे आरोपियों के खिलाफ रासुका के तहत भी कार्रवाई होगी।

प्रदेश में कुछ जिलों में अवैध ड्रोन उड़ाने और ड्रोन से दहशत फैलाने की शिकायतें सरकार तक पहुंची है। सीएम ने रविवार को एक बैठक में कहा कि सरकार ने ड्रोन नीति बनाई है। नीति के तहत अनुमति लेकर ही ड्रोन संचालन किया जा सकता है। बिना अनुमति के ड्रोन का संचालन पूरी तरह दंडनीय है। बिना अनुमति ड्रोन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। तकनीक का गलत इस्तेमाल करने वालों से सरकार सख्ती से निपटेगी।

सीएम ने कहा कि अफवाह फैलाने या डर पैदा करने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कानून से खिलवाड़ किसी को करने नहीं दिया जाएगा।

उन्होंने प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा को हर जिले में ड्रोन संचालन की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में प्रदेश में ड्रोन मॉनिटरिंग सिस्टम और कड़ी निगरानी के निर्देश भी दिए। साथ ही सुरक्षा के लिए जिलों में नियमित पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए ताकि आमजन में कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास बना रहे।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी कानपुर नगर डॉक्टर हरि दत्त नेमी के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया गया



नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।

दिनांक 3 अगस्त 25 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कानपुर नगर डॉक्टर हरि दत्त नेमी के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भौति का निरीक्षण किया गया. तत्पश्चात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सचेड़ी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पनकी का निरीक्षण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर आरोग्य मेला आयोजित किया जा रहा था। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सचेड़ी में जल्द ही चिकित्सा अधिकारी की तैनाती कर दी जाएगी।जनमानस को चिकित्सी सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में उपस्थित कर्मियों को निर्देशित किया गया। उपस्थित समस्त कर्मियों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय पर अपने कार्य पर उपस्थित हो तथा चिकित्सालय में आने वाले रोगियों का समुचित उपचार करें।

# बाढ़ पीड़ितों को मिली राहत : खाद्यान्न किट नाश्ता और लंच पैकेट वितरित



नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।

कानपुर देहात जिलाधिकारी कपिल सिंह के निर्देशन में जनपद की तहसील सिकंदरा एवं तहसील भोगनीपुर के बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई। इस दौरान राहत किट (खाद्यान्न सामग्री) के साथ-साथ नाश्ता एवं लंच पैकेट उपलब्ध कराए गए।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए है कि राहत वितरण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और प्रत्येक प्रभावित परिवार तक सहायता समय से पहुंचे। संबंधित ग्रामों में मेडिकल टीम लगातार भ्रमण कर रही है तथा आवश्यक चिकित्सकीय कार्रवाई और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की निरंतर निगरानी की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तुरंत सहायता पहुंचाई जा सके। जनपद स्तर पर स्थापित ई०ओ०सी० /बाढ कंट्रोल रूम टोल फ्री नम्बर पर भी सम्पर्क कर समस्या बतायी जा सकती है।

# गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह में कलाकार एवं समाजसेवी हुए सम्मानित



नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।

सांस्कृतिक कलाकार सभा के द्वारा 26 वे वार्षिक कार्यक्रम पर युगपुरुष श्री गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह का आयोजन अर्रा स्थित शकुंतला लॉन में किया गया। अध्यक्ष केशव त्रिवेदी एवं महामंत्री कृष्ण स्वरूप शुक्ला ने आए हुए अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंटकर किया।समारोह में पहुंचे अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया ने युगपुरुष गोस्वामी तुलसीदास एवं श्री हनुमान जी महाराज की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित किया। प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया ने कहा कि ऐसे आयोजन से सनातन संस्कृति को और भी बल मिलता है तथा युवा पीढ़ी को भी अपने आराध्य महापुरुषों के प्रति सम्मान बढ़ाने का कार्य होता है। समारोह में अन्य जिलों से आए कलाकारों को सम्मानित किया गया। जयंती समारोह पर आयोजित श्री राम लीला का मंचन देख सभी मंत्र मुग्ध हो उठे। प्रदेश संगठन मंत्री पंकज राजावत ने कहा कि तुलसीदास जी का महत्व इस धरा पर मुख्य है। वक्ताओं ने जयंती समारोह पर अपने अपने विचार रखें। मनोज शुक्ला ने अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया का स्वागत माल्यार्पण शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। कोषाध्यक्ष कृष्ण मुरारी शुक्ला संरक्षक प्रमोद बाजपेई राजू सिंह चौहान ने कहा कि विगत वर्षों से संस्था ऐसे आयोजन नित्य प्रति आयोजित करती आ रही है। इस मौके पर मुख्य रूप से हरिओम भदौरिया, विकास त्रिपाठी,आशीष अवस्थी,संजीव द्विवेदी,दिनेश तिवारी,लक्ष्मीकांत तिवारी,राकेश मिश्रा, लक्ष्मी शंकर अवस्थी,इंदर पाल सिंह भदौरिया व्यास जी,पप्पू सिंह व्यास राम नारायण मिश्रा,आदित्य सहित काफी संख्या में पदाधिकारियो एवं समाज सेवियों को सम्मानित किया गया।

# पीएमएसवाई के नोडल अफसर डॉ. मनीष सिंह को बदनाम करने की साजिश !

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर के पीएम एस व्हाई के नोडल अफसर डॉ मनीष सिंह के खिलाफ दलाल पत्रकार तथा हाईलाइट अस्पताल के दो डॉक्टरों ने साजिश के तहत उनकी छवि धूमिल करने के लिए आउटसोर्सिंग स्टाफ नर्स का सहारा लेकर जिसे सरकारी कर में बाधा डालने वह पति को साथ लाकर नोडल अफसर के कार्यालय तथा सिस्टर इंचार्ज के ओटी रूम में घुसकर धमकाने पर आउटसोर्सिंग में तैनात स्टाफ नर्स को निकाल दिया गया था तथा उसके खिलाफ सरकारी कर में बाधा डालने तथा कार्यालय में घुस के उसके पति द्वारा नोडल अवसर व सिस्टर को धमकाने का वीडियो पुलिस को सौंपने के बाद दलाल पत्रकार इसके खिलाफ नूडल अवसर मनीष सिंह द्वारा पूर्व में स्वरूप नगर थाने में मुकदमा काम कराया जा चुका है और वह लंबे समय से हाईलाइट अस्पताल के आसपास नहीं भटक रहा था परंतु हाइलाइट अस्पताल के दो डॉक्टरों का दलाल होने के कारण अब वह फिर से हाईलाइट अस्पताल में सक्रिय हो गया है वह सुबह से शाम तक पोस्टमार्टम हाउस तथा हाईलाइट में मरीजों की दलाली करता रहता है




इसका मुख्य पैसा पत्रकारिता की आड़ में दलाली का धंधा है जिसमें लाला लाजपत राय चिकित्सालय के दो डॉक्टर अहम भूमिका निभाते रहते हैं इसमें से एक भ्रष्ट डॉक्टर इसके खिलाफ इस चैनल ने तथा दलाल पत्रकार के खिलाफ की गई शिकायतों का खुलकर पर्दाफाश किया गया था प्रचार द्वारा उक्त भ्रष्टाचारी डॉक्टर से एक प्रभार छीन लिया गया था इस बात की खुलना उक्त डाक्टर रखता था तथा दलाल पत्रकार भी इसी बात से काफी नाराज था वह मौके की तलाश में ढूंढ था और जब आउटसोर्सिंग पर तैनात जो वर्षों से कम कर रही थी उसने आरोप लगाया एक सिस्टम के पति पर पैसा लेने का उसे समय उक्त सिस्टर यहां पर तैनात भी नहीं थी आउटसोर्सिंग पर तैनात स्टाफ नर्स के पति के खिलाफ दो दर्जन से अधिक सिस्ट्रॉन ने हस्ताक्षर करके चौकी प्रभारी हाईलाइट को शिकायती पत्र सोपा है स्टाफ नर्स द्वारा जो आरोप लगाए गए हैं उसकी जांच चौकी प्रभारी हाईलाइट गंभीरता से कर रहे हैं उन्होंने उसके पति को बुलाकर साथ जो प्रमाण 2 दिन के अंदर देने को कहा है अगर वह सच प्रमाण नहीं दे पता है तो उसके खिलाफ भी मुकदमा काम कराया जाएगा लोगों की छाप धूमिल करने पर फर्जी शिकायती पत्र देने का किसी पर भी पैसे का आरोप लगा देना तो आम बात होती है परंतु उसका साथ प्रमाण भी तो होना चाहिए आजकल के समय में कोई व्यक्ति किसी से भी लेन देन अगर करता है तो बैंक द्वारा या फोनपे पर ही पेमेंट करता है ना कि किसी को नगद देता है आउटसोर्सिंग से हटाई गई स्टाफ नर्स ने कई लोगों की छाव धूमिल की है और इसके पति द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालकर महिला सिस्टर इंचार्ज को धमकी दी गई इसका खुलासा भी वीडियो फुटेज में हो चुका है और सबसे महत्वपूर्ण अहम पहलू है कि आउटसोर्सिंग पर तैनात रईस स्टाफ नर्स मरीज को पिछले दरवाजे से बाहर कर रही है इसका क्या मकसद है इस बात का विरोध ओटी की सिस्टर लगातार कर रही थी और कह रही थी कि आप यह काम बंद कर दीजिए मरीजों को बाहर कहां किसके यहां भेज रही हैं इस बात से यह खपाती और अपने पति को लेकर इस बात का दबाव बना रही थी कि उसकी ड्यूटी ना आना पड़े और उसकी हाजिरी यहां पर लगातार लगते रहे और भुगतान होता रहे इसीलिए वह अपने पति को लेकर नोडल अवसर के कार्यालय में जा धमकी उनको धमकाया तथा कोटी की सिस्टर को भी जाकर धमकाया सारे फुटेज पुलिस को दे दिए गए हैं साक्षी प्रमाण के तौर पर जांच के दौरान सच्चाई उबर का सामने आ जाएगी दलाल पत्रकार और उसकी दलाली करने वाले लाला लाजपत राय के चिकित्सालय के दो दलाल भ्रष्टाचारी डॉक्टर का भी पर्दा पास हो जाएगा।

# सर्वजन हिताय संस्था की ओर से भोले के भंडारे का आयोजन



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

मुरादाबाद। सर्वजन हिताय संस्था की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भोले का भंडारा का आयोजन रविवार को संपन्न हुआ,भोले का भंडारा के समय राजेश सूर्या क्षेत्रीय संयोजक विदेश संपर्क विभाग भारतीय जनता पार्टी एवं उनकी टीम उपस्थित रहे। संस्था के पदाधिकारी पंकज कुमार शर्मा अध्यक्ष नीरज कुमार राय सचिव राहुल राय उपाध्यक्ष श्री धनंजय मिश्रा उपसचिव पंकज केशरी कोषाध्यक्ष श्रीमती अर्चना शर्मा महिला मण्डल अध्यक्षा पी के पाण्डेय संस्थापक पंडित तेज नारायण मिश्रा सह सहसंस्थापक जोगेंद्र सिंह संरक्षक चंद्र मोहन श्रीवास्तव वरिष्ठ सदस्य अनुज सिंह वरिष्ठ सदस्य श्रीमती भावना वरिष्ठ सदस्या एस एन राय वरिष्ठ सदस्य श्याम मल्होत्रा वरिष्ठ सदस्य श्रीमती करिश्मा राय सदस्या श्रीमती अमृता राय सदस्या श्रीमती नीलिमा शर्मा वरिष्ठ सदस्या आदि।

# बृजघाट से मिसाइल कांवड़ लेकर निकले कांवड़िए, यात्रा में दिखा अनोखा नजारा



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

मुरादाबाद। सावन मास के पवित्र महीने में कांवड़ यात्रा अपने चरम पर है। और हर साल कांवड़ियों की रचनात्मकता नए रूपों में सामने आती है। इस बार मुरादाबाद मंडल में कुछ ऐसा देखने को मिला जिसने सभी को चौंका दिया। बृजघाट से चंदौसी के खुर्जा गेट की ओर जा रहे कुछ कांवड़ियों ने एक मिसाइल के आकार की भव्य कांवड़ लेकर यात्रा की जिसे देख लोग दंग रह गए। यह मिसाइल कांवड़ आकर्षण का केंद्र बनी रही। इसे रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। और इसकी बनावट बिल्कुल किसी असली मिसाइल जैसी प्रतीत हो रही थी। इसे देख कर राहगीरों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग तस्वीरें और वीडियो बनाते नजर आए। स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए हुए हैं और कांवड़ियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। क्या है ।मिसाइल कांवड़ ?इस विशेष कांवड़ को लकड़ी और थमाकोल की सहायता से बनाया गया है। इसे बनाने में कई दिनों की मेहनत लगी और इसकी लंबाई तकरीबन 10 फीट बताई जा रही है। यात्रा के दौरान इसे हाथों में लेकर भक्ति भाव के साथ कांवड़िए हर-हर महादेव के जयकारे लगाते चल रहे हैं। सुरक्षा और श्रद्धा दोनों का संगम एसपी सिटी मुरादाबाद ने बताया कि ऐसी विशेष कांवड़ यात्राओं को देखते हुए पूरे रूट पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। साथ ही प्रशासन इस तरह की रचनात्मकता को धार्मिक आस्था से जोड़ते हुए सकारात्मक दृष्टिकोण से देख रहा है, बशर्ते इससे कोई असुविधा या विवाद न उत्पन्न हो।

## कांवड़ यात्राः सास को कांवड़ में बैठाकर निकली बहू

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। सावन के आखिरी सोमवार से पहले रविवार को मुरादाबाद मंडल में कांवड़ियों की भारी भीड़ है। मुरादाबाद शहर में अलग नजारा देखने को मिला। यहां सास को कांवड़ में बैठाकर बहू 60 किलोमीटर की यात्रा पर निकली है। साथ में पति और अन्य लोग भी हैं। बहू का कहना है कि कांवड़ यात्रा का उद्देश सास-बहू के रिश्तों में प्रेम और सम्मान का संदेश देना है। आजकल सास-बहू का विवाद आमबात है। लेकिन मैं अपनी सास को मां के समान मानती हूं। कांवड़ में चलने वाले लोग उन्हें श्रवण कुमार कह रहे हैं। पूरा शहर शिवमय बना हुआ है। कांवड़ियों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। प्रशासन का अनुमान है कि शाम तक 5 लाख से अधिक लोग हाईवे से गुजरेंगे। वही वाराणसी में बोल बम कांवड़िया सेवा समिति की ओर से झांकी निकली। इसमें शिव-पार्वती के रूप में सजे कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इसके बाद सभी ने काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर बाबा को जलाभिषेक किया। जबकि लखीमपुर खीरी में गोला गोकर्णनाथ में जलाभिषेक को कांवड़िए पहुंचने लगे हैं। जलभराव के बीच कांवड़िए हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए निकले।

# भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की बैठक संपन्न

- संगठन को मजबूत करने के लिए अहम मुद्दों पर की गई चर्चा

नेशनल एक्सप्रेस तहसील रिपोर्टर



ठाकुरद्वारा। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भीम की बैठक नगर पालिका परिषद सभागार मे आयोजित की गई जिसमें संगठन को मजबूती और बल देने के लिए पूरे मंडल का दौरा कर व्यापक प्रचार प्रसार का निर्णय लिया गया।

रविवार को राकेश दानव राष्ट्रीय मुख्य संचालक की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद सभागार में भावाधस भीम संगठन के आगामी कार्यक्रम संगठन का प्रचार प्रसार को गति देने हेतु संगठन की सदस्यता अभियान चलाये जाने को लेकर, एक बैठक आयोजित की गई, निर्णय लिया गया कि भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस भीम का वाल्मीकि चेतना सम्मेलन दिनांक 3 सितंबर को हसनपुर में मनाया जाएगा ।

बैठक में उपस्थित क्षभावाधस भीम के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य द्वारा अपने संबोधन में कहा कि बाल्मीकि समाज का धार्मिक सामाजिक चेतना पैदा करने के लिए घर-घर में भगवान वाल्मीकि की रामायण का प्रचार करना होगा व अमरोहा के देशराज को भावाधस भीम का प्रदेश प्रभारी बनाने की घोषणा की तथा राष्ट्रीय संचालक राकेश दानव द्वारा अपने संबोधन में कहा कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए मंडल का दौरा किया जाएगा तथा कौम में धार्मिक राजनीतिक और सामाजिक चेतना पैदा करने के लिए भी अनार्य जी ने अपना पूरा जीवन कौम को समर्पित कर दिया ,उनके जन्म दिवस पर ही हर वर्ष वाल्मीकि चेतन दिवस मनाया जाता है।

बैठक में यह निर्णय लिया गया की 7 अक्टूबर को प्रकट दिवस मनाने और नवंबर में वर्गीकरण और प्रकट दिवस अवकाश को लेकर लखनऊ में प्रदर्शन किया जाएगा ।

बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय संचालक राहुल राही, राष्ट्रीय प्रभारी प्रचार मंत्री कैलाश एकलव्य ,राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री सतीश पारछे ,प्रदेश मंत्री मंडल उपाध्यक्ष गुरमुख भारती ,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम शरण करोतिया आदि लोग उपस्थित रहे।


# शिव मढ़ी मंदिर भूमि पैमाइश पूर्ण नहीं हुई, बेरंग लौटी राजस्व टीम

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



ठाकुरद्वारा। मुख्यमंत्री एवं कमिश्नर से भी शिकायत के बाद भी मणि मंदिर की भूमि पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण विवाद निस्तारित नहीं हो पा रहा है। नगर पटवारी हिमांशु कुमार से जब पूछा गया की गाटा संख्या 595 मढ़ी मंदिर के नाम दर्ज भूमिका रखवा पूरा है ,अथवा कम एवं 595 ग बंजर झाड़ी जिस पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण का प्रस्ताव किया गया है, वह रखवा मौके पर मौजूद है ,अथवा राजस्व नक्शे से विपरीत मौके पर चल रहे रास्ते में मर्ज हो चुका है ,तब इन टीम कोई भी जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि आप इस संबंध में अधिकारियों से वार्ता करें।उल्लेखनीय है कि ठाकुरद्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित प्रसिद्ध एवं प्राचीन मढ़ी मंदिर भूमि पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण पर कमिश्नर के आदेश पर रोक के बाद भूमि की पैमाइश 19 जुलाई को भूमि में पानी भरा होने के कारण पूर्ण नहीं हो पाई। लेखपालों की टीम ने मौके पर चल रहे चक मार्ग की नपाई की थी। यह चक मार्ग राजस्व रिकॉर्ड में नहीं है। मंदिर की भूमि में पानी भरा होने के कारण भूमि की पैमाईश आज एक बार फिर टल गई, मौके पर पहुंची राजस्व टीम खानापूर्ति करते हुए बेरंग लौट आई। मन्दिर की गाटा संख्या 595 व बंजर भूमि गाटा संख्या 595 ग की पैमाईश एक बार फिर टल गई। राजस्व टीम का कहना है कि उक्त भूमि मे जलभराव है ऐसी स्थिति मे पैमाईश किया जाना संभव नही है।बता दें कि श्री शिव मढ़ी मंदिर सेवा ट्रस्ट से जुड़े प्रतिनिधि मंडल ने 18 जुलाई को मंडल आयुक्त से मिलकर मढ़ी मंदिर की भूमि पर किए जा रहे आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण को मंदिर की भूमि पर होना बताया था। जिस पर मंडलायुक्त ने तत्काल एसडीएम को लाइन पर लेकर भूमि की पैमाइश करने की आदेश दिए थे।

# नगर निगम द्वारा चौधरी चरण सिंह चौक पर भंडारे का आयोजन



- मुरादाबाद महापौर विनोद अग्रवाल ने पूजा अर्चना कर किया शुभारंभ

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी

मुरादाबाद। पवित्र श्रावण मास के अंतिम सोमवार के अवसर पर भण्डारा आयोजित कर शिव भक्तों को दवा, फल,प्रसाद वितरण कर भावपूर्ण स्वागत व अभिनंदन किया। महादेव की दिव्य महिमा के आलोक में सम्पूर्ण वातावरण भक्ति, आस्था और उत्साह के अनुपम संगम से आलोकित हो उठा। शिवभक्तों की सेवा और सम्मान में नगरवासियों ने तन-मन-धन से समर्पित होकर अपनी अपार श्रद्धा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। सावन मास के पावन अवसर पर नगर निगम मुरादाबाद द्वारा शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा हेतु चौधरी चरण सिंह चौक पर निः शुल्क विशेष भंडारे का शुभारंभ किया गया है। इस सेवा का विधिवत शुभारंभ मुरादाबाद महापौर विनोद अग्रवाल, पार्षदगणों के साथ अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार एवं अजीत कुमार सिंह द्वारा हवन पूजन के साथ किया गया। यह आयोजन श्रद्धा, सेवा और स्वच्छता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। भंडारे में बायोडिग्रेडेबल कटलरी का उपयोग किया जा रहा है। और जैविक कचरे से खाद बनाकर नगर निगम की ग्रीन बेल्ट में उपयोग किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल को पूर्ण रूप से जीरो वेस्ट और सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त रखा गया है। जिससे यह आयोजन पर्यावरण के प्रति जागरूकता और श्रद्धालुओं की सेवा का सशक्त संदेश देता है।

# हत्या के दो आरोपियों को थाना कटघर पुलिस ने किया गिरफ्तार

- कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक अवैध चाकू बरामद किया गया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुरादाबाद। थाना कटघर क्षेत्र में मौहल्ला कटघर बीच होली का मैदान में झगड़े के दौरान 02 व्यक्तियों के द्वारा एक व्यक्ति के साथ मारपीट व जान से मारने की नियत से चाकू से हमला करने जिससे उसकी मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में थाना कटघर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारीगण व थाना कटघर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही करते हुये घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। प्रकरण के सम्बन्ध में वादी श्याम सिंह पुत्र ऋषिदेव निवासी कटघर बीच होली का मैदान थाना कटघर मुरादाबाद की तहरीर आरोपीगण द्वारा वादी की भतीजे के साथ झगड़े के दौरान मारपीट व चाकूओं से हमला कर हत्या कर देने के आधार पर हिमांशु सिंह उर्फ मनू ठाकुर पुत्र हरिओम सिंह, अंकित ठाकुर उर्फ शिवांशु पुत्र हरिओम सिंह निवासीगण कटघर बीच होली का मैदान थाना कटघर जनपद मुरादाबाद पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशनानुसार,अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं उपरोक्त घटना में संलिप्त,वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी कटघर, मुरादाबाद के नेतृत्व व पर्यवेक्षण में थाना कटघर पर टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये रविवार को मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण हिमांशु सिंह उर्फ मनू ठाकुर पुत्र हरिओम सिंह,अंकित ठाकुर उर्फ शिवांशु पुत्र हरिओम सिंह निवासीगण कटघर बीच होली का मैदान थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त गण की निशांदेही घटना में प्रयुक्त अवैध 01 चाकू बरामद किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बुध बाजार चौराहे पर भंडारे का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/मुरादाबाद। श्रावण मास के पावन अवसर पर कांवड़ यात्रा में शामिल होकर हरिद्वार व बृजघाट से लौटते हुए श्रद्धालु कांवड़ियों के स्वागत में बुध बाजार चौराहे पर भंडारे का आयोजन किया गया। स्थानीय समाजसेवियों और व्यापारियों द्वारा संयुक्त रूप से इस भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में कांवड़ियों को फल, दूध, शरबत,भोजन और विश्राम की सुविधा उपलब्ध कराई गई। श्रद्धालुओं ने इस सेवा के लिए आयोजकों का आभार जताया। शहर में जगह-जगह पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान और विश्राम केंद्र भी बनाए गए हैं। जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस प्रशासन ने भी यातायात व्यवस्था संभालते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा का पूरा ध्यान रखा। स्थानीय लोगों ने भक्ति भाव से कांवरियों का स्वागत किया और श्रावण के इस विशेष पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया।

### मेरी कांवड़ राष्ट्र के नाम हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर लौटे शिव भक्तों का पुष्प वर्षा से स्वागत



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/ठाकुरद्वारा। मेरी कावड़ राष्ट्र के नाम हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर लौटे शिव भक्तों का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। रविवार को मेरी कावड़ राष्ट्र के नाम हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर लौटे शिव भक्तों का मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सरकारी अस्पताल मोड पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। शिव भक्त बाबूराम पाल सिंह द्वारा, कोतवाली गेट, शगुन तिराहा, बाजारगंज ,कदीर तिराहा, कमलापुरी चौराहा से होकर तहसील स्थित हनुमान मंदिर पर पहुंचे।शिव भक्त ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह मुरादाबाद मार्ग स्थित श्री शिव मढ़ि मंदिर पर जलाभिषेक करेंगे। इस दौरान भारी संख्या में शिव भक्त शामिल रहे। हर हर महादेव के जयकारों से नगर का माहौल शिवमय हो गया।

# मुरादाबाद से ब्रजघाट तक हाईवे पर जीरो ट्रैफिक, पुलिस रही सुरक्षा में मुस्तैद



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

मुरादाबाद। मुरादाबाद से ब्रजघाट तक हाईवे पर सोमवार तक के लिए जीरो ट्रैफिक कर दिया गया है। हाईवे पर यहां 50 किमी में दूर तक कांवड़िए ही कांवड़िए नजर आ रहे हैं। ब्रजघाट से जल लेकर मुरादाबाद, रामपुर और बरेली के कांवड़िए यहां से गुजर रहे हैं। इस दौरान बम बोले और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज रहा है। दूसरी ओर हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वालों की भीड़ हरिद्वार हाईवे पर भी है। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल खुद पूरी रात राउंड पर रहे। पुलिस की मोबाइल टीमें भी कांवड़ रूट पर तैनात की गई हैं। दिल्ली रोड और हरिद्वार रोड पर दोनों साइड में कांवड़ियों के लिए भंडारे लगे हुए हैं।सावन के आखिरी सोमवार से पहले रविवार को मुरादाबाद मंडल में कांवड़ियों की भारी भीड़ है। मुरादाबाद शहर में अलग नजारा देखने को मिला। पूरा शहर शिवमय बना हुआ है। कांवड़ियों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। प्रशासन का अनुमान है कि शाम तक 5 लाख से अधिक लोग हाईवे से गुजरेंगे।

# शहर विधायक रितेश गुप्ता ने शिव भक्तों के साथ सम्मिलित होकर पुष्प वर्षा की



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुरादाबाद। श्रावण मास के अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर मुरादाबाद में शिवभक्त कांवड़ियों के आगमन पर दिल्ली रोड स्थित विभिन्न भंडारों में मुरादाबाद शहर विधायक रितेश गुप्ता व सम्मानित जनों सहित शिव भक्तों के साथ सम्मिलित होकर हर-हर महादेव जयघोष के साथ कांवड़ लेकर पहुंचे भोले भक्तों पर पुष्प वर्षा कर भावपूर्ण स्वागत व अभिनंदन किया। महादेव की दिव्य महिमा के आलोक में सम्पूर्ण वातावरण भक्ति, आस्था और उत्साह के अनुपम संगम से आलोकित हो उठा। शिवभक्तों की सेवा और सम्मान में नगरवासियों ने तन-मन-धन से समर्पित होकर अपनी अपार श्रद्धा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

# चलती ट्रेन पर पेट्रोल बम से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ और स्थानीय पुलिस ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 26 वर्षीय दीपू सैनी को गिरफ्तार किया है। जो चलती ट्रेनों पर पेट्रोल बम से हमला करने के मामले में वांछित था।

आरोपी पर पहले भी दो बार ऐसे हमले करने का आरोप है। और वह तीसरी बार हमले की तैयारी में था। पुलिस के अनुसार दीपू सैनी मानसिक रूप से परेशान था। और उसने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह अपने भाई की मौत का बदला लेना चाहता था। उसका मानना था कि इस तरह के हमलों से वह उन लोगों को नुकसान पहुँचा सकता है। जिन्हें वह अपने भाई की मौत का जिम्मेदार मानता है। पुलिस ने दीपू के पास से पेट्रोल से भरी बोतल,एक अदद माचिस और 560 रुपए अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है। मामले की जांच रेलवे और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम कर रही है। सुरक्षा एजेंसियां यह भी पता लगाने में जुटी हैं कि आरोपी के पीछे कोई और संगठन या व्यक्ति तो नहीं है।

# बाइक फिसलने से युवक घायल

नेशनल एक्सप्रेस/ठाकुरद्वारा। बाइक फिसल कर सड़क पर गिर जाने से युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस द्वारा घायल को नगर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। ठाकुरद्वारा ढकिया मार्ग पर रविवार की दोपहर कमालपुरी खालसा में रामपुर के थाना शाहाबाद के गांव ढकिया कठेर अरविंद पुत्र छत्रपाल निवासी की बाइक और निर्यंत्रित होकर सड़क पर फिसल कर गिर गई।दुर्घटना में बाइक सवार अरविंद घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस के पायलट दुरोज पाल .और एमटी विजय प्रकाश ने घायल को तत्काल नगर के सीएचसी में उपचार हेतु भर्ती कराया है।

# देहरादून में अवैध रूप से चल रहे कैसिनो में जुआ खेलते 12 जुआरी गिरफ्तार




देहरादून, (भाषा) उत्तराखंड के देहरादून में पुलिस तथा विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक संयुक्त कार्रवाई में यहां प्रेमनगर क्षेत्र के सलियावाला जंगलों के बीच बने एक मकान में अवैध रूप से चल रहे एक कैसिनो का पर्दाफाश करते हुए 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने यहां बताया कि एक गोपनीय सूचना के आधार पर शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि में की गयी कार्रवाई में गिरफ्तार किए गए लोगों में दिल्ली के तीन जुआरी भी शामिल हैं, जो जुआ खेलने के लिए पहली बार देहरादून आए थे। गिरफ्तार लोगों में नेपाल का एक नागरिक भी है।

मकान पर जब पुलिस ने दबिश दी तो वहां एक बड़े कमरे में मौजूद 12 लोगों द्वारा कैसिनो में क्वाइंस के साथ हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेला जा रहा था। पुलिस ने सभी को मौके से जुआ अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि मकान का मालिक हरियाणा के गुरुग्राम का रहने वाला शशांक गुप्ता (38) है जो खुद भी मौके पर मौजूद था।

आरोपियों के कब्जे से 1,900 कैसिनो क्वाइंस, 89,000 रुपये नकद, 12 मोबाइल फ़ोन और एक वाहन भी बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के बैंक खातों की जानकारी ली जा रही है।

पूछताछ में दिल्ली के रहने वाले आरोपियों ने बताया कि उन्हें कैसिनो में जुआ खेलने का शौक है जिसके लिये वे अलग- अलग राज्यों में जाते रहते हैं। वे सभी गुप्ता तथा देहरादून निवासी अन्य लोगों के संपर्क में थे जिनके साथ मिलकर उन्होंने देहरादून आकर कैसिनो में जुआ खेलने की योजना बनायी थी। उन्होंने बताया कि आरोपी अपने पास ज्यादा नकदी नहीं रखते हैं और किसी एक व्यक्ति के कहने पर ही रुपयों के लेन-देन की बात हो जाती है। उन्होंने बताया कि जीतने वाले व्यक्ति को रुपये देने की जिम्मेदारी एक विशेष व्यक्ति की ही होती है।

गुप्ता व देहरादून निवासी अन्य व्यक्तियों ने भी पूछताछ में यही बताया कि दिल्ली से आये व्यक्ति उनके दोस्त हैं जिन्हें उन्होंने पहली बार देहरादून बुलाया था।

गुप्ता के अलावा अन्य गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिल्ली के मंगोलपुरी निवासी निखिल जाटव, दिल्ली के कीर्तिनगर के रहने वाले गौरव मग्गो, दिल्ली के अशोक नगर के रहने वाले हिमांशु अरोड़ा, देहरादून शहर के प्रेमनगर के रहने वाले उमेश रावत (42), देहरादून जिले के विकासनगर के रहने वाले चन्द्रशेखर (32), देहरादून जिले के त्यूणी के जतिन राणा, मनोहर सिंह चौहान और चरण सिंह चौहान, उत्तरकाशी के पुरोला के रहने वाले विनोद, देहरादून शहर के गांधी रोड के निवासी जीवन शर्मा और नेपाल के महाकाली जिले के रहने वाले केशव उर्फ बबलू सिंह धामी के रूप में हुई है। पूछताछ में एक अन्य आरोपी विक्रम शाह का नाम सामने आया है लेकिन वह मौके पर मौजूद नहीं था।

## हाथरस में दलित विधवा से दुष्कर्म के आरोप में पड़ोसी के खिलाफ मुकदमा

हाथरस, (भाषा) उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के सहपऊ क्षेत्र में एक दलित विधवा से दुष्कर्म के आरोप में उसके पड़ोसी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के सहपऊ थाना क्षेत्र स्थित एक कस्बे में रहने वाली करीब 40 साल की एक दलित विधवा दो/तीन अगस्त की रात अपने घर में सोई थी। उसके कमरे का दरवाजा खुला रह गया था। रात करीब तीन बजे घर के पड़ोस में रहने वाला ठाकुर रामकिशन उसके कमरे में घुस आया और उसका मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

उन्होंने बताया कि वारदात को अंजाम देकर रामकिशन भाग गया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अमित पाठक ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

# निलंबन के बाद भी अध्यापक नियमों की अनदेखी कर रहे अधिकारियों की चुप्पी पर शिक्षकों में नाराजगी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




गोंडा(करनैलगंज)। स्थानीय तहसील के शिक्षा क्षेत्र करनैलगंज अन्तर्गत कम्पोजिट विद्यालय रामपुर टेपरा में तैनात सहायक अध्यापक गजाधर सिंह के खिलाफ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा गंभीर आरोपों के आधार पर निलंबन की कार्रवाई की गई है, लेकिन निलंबन के बावजूद उनका मनमाना रवैया जारी है।

ज्ञात हो कि दिनांक 14 मई 2025 को विद्यालय परिसर में छात्रों के सामने दो अध्यापकों के बीच मारपीट की घटना हुई थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था और समाचार पत्रों में भी प्रमुखता से प्रकाशित हुआ। इसी के आधार पर जांच के उपरांत गजाधर सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर बीआरसी करनैलगंज से संबद्ध किया गया था। हालांकि, अब यह आरोप सामने आया है कि गजाधर सिंह बीआरसी पर उपस्थिति दर्ज नहीं कर रहे हैं। इसके बजाय वह लगातार शिक्षक संगठनों के धरना, प्रदर्शन और ज्ञापन कार्यक्रमों में भाग लेते हुए फोटो खिंचवाते हैं और विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप में साझा करते हैं, जिनमें बीईओ और बीएसए जैसे अधिकारी भी जुड़े हैं।

विभागीय सूत्रों का कहना है कि इस तरह की निरंकुशता और अधिकारियों के समक्ष खुलेआम दादागीरी की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है। वहीं कुछ शिक्षकों ने यह भी आरोप लगाया है कि खंड शिक्षा अधिकारी नूतन जायसवाल ने एक अन्य शिक्षक अखंड प्रताप सिंह को विभागीय ग्रुप से निकाल दिया, जबकि गजाधर सिंह के लगातार नियम विरुद्ध कृत्यों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

शिक्षकों का कहना है कि खंड शिक्षा अधिकारी का यह 'सौतेला व्यवहार' स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण और अनुचित है, जिससे अन्य शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है। उनका सवाल है कि आखिर एक निलंबित कर्मचारी को विभागीय आदेशों की अवहेलना करने की खुली छूट क्यों दी जा रही है? वर्तमान स्थिति में शिक्षकों ने जिला स्तर पर कार्रवाई की मांग की है और कहा है कि यदि शीघ्र कठोर कदम नहीं उठाया गया, तो वे आंदोलन की राह पर जा सकते हैं।

# खतरे के निशान से 1 सेंटीमीटर दूर घाघरा 2.41 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



गोंडा।जिले में घाघरा नदी का जलस्तर बहुत तेजी से बढ़ रहा है।एल्गिन ब्रिज पर नदी खतरे के निशान से मात्र 1 सेंटीमीटर नीचे बह रही है।देरशाम तक नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंचने की संभावना है।

घाघरा नदी में आज गिरिजा बैराज से 131478 क्यूसेक, शारदा बैराज से 109035 क्यूसेक और सरयू बैराज से 1473 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

24 घंटे के अंदर छोड़ा गया पानी अब धीरे धीरे घाघरा नदी में तेजी से बढ़ रहा है।प्रशासन ने 28 बाढ़ चौकियों को पूरी तरह से अलर्ट मोड पर रखा है।

सीसीटीवी कंट्रोल रूम के माध्यम से भी नदी के बढ़ते जलस्तर पर नजर रखी जा रही है।तटीय इलाकों के रहने वाले लोगों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।अपर जिलाधिकारी

- तटीय इलाकों की निगरानी तेज

आलोक कुमार ने बताया कि तटीय इलाकों की निगरानी तेज कर दी गयी है।

उन्होंने कहा कि नदी का जलस्तर धीरे धीरे बढ़ने के कारण तटबंधों को लेकर भी प्रशासन सतर्क है।

बाढ़ खंड विभाग के अधिकारी तटबंधों का निरीक्षण कर रहे हैं।जिन किसानों की फसल घाघरा और सरयू नदी के पानी के कारण डूब रही है उनका सर्वे करके आर्थिक मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है।

## चंदौली में खड़ी कार से टकराया टेम्पो, महिला की मौत, दो लोग घायल

चंदौली, (भाषा) उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के अलीनगर क्षेत्र में रविवार को यात्रियों से भरे एक टेम्पो के सड़क किनारे खड़ी कार से टकरा जाने से टेम्पो में सवार एक महिला की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी।

पुलिस सूत्रों ने अलीनगर थाना क्षेत्र स्थित गोधना गांव के पास रविवार की दोपहर को सवारियों से भरा टेम्पो सड़क के किनारे खड़ी कार से जा टकराया। टक्कर भीषण होने के चलते टेम्पो का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में टेम्पो में सवार 45 वर्षीय महिला मीरा देवी की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में टेम्पो सवार दो अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें वाराणसी स्थित बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

# श्याम मंदिर में हुआ सावन हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम

## सावन में झूले पर लोगों ने झूलने का खूब आनंद लिया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**गोंडा।** शनिवार को ददुआ बाजार स्थित श्याम मंदिर में सावन हरियाली तीज महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें समाज की नवविवाहित मारवाड़ी बहू बेटियां सुंदर साड़ी, लहंगा, व सूट में पारंपरिक परिधान धारण करके मंदिर के प्रांगण में कार्यक्रम के लिए शामिल हुई। जिसमें आयोजक मंडल द्वारा तीज स्पेशल सरप्राइज क्वेश्चन, गेम्स, नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज की महिलाएं व बेटियों ने भाग लिया। डांस प्रोग्राम में हिना सिंघल, वर्षा अग्रवाल, और ईशानवी अग्रवाल रही।

मेमोरी गेम में नूपुर मोदी, स्केच और गिलास गेम में रंजन केडिया, चूड़ी गेम में नेहा अग्रवाल, क्वेश्चन आंसर राइटिंग गेम में रितिक गर्ग और प्रश्नोत्तरी में छवि सिंघल विनर रही। और इसके अलावा हाउजी गेम हुए। जिसमें पांच लोगों को विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर उषा अग्रवाल डॉक्टर रेनू अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष सरोज अग्रवाल पूर्व मंत्री पूनम मित्तल जजमेंट रहीं। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को महिला मंडल द्वारा सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। यह आयोजन श्री श्याम मंदिर महिला मंडल गोंडा द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्ष मीना अग्रवाल, मंत्री संतोष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बेनू अग्रवाल, शारदा गर्ग, सरोज गर्ग, वर्षा अग्रवाल, नीतू गर्ग, सरिता सिंघल, रेनू मंगल, सुधा टेकड़ी वाल, मंजू अग्रवाल उमा ताजपुरिया, प्रिया भावसिंहका, पुष्पा सोमानी और मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, मंत्री सुशील पचेरिया सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में सावन हरियाली तीज उत्सव पर हरी पत्तियां और हरे कपड़े से मंदिर के प्रांगण को सजाया गया था और बाबा खाटू श्याम और झुंझुनू वाली श्री राणी सती दादी जी का दरबार भी हरी हरी पत्तियों से सजाया गया था। मंदिर के प्रांगण में सावन उत्सव पर सभी लोगों ने झूला झूल का झूलने का आनंद लिया।

यह आयोजन श्याम मंदिर महिला मंडल गोंडा द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला मंडल की अध्यक्ष मीना अग्रवाल, मंत्री संतोष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष बेनू अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, शारदा गर्ग, सरोज गर्ग, वर्षा अग्रवाल, नीतू गर्ग, सरिता सिंघल, रेनू मंगल, सुधा टेकड़ी वाल, मंजू अग्रवाल उमा ताजपुरिया, प्रिया भावसिंहका, पुष्पा सोमानी और मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, मंत्री सुशील पचेरिया सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# श्रावस्ती में छात्रा पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोपी गिरफ्तार



श्रावस्ती, (भाषा) उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले में स्नातक की एक छात्रा से दुष्कर्म करने और अश्लील फोटो के जरिये ब्लैकमेल कर उस पर धर्म परिवर्तन और शादी का दबाव बनाने के आरोप में पुलिस ने उसके सहपाठी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि शनिवार को इकौना थाना क्षेत्र के एक कस्बे की रहने वाली एक छात्रा ने थाने में दी गयी शिकायत में आरोप लगाया कि कॉलेज में उसके साथ पढ़ने वाले समीर अहमद नामक छात्र ने उसे बहला-फुसलाकर प्रेम जाल में फंसाया और इसी साल 27 अप्रैल को इकौना के पास स्थित नहर पटरी पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

उन्होंने बताया कि छात्रा ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी ने वीडियो कॉल कर धोखे से उसकी अर्धनग्न तस्वीरें ले लीं और पिछले माह 30 जुलाई को धर्म परिवर्तन कर शादी करने के लिए दबाव बनाया। इनकार करने पर धोखे से ली गयी अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करने की कोशिश की।

चौरसिया ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर इकौना थाना क्षेत्र के कबीर नगर निवासी आरोपी समीर अहमद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 (1) (दुष्कर्म), 351(3) (आपराधिक धमकी) तथा उत्तर प्रदेश विधि विरूद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम-2021 और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया है।

## उत्तर प्रदेश के बरेली में भीड़ ने चोरी के शक में नेपाली महिला को पीटा, चार आरोपी गिरफ्तार

बरेली (उत्तर प्रदेश), (भाषा) उत्तर प्रदेश के बरेली में नौकरी की तलाश में एक नेपाली महिला को भीड़ ने कथित तौर पर चोरी के शक में पीट दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि नेपाल के पोखरा जिले की रहने वाली सुष्मिता सारू मागर उर्फ काजल नाम की महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, महिला बारादरी में अपने एक परिचित विनय गंगवार के घर पर थी। शनिवार रात करीब एक बजे जब फोन पर बात करते हुए वह छत पर, तब कुछ लोगों ने उसे चोर समझ लिया। किला थाने के अधिकारियों ने बताया कि लोगों ने शोर मचाया, टॉर्च की रोशनी में उसे देखा और उसका पीछा किया। उन्होंने कहा कि डरकर उसने छत का दरवाजा खोलने की कोशिश की, ऐसा न कर पाने पर वह घबराहट में छत से कूद गई और जमीन पर गिर गई।

# उत्तर प्रदेश के 17 जिले बाढ़ की चपेट में, 400 से ज्यादा गांव प्रभावित



लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश में 17 जिलों के 400 से ज्यादा गांव इस वक्त बाढ़ से प्रभावित हैं।

राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने रविवार को बताया कि राज्य के 17 जिलों में 37 तहसीलों के 402 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और उनमें रहने वाले 84 हजार 392 लोगों की जिंदगी पर असर पड़ा है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और प्रादेशिक सशस्त्र कांस्टेबलरी (पीएसी) के कर्मियों द्वारा निरंतर गश्त के साथ राहत और बचाव कार्य जोरों पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि बाढ़ से प्रभावित जिलों में कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, आगरा, औरैया, चित्रकूट, बलिया, बांदा, गाजीपुर, मिर्जापुर, प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, जालौन, कानपुर देहात, हमीरपुर, इटावा और फतेहपुर शामिल हैं। गोस्वामी के मुताबिक बाढ़ से अब तक 343 घरों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा 4,015 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि भी प्रभावित हुई है।

बाढ़ से परेशान लोगों तक 493 नावों और मोटरबोटों के जरिए राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रभावित लोगों की मदद के लिए अब तक खाद्य पदार्थों के 76 हजार 632 पैकेट वितरित किए जा चुके हैं। इसके अलावा, प्रभावित लोगों को ताजा भोजन उपलब्ध कराने के लिए 29 सामुदायिक रसोइयां (लंगर) स्थापित की गयी हैं।

गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान में कुल 905 बाढ़ आश्रय स्थल बनाये गये हैं जिनमें 11 हजार 248 विस्थापित लोग रह रहे हैं। जबकि 757 स्वास्थ्यकर्मी चिकित्सा जांच कर रहे हैं और स्थिति पर नजर रखने के लिए 1,193 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं।

# लोधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में करंट लगने से दो दुकानदारों की मौत



बाराबंकी, (भाषा) उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के रामनगर में स्थित पौराणिक तीर्थ स्थल श्री लोधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में रविवार को एक लोहे की सीढ़ी में फैले करंट की चपेट में आने से दो स्थानीय दुकानदारों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि रामनगर कोतवाली क्षेत्र के महादेवा में सड़क के किनारे स्थित दुकान की सीढ़ियों में करंट फैल गया। उसकी चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सड़क किनारे एक दुकान की आंतरिक वायरिंग से करंट लोहे की सीढ़ियों में फैल गया था।

स्थानीय लोगों के अनुसार सावन के चौथे सोमवार के अवसर पर महादेवा में रविवार से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। मंदिर परिसर से लगभग 300 मीटर दूर सूरतगंज मार्ग के किनारे महादेवा चौकी के पास बाजार सजा हुआ था। इसी स्थान पर गोबरहा गांव निवासी संजय कुमार (32) का एक फोटो स्टूडियो और लइया की दुकान है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक बाजार में प्रथम तल पर स्थित स्टूडियो की ओर जाने वाली लोहे की सीढ़ियों में दुकान की आंतरिक वायरिंग से करंट प्रवाहित हो रहा था। जैसे ही संजय सीढ़ियों के पास पहुंचा, तभी वह करंट की चपेट में आ गया।

सूत्रों ने बताया कि संजय को करंट लगने से तड़पता देखकर उसके साथ काम करने वाला 30 वर्षीय हौसला ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गया। कुछ ही पलों में दोनों की चिपककर मौत हो गई।

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि मृतकों के परिजनों को कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत किसान सहायता उपलब्ध कराने की कार्रवाई तहसील प्रशासन द्वारा की जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# नाबालिग लड़की पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

बदायूं, (भाषा) उत्तर प्रदेश के बदायूं जिला मुख्यालय में पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने और उस पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के आरोपी व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार यह प्राथमिकी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शनिवार को सदर कोतवाली थाना में अरबाज नामक युवक के खिलाफ दर्ज की गई है, जो पहले हुक्का बार चलाता था। उसका हुक्का बार 2022 में बंद हो चुका है। प्राथमिकी में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि जुलाई 2022 में उसकी मुलाकात एक युवक (अरबाज) से हुई जिसने खुद को ₹शिवम उर्फ बॉबी₹ बताया। युवक ने कलावा पहन रखा था, माथे पर तिलक था और खुद को हिंदू बताता था। धीरे-धीरे अरबाज ने पीड़िता से दोस्ती बढ़ाई और सितंबर 2022 में लड़की को दिल्ली ले जाकर नशीला पदार्थ देकर कई बार दुष्कर्म किया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अरबाज ने वीडियो बनाकर उसे सार्वजनिक करने की धमकी दी और इस दौरान इस्लाम धर्म अपनाने का दबाव बनाया।

पीड़िता ने प्राथमिकी में यह भी आरोप लगाया कि हुक्का बार में कई ऐसे युवक सक्रिय थे, जो खासतौर पर हिंदू लड़कियों को निशाना बनाते थे। लड़कियों को हुक्के में नशा देकर, वीडियो बनाकर, ब्लैकमेल कर मानसिक और शारीरिक शोषण किया जाता था। पीड़िता द्वारा दर्ज कराए गए मामले में उल्लेख किया गया है कि 16 जुलाई 2025 को आरोपी अरबाज ने उसे रास्ते में रोका और उसके साथ मारपीट की, साथ ही उसको धमकी दी कि अगर उसके खिलाफ कोई कार्रवाई की तो अंजाम अच्छा नहीं होगा।

पीड़िता ने बताया कि वह तुरंत सदर कोतवाली गई और वहां उसने पुलिस को पूरी जानकारी दी, इस पर पुलिस ने अरबाज को पकड़ लिया, लेकिन आधे घंटे बाद ही छोड़ दिया। कोतवाली पुलिस की कार्रवाई से निराश होकर पीड़िता ने बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश सिंह को प्रार्थना पत्र दिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद शनिवार रात को पीड़िता की तहरीर पर अरबाज के खिलाफ उप्र धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) रजनीश उपाध्याय ने बताया कि हुक्का बार संचालक आरोपी अरबाज के खिलाफ पहले भी गैंगस्टर अधिनियम के तहत कार्रवाई हो चुकी है और वह जेल जा चुका है।

सीओ ने बताया कि अब उस पर धर्मांतरण और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस दोबारा उसकी तलाश में जुट गई है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और जल्दी ही अरबाज को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

# 'पीडीए पाठशाला' में पढ़ाया 'ए' फॉर अखिलेश और 'एम' फॉर मुलायम, दर्ज हुआ मुकदमा




सहारनपुर, तीन अगस्त (भाषा) उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में 'पीडीए पाठशाला' में 'ए' फॉर अखिलेश, 'डी' फॉर डिम्पल और 'एम' फॉर मुलायम का ककहरा पढ़ाने पर 'भावनाएं आहत' होने के आरोप में समाजवादी पार्टी (सपा) के एक नेता के खिलाफ देहात कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) व्योम बिंदल ने रविवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि रामपुर मनिहारन क्षेत्र के निवासी मेम सिंह नामक व्यक्ति ने देहात कोतवाली में तहरीर देकर सपा के फरहाद गाडा पर आरोप लगाया है कि वह 'पीडीए पाठशाला' में बच्चों को 'ए' फॉर एप्पल की जगह 'ए' फॉर अखिलेश, 'बी' फॉर बाबा साहेब, डी फॉर डिम्पल और 'एम' फॉर मुलायम सिंह यादव का पाठ पढ़ा रहे हैं। इससे लोगों की भावनाएं 'आहत' हुई हैं।

उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर सपा नेता गाडा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 353 (2)(विभिन्न धार्मिक, जातीय या भाषाई समूहों के बीच शत्रुता, घृणा या दुश्मनी पैदा करने या बढ़ावा देने के इरादे से झूठी जानकारी, अफवाहें या डराने वाली खबरें फैलाना) और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम की धारा 3(2)(वी) (अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के सदस्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत दस साल या उससे अधिक की सजा वाले अपराध) के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

मुकदमा दर्ज कराने वाले व्यक्ति का आरोप है कि सपा नेता ने 'पीडीए पाठशाला' के नाम पर जिन बच्चों को यह पाठ पढ़ाया था, वे बच्चे किसी निजी स्कूल से लाये गये थे। वे उस स्कूल की पोशाक भी पहने हुए थे। सपा नेता ने ग्राम रामनगर में अपने घर पर पीडीए पाठशाला का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद से ही सवाल उठने शुरू हो गये थे।

# मुल्तान समाज के लोगों ने हर की पौड़ी में मनाया मुल्तान जोत महोत्सव



हरिद्वार, तीन अगस्त (भाषा) देश के अलग-अलग स्थानों से हरिद्वार में एकत्र हुए मुल्तान समाज के लोगों ने रविवार को धूमधाम से 'मुल्तान जोत महोत्सव' कार्यक्रम मनाया तथा हर की पौड़ी पर गंगा नदी के साथ दूध की होली खेलकर उसे स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

मुल्तान समाज के हजारों लोगों ने 'मुल्तान जोत' के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली और हर की पौड़ी पर उसे गंगा को अर्पित किया। लोगों ने प्रमुख जोत के अलावा छोटी-छोटी जोतें भी प्रवाहित की जिससे हर की पौड़ी का नजारा भव्य दिखाई दे रहा था।

इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने जोत महोत्सव को मानव कल्याण के लिए 115 साल पहले शुरू की गई एक शानदार परंपरा बताते हुए कहा कि गंगा की स्वच्छता का संदेश देने के साथ ही सभी के कल्याण की कामना के लिए यह अनोखा कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

मुल्तान जोत महोत्सव समिति के अध्यक्ष और दिल्ली भाजपा के पूर्व विधायक महेंद्र नागपाल ने बताया कि जोत महोत्सव मनाने और हरिद्वार में जोत लाने की परंपरा 1911 में शुरू हुई थी जब मुल्तान (अब पकिस्तान में) के रहने वाले लाला रूपचंद भाई-चारे और शांति का संदेश लेकर पैदल चलते हुए मुल्तान से हरिद्वार पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि तभी से मुल्तान समाज लालाजी की उस परंपरा को आगे बढ़ाता चला आ रहा है।

दिन में दूध की होली के खेलने के बाद मुल्तान समाज के लोगों ने रात में हर की पौड़ी पर दीवाली मनाई।

# डकैती की योजना बनाते सात शातिर बदमाश किए गिरफ्तार

● 04 तमंचा और एक बंदूक और ईको कार बरामद

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

फिरोजाबाद। थाना एका पुलिस ने 07 शातिर बदमाशों को डकैती की योजना बनाते हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। आरोपी ट्रेनों व बसों में बैठी सवारियों से ज्वैलरी की चोरी, बैग से चोरी, व अपनी गाडी में सवारियों को बैठाकर उनके बैग से चोरी करते थे।

बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस व डकैती चोरी करने के कई उपकरण बरामद हुए है।

चोरी व लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम



में क्षेत्राधिकारी जसराना के नेतृत्व में थाना एका पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि गोपालपुर भट्टे के पास में कुछ व्यक्ति ईको गाडी में है, जो संदिग्ध प्रतीत हो रहे है। सूचना पर थाना एका पुलिस टीम तत्काल पहुँची तो देखा कि कुछ दूरी पर झाडियों के आड मे एक ईको गाडी खडी है। बदमाशों ने पुलिस को देख कर जान से मारने की नियत से दो फायर कर दिये परन्तु पुलिस टीम ने बदमाशों के ऊपर टार्च की रोशनी मारते हुए दबिश देकर गोपालपुर भट्टे से आनन्द पुत्र भोजराज, सतीश पुत्र मोहनलाल, विनोद पुत्र किशनलाल, गोविन्द पुत्र किताब सिंह, जयप्रकाश पुत्र रामखिलाड़ी, रतन सिंह पुत्र सियाराम और कुमरपाल पुत्र किताब सिंह को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 4 तमंचा 315 बोर, 01 बदूंक 12 बोर, 02 खोखा 315 बोर, 06 जिंदा कारतूस 315 बोर, 06 जिंदा कारतूस 12 बोर, 2780 रुपये नगद, एक ईको गाड़ी व चोरी करने के उपकरण बरामद किये गये है। गिरफ्तार बदमाशों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। बदमाशों ने बताया कि हम ईको गाडी से लूट व डकैती की घटना करते है और रास्ते में मिलने वाली सवारियों को अपनी इस गाडी में बैठाकर उनके पास मौजूद नगदी व जेवरात आदि को असलाह कारतूस का भय दिखाकर लूट लेते है और सवारियों को मारपीट करते हुए डरा धमका कर सुनसान स्थानों पर फेंककर भाग जाते है। हम ट्रैनो में लूटपाट व चोरी करने की घटनाएँ भी दिल्ली, बिहार, भोपाल कई स्थानो पर की गई है।

# कूलर में करंट आने से मासूम की मौत



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद। जनपद के नगर कोतवाली क्षेत्र टूण्डला में बड़ी ही दुखद घटना सामने आई है घर के कूलर ने मासूम की जान ले ली। थाना टूंडला के गांव मोहम्मदाबाद में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। परिवार की 2 साल की मासूम बच्ची की कूलर में करंट आने से मौके पर ही मौत हो गई। बच्ची सरिताज पुत्री सत्तार खान निवासी मोहम्मदाबाद (उम्र 2 वर्ष) घर के आंगन में खेल रही थी। इस बीच वह चल रहे पानी वाले कूलर के पास पहुंच गई और अचानक उसे तेज झटका लगा। परिजन तुरंत उसे पास के निजी अस्पताल लेकर भागे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवारजनो का कहना कूलर में अर्थिंग की समस्या के कारण उसके बाहरी हिस्से में करंट फैल गया था। परिजनों को इस खामी की जानकारी नहीं थी। हादसे के वक्त कूलर चालू था और फर्श गीला था, जिससे स्थिति और भयावह हो गई।परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है सरिताज अपने माता-पिता की तीन बहनों में सबसे छोटी संतान थी। घटना के बाद घर में मातम पसरा हुआ है। मां का रो-रोकर बुरा हाल है और पिता सदमे में हैं। मोहल्ले में भी गम का माहौल है।

### सावधानी की जरूरत

बिजली विशेषज्ञों का कहना है कि मानसून में गीले फर्श, खराब वायरिंग या पुरानी घरेलू उपकरणों से इस तरह के हादसे आम हो सकते हैं। समय-समय पर इलेक्ट्रिक उपकरणों की जांच बेहद जरूरी है। एक छोटी सी चूक, एक मासूम की जान ले गई – सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।

## घरेलू कलह के चलते युवक ने की आत्महत्या, पंखे से लटककर दी जान

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद। थाना नगला सिंघी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव रसूलाबाद में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। घरेलू विवादों से परेशान होकर एक 35 वर्षीय युवक ने अपने ही घर में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है। मृतक की पहचान राजकुमार उर्फ गटुआ निवासी रसूलाबाद के रूप में हुई है, जो पिछले कुछ समय से पारिवारिक कलह के कारण मानसिक तनाव में था। युवक ने छत के पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

हालांकि, पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है। थाना प्रभारी रमित आर्या ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है ताकि आत्महत्या के पीछे के कारणों की पुष्टि की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। फिरोजाबाद। थाना रामगढ पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त को 424 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। नाजायज मादक पदार्थों का व्यापार करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रामगढ़ पुलिस ने चैंकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक शातिर रिहान उर्फ टाटा पुत्र नसरूद्दीन निवासी 60 फुटा रोड काली मन्दिर के पास कश्मीरी गेट थाना रामगढ़ फिरोजाबाद को 424 ग्राम चरस जिसकी कीमत लगभग 55,000 रुपये सहित भीकनपुर तिराहा के पास थाना रामगढ फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। आरोपी पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है।

### अवैध तमंचा व कारतूस सहित एक गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो । फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा है। जनपद मे चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में रसूलपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एचएस0 संदीप जायव पुत्र सोनेलाल निवासी गली नं0 04 पुराना रसूलपुर को एक तंमचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर सहित फतेहाबाद रोड से गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्त के विरूद्ध करीब 01 दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

### बाउंड्री वॉल पर बुलडोजर चलाने वालों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। टूंडला। शहर के भाजपा नेता की दुकान और बाउंड्री वॉल पर बुलडोजर चलाने वालों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर की गई है। थाने के निकट स्थित पीली कोठी निवासी भाजपा ब्रजक्षेत्र संयोजक कार्यालय निर्माण विभाग सुशील पौनिया की एक मै?रिज होम के पीछे सरकारी सस्?ते गल?ले की दुकान व बाउंड्रीवॉल को एक अगस्?त की रात को बुलडोजर से तोड़ दिया था। भाजपा नेता ने मुन्नेश निवासी बसई थाना टूंडला, मोहन यादव निवासी नगला दत्त थाना टूंडला, सचिन निवासी चुल?हावली थाना टूंडला, सीमू निवासी टूंडली, विवेक कुमार निवासी गढ़ीधर्मी टीकरी थाना नगला सिंघी व अन्?य दो के विरूद्ध रिपोर्टदर्ज कराई है। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह का कहना है कि भाजपा नेता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात कारणों के चलते युवक ने घर में लगाई फांसी, मौत, मचा कोहराम



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर । सिरसागंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत गाँव नगला मंदारी में एक युवक ने अपने घर के अन्दर रस्सी से फांसी लगा ली जिससे उसकी जीवन लीला समाप्त हो गई पंकज कुमार पुत्र उजागर सिंह निवासी ग्राम नगला मंदारी थाना सिरसागंज ने अज्ञात कारणों के चलते शनिवार देर रात लगभग 10 बजे अपने घर के अन्दर रस्सी से फांसी लगा ली शोर-गुल सुनकर आस-पास के लोग दौड़कर बचाने के लिए पहुचे, जब तक पंकज कुमार की मौत हो गई सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया परिजनों के रविबार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया है सूत्रों की माने तो घटना के पीछे पारिवारिक कलह बताई जा रही है

### रथ कांवड़यात्रा से हुआ नगर का माहौल भक्तिमय

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर। जसराना। देवादिदेव महादेव को समर्पित पवित्र श्रावण मास में कांवड़ यात्रा की धूम मची हुई है। कस्बा होकर सैकड़ों की संख्या में कांवड़यात्री निकल रहे हैं। हथेश्वरी के साथ कांधेश्वरी, डाक कांवड एवं कलशा कांवड़ के साथ रथ कांवड़ आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। रविवार को नगर होकर कांवड़ रथ यात्रा निकली। कांवड़ रथयात्रा से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। शिकोहाबाद क्षेत्र के गावं भूडा बरथरा निवासी 35 से अधिक शिवभक्त रथ कांवड यात्रा के माध्यम से हरिद्वार से गंगाजल लेकर जसराना पहुंचे। एटा शिकोहाबाद मार्ग पर जसराना नगर में प्रवेश करते ही नगर का माहौल भक्ति मय हो गया। रथ कांवड़ यात्रा के दौरान मौजूद युवकों ने बताया कि हरिद्वार से रथ के माध्यम से गंगाजल लेकर बटेश्वर जा रहे हैं। बटेश्वर में जाकर भोलेनाथ का अभिषेक किया जाएगा।

### व्यापारियों की समस्या को लेकर केंद्रीय मंत्री को सौंपा ज्ञापन

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर । शिकोहाबाद । भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता, राष्ट्रीय महामंत्री मुकुंद मिश्रा के आह्वान पर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के अवसर पर व्यापारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह रंग भवन ऑडोटोरियम, आकाशवाणी भवन संसद मार्ग नई दिल्ली में संपन्न हुआ। जिसमें शिकोहाबाद नगर से उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता सहित कई व्यापारी पहुंचे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के नेताओं ने ऑनलाइन ट्रेडिंग, जीएसटी और सैंपलिंग प्रक्रिया का विरोध किया। इस




अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री भारत सरकार अर्जुनराम मेघवाल, केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, मंगलम सीमेंट के पूर्व चेयरमैन आर सी गुप्ता, राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी और कई सांसद सदस्यों ने व्यापारियों को संबोधन किया। इस अवसर पर शिकोहाबाद के व्यापारी नेताओं ने व्यापारियों की समस्याओं को लेकर केंद्रीय मंत्रियों को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, महामंत्री मुकेश गौड़, कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, विकासवीर सिंह यादव, ऋषि कुलश्रेष्ठ आदि थे।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पर दूसरे दिन कई बिंदुओं पर दिया गया प्रशिक्षण



**नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो विपिन कुमार।**

फिरोजाबाद । राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान फिरोजाबाद पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व एन सी ई आर टी आश्रित पाठ्य-पुस्तक पांच दिवसीय एफ एल एन आधारित प्रशिक्षण के दूसरे दिवस प्राचार्य डाइट बृजेंद्र कुमार के मार्गदर्शन व प्रशिक्षण प्रभारी लोहिता प्रवक्ता डायट की देखरेख में नोडल प्रदीप कुमार, डॉक्टर रामशरण सेठ प्रवक्ता डायट व अन्य संदर्भ दाताओं के द्वारा कई बिंदुओं पर चर्चा परिचर्चा के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया । इस दौरान उन्होंने प्रमुखों रूप से अकादमिक वर्ष 2025-26 के शिक्षक प्रशिक्षण की रूप-रेखा तथा कक्षा 1 और 2 के संशोधित निपुण लक्ष्य पर चर्चा के साथ साथ अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा की साथ ही डिकोडिंग पर कार्य करने की रणनीति को समझना (वर्ण/अक्षर पहचान, ब्लेंडिंग, शब्द एवं डिकोडेबल पाठ),पाठ्यपुस्तक एवं कार्यपुस्तिका की गतिविधियों पर कार्य करने के दौरान बच्चे किस प्रकार की गलतियाँ कर रहे होते हैं इसको समझकर सुधार हेतु प्रयास कर पाने में सक्षम होना एवं कक्षा 1-3 में बच्चों को धाराप्रवाह और स्वतंत्र रूप से पढ़ने में सक्षम बनाने के लिए प्रभावी पठन रणनीतियों पर समझ विकसित करना साथ ही होने वाली त्रुटियों को पहचानते हुए उनके समाधान की योजना बनाना आदि के साथ साथ कई बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें प्रवक्ता डायट, नव चयनित ए आर पी भूतपूर्व ए आर पी, के आर पी के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# नदी की सफाई के लिए ड्रोन से हुई निगरानी

● नदी पुनर्जीवित करने के लिए किया गया घाट निर्माण और वृक्षारोपण

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर।**

फिरोजाबाद । जिले के शिकोहाबाद ब्लॉक के गांव छीछा में सिरसा नदी के पूनर्जीवित करने का कार्य शुरू हो गया है सरकार की विलुप्त होती नदियों को फिर से जीवत करने की योजना के तहत यह अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के अंतर्गत सिरसा नदी की साफ सफाई की जा रही है नदी के किनारे वृक्षारोपण किया गया हैं और घाट का निर्माण कराया गया है नदी की स्थिति का आकलन करने के लिए ड्रोन से सर्वेक्षण भी किया गया सिरसा नदी की साफ सफाई को लेकर दिशा निर्देश दिए मनरेगा के मध्ययम से नदी की साफ सफाई का कार्य आगे भी जारी रहेगा इससे नदी में स्वस्थ जल प्रवाहित होगा

इससे सिचाइ और पशुओं के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा आपको बता दे की इससे पहले पर्यटन विभाग के मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने भी नदी की साफ सफाई को लेकर दिशा निर्देश दिए थे इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ग्राम प्रधान जगदीश शर्मा ,सचिन धर्मेंद्र यादव ,डीपीआरओ और विकास खंड के कई अधिकारी मौजूद रहे कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण किया गया और घाट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया ।

# पर्यटन मंत्री जयवीर ने गांव करहरा में सुनी जन समस्याएं



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

सिरसागंज । पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जनपद में नई पहल शुरू की अब जन समस्याओं का समाधान जनता के बीच उपस्थित रहकर किया जाएगा, इसी क्रम में रविवार को ग्राम करहरा में संपूर्ण समाधान दिवस एवं लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें स्टालों के रूप में स्वयं सहायता समूह से संबंधित, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, समाज कल्याण से संबंधित व विभिन्न योजनाओं से संबंधित सभी जनहित कारी योजनाओं से संबंधित योजना का प्रदर्शन किया गया।' इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत, अपर जिलाधिकारी न्यायिक संगीता गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम बदन राम, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पांडे सहित संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# दो टप्पेबाज गिरफ्तार, सवारियों को बनाते थे निशाना

● सरकारी गाड़ी बताकर नकदी व जेवरात की करते थे टप्पेबाजी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद। थाना टूण्डला पुलिस ने 24 घण्टे के अन्दर टप्पेबाजी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपी टप्पेबाजों को गिरफ्तार किया है। कब्जे से ईको कार, 01 अवैध चाकू, 01 मंगल सूत्र, 1500 रुपए नकद व दो स्क्रीन टच मोबाईल बरामद हुए है। टप्पेबाज अकेली महिलाओं को सवारी के रूप में बैठाकर तथा ईको कार को सरकारी गाडी बताकर, बातो में फसाकर सवारियों से सामान एक लिफाफे में डलवा लेते है। और सवारियों को उचित जहगाह उतारकर लिफाफ बदल देते थे।

शनिवार को समय रात्रि नौ बजे पीड़िता ने प्रार्थना पत्र पुलिस को दिया



और बताया की इको के चालक व सवार अज्ञात व्यक्ति ने झूठी बात बोलकर धोखाधडी कर मेरा सामान लेकर चले जाना तथा मेरा सामान लिफाफे में रखवा कर बदल दिया है। पुलिस ने इस तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पर मुकदमा दर्ज किया। थाना टूण्डला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चैंकिंग के दौरान टप्पेवाज वेदप्रकाश पुत्र मनोहर लाल और सत्यप्रकाश पुत्र ज्ञान चन्द्र को प्रतापपुर रोड रघुनाथ वाटिका के पास कच्चे रास्ते ग्राम अलावलपुर थाना टूण्डला से गिरफ्तार किया गया। टप्पेबाजों के कब्जे से 01 ईको कार, 01 अवैध चाकू, 01 मंगल सूत्र, 1500 रुपए नकद व दो स्क्रीन टच मोबाईल बरामद किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर आरोपियों को जेल भेजा गया है।

# कांवड़ियों का टुंडला चौराहे पर किया जोरदार स्वागत



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

टूंडला। सावन माह में शिवभक्ति की भावना से ओतप्रोत कावड़ यात्रा का सिलसिला पूरे क्षेत्र में जारी है। इसी क्रम में सावन के चौथे और आखिरी सोमवार को शिवजी पर जल अर्पित करने को कांवड़िए सौरों से रवाना हुए, कांवड़ियों का रविवार शाम को टुंडला चौराहे पर समाजसेवियों ने भव्य स्वागत किया।कांवड़ यात्रा में शामिल भक्तों ने बताया कि वे सौरों से पवित्र गंगाजल लेकर निकले हैं, जिसे वे अपने-अपने गांवों के शिव मंदिरों में अर्पित करेंगे। इस धार्मिक यात्रा में हर आयु वर्ग के भक्तगण शामिल हैं, जिनका उत्साह देखते ही बनता है। चूल्हावाली गांव में भी कांवड़ियों के आगमन पर विशेष व्यवस्था की गई थी। ग्रामीणों ने रास्ते में जलपान, विश्राम स्थल और प्राथमिक चिकित्सा जैसी व्यवस्थाओं के साथ भक्ति भाव से यात्रियों की सेवा की। स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा और यातायात की व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। कांवड़ियों का स्वागत करने वालों में शरद पौनिया वरुण सोलंकी सौरव चौधरी कुनाल दीपू विशाल देव भोला कृष्णा चंदा लोकेश रोहित कुलदीप आयुष आकाश आदि शामिल रहे।

# पीड़ित ने न्यायालय के आदेश पर मारपीट का दर्ज कराया मुकदमा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

टूंडला। खेत का बैनामा कराकर खेत वापस करने के नाम पर युवक के साथ मारपीट कर रुपए छीन लिए। पीड़ित युवक ने छह लोगों के विरूद्ध न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है ।

आगरा के थाना जगदीशपुरा अंतर्गत बिचपुरी निवासी रूपेश कुमार ने आगरा थाना जगदीशपुरा अंतर्गत अलवतिया भोगीपुरा निवासी रामवीर सिंह से 10 बीघा खेत नगला जाट मौजा पमारी तहसील टूंडला में नबंवर 2024 में खरीदा था। रूपेश ने खेत को अप्रैल 2025 को कमलेश देवी निवासी नगला जाट मौजा पमारी तहसील टूंडला को बेच दिया था। बैनामा के बाद कमलेश देवी के पति महेश चंद्र ने खेत वापस करने को कहा। साथ ही पैसे वापस करने को कहा। रूपेश 28 अप्रैल को सुबह 11 बजे अपने पुत्र प्रवीन व साले योगेंद्र के साथ 10 लाख रुपए व चैकबुक लेकर टूंडला पहुंचे थे। कमलेश देवी व महेशचंद्र रूपेश को होटल पर ले गए।

भूदेव सिंह, योगेश, राकेश कुमार, रामवीर सिंह पहले से मौजूद थे। वहीं महेश चंद्र व योगेश ने तमंचा निकालकर रूपेश से 10 लाख रुपए छीन लिए। साथ ही चैकबुक पर हस्ताक्षर करा लिए। विरोध करने पर उक्त लोगों ने पिटाई कर दी।

जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने उक्त छह लोगों की न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# विश्व हिंदू परिषद की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

**नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर ।**

शिकोहाबाद । रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर जसलई रोड शिकोहाबाद में विश्व हिंदू परिषद नगर कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष करन माथुर की अध्यक्षता में हुई। भारत माता एवं प्रभु श्रीराम के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर बैठक शुरू की गई। बैठक में विभाग संगठन मंत्री सुशील कुमार एवं प्रांत सह मंत्री/ज़िला पालक श्री त्यागी , प्रांत सत्संग प्रमुख ब्रजेश




चौहान, बजरंग दल प्रांत पदाधिकारी तजिंदर चौहान, विभाग संगठन मंत्री शशिकांत शर्मा मौजूद रहे। इस मौके पर संगठन और हिंदू हितों की सुरक्षा, हिंदू एकता को मजबूत करने के लिए विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर नगर उपाध्यक्ष समर्थ सिंह, शुभम शुक्ला, आशीष गुप्ता, मंत्री आकाश कश्यप, सह मंत्री शुभम मिश्रा, बजरंग दल सह संयोजक दिव्यांशु मिश्रा, विकास कुमार, हिमांशु , अभिषेक, डॉ.भावना दुबे, गौरव शर्मा आदि मौजूद रहे।

# इजराइली गोलीबारी में कई लोगों की मौत



**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी),** दो अगस्त (एपी) इजराइली बलों ने इजराइल समर्थित गाजा मानवतावादी फाउंडेशन (जीएचएफ) द्वारा संचालित दो सहायता वितरण केंद्रों के निकट तब गोलीबारी कर दी जब भूखे फलस्तीनी लोग भोजन लेने के लिए एकत्र हुए थे। इस गोलीबारी में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

लगभग एक सप्ताह पहले इजराइल ने भूख से मरते बच्चों की बढ़ती घटनाओं के बीच अंतरराष्ट्रीय दबाव के चलते, सीमित मानवीय सहायता और हवाई सहायता की घोषणा की थी, जिसका उद्देश्य गाजा के 20 लाख से अधिक लोगों तक भोजन पहुंचाना था। लेकिन संयुक्त राष्ट्र, साझेदारों और फलस्तीनियों का कहना है कि अब भी बहुत कम सहायता आ रही है, गाजा के बाहर महीनों से आपूर्ति का ढेर लगा हुआ है और वह इजराइल की मंजूरी का इंतजार है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दक्षिणी शहर राफा में जीएचएफ के संचालन स्थल से सैकड़ों मीटर की दूरी पर स्थित शाकौश क्षेत्र में कम से कम दो लोग मारे गए। निकटवर्ती खान यूनिस स्थित नासिर अस्पताल में दो शव लाये गये और कई घायलों को भर्ती कराया गया।

इजराइली सेना ने कहा कि उसे इस क्षेत्र में अपनी सेना द्वारा किसी भी गोलीबारी की जानकारी नहीं है। जीएचएफ ने कहा कि उसके ठिकानों के पास कुछ भी नहीं हुआ। इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि वह अपने नियंत्रण वाले मार्गों को सुरक्षित बनाने के लिए काम कर रही है। इजराइल और जीएचएफ ने दावा किया है कि मृतकों की संख्या बढ़ा-चढ़ाकर बताई गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवा के प्रमुख फारेस अवाद ने बताया कि इजराइली नियंत्रण वाले जिकिम क्रॉसिंग से उत्तरी गाजा में प्रवेश करने वाले सहायता ट्रकों को सुरक्षित करने की कोशिश कर रहे फलस्तीनियों के एक समूह पर इजराइली हमला हुआ, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। नासिर अस्पताल ने कहा कि गाजा के दक्षिण में विस्थापित लोगों को शरण देने वाले तंबुओं पर दो अलग-अलग हमलों के बाद उसे पांच शव मिले हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय की एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवा ने कहा कि इजराइली हमले में जवैदा और दीर अल-बलाह कस्बों के बीच एक परिवार के घर को निशाना बनाया गया, जिसमें दो अभिभावकों और उनके तीन बच्चों की मौत हो गई।

## सिंगापुर के राष्ट्रपति ने दो बचाव अभियानों में शामिल प्रवासी श्रमिकों से मुलाकात की

**सिंगापुर, (भाषा)** सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम ने रविवार को सिंगापुर में दो अलग-अलग बचाव अभियानों में शामिल भारतीयों समेत प्रवासी श्रमिकों से मुलाकात की। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर में कहा गया है कि षणमुगरत्नम और उनकी पत्नी जेन इट्टोगी ने सिंगापुर की स्वतंत्रता के साठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर आयोजित ओपन हाउस में श्रमिकों का स्वागत किया। एक घटना में, 46 वर्षीय भारतीय 'फोरमैन' और उनकी टीम के सात कर्मचारियों ने 26 जुलाई को तंजोंग काटोंग रोड साउथ में एक 'सिंकहोल' में गिरी कार से महिला को बचाया।

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पांच अगस्त को 'जुलाई घोषणापत्र' जारी करेगी



**ढाका, (भाषा)** बांग्लादेश की मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने शनिवार को कहा कि वह पांच अगस्त को "जुलाई घोषणापत्र" जारी करेगी। पिछले साल इसी तारीख पर तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग सरकार को सत्ता से बाहर किया गया था।

यूनुस की प्रेस शाखा ने एक बयान में कहा, "अंतरिम सरकार ने जुलाई घोषणापत्र के मसौदे को अंतिम रूप दे दिया है। इसे मंगलवार, पांच अगस्त, 2025 को जनांदोलन के पक्षधर सभी दलों की उपस्थिति में राष्ट्र के सामने पेश किया जाएगा।" यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पिछले वर्ष जुलाई-अगस्त में हुए छात्र-नेतृत्व वाले विद्रोह को संवैधानिक मान्यता देना चाहती है, इस मान्यता को जुलाई घोषणा के नाम से जाना जाता है। छात्र नेतृत्व वाले विद्रोह के कारण शेख हसीना को सत्ता से बाहर होना पड़ा था। सूचना सलाहकार महफूज आलम, जिन्हें यूनुस ने पहले जुलाई विद्रोह का "मुख्य कर्ताधर्ता" कहा था, ने इस बीच कहा कि बहुप्रतीक्षित जुलाई घोषणा अब एक "वास्तविकता" है। स्टूडेंट्स अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन (एसएडी) के शीर्ष नेताओं में से एक आलम ने कहा, "इसकी घोषणा 5 अगस्त को की जाएगी। मैं इस मुद्दे को जनता के मन में जीवित रखने और इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त करने में मदद करने के लिए सभी का धन्यवाद करता हूं।"

## जुलाई 2025 में श्रीलंका आए पर्यटकों में सबसे ज्यादा भारतीय

**कोलंबो, (भाषा)** श्रीलंका में जुलाई 2025 में कुल 2,00,244 पर्यटक आए, जिनमें भारतीय पर्यटकों की संख्या सबसे अधिक थी। स्थानीय मीडिया की खबरों से रविवार को यह जानकारी मिली। समाचार पोर्टल 'अदा डेराना' की खबर के अनुसार, श्रीलंका पर्यटन विकास प्राधिकरण द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में कुल पर्यटकों के आगमन में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एसएलटीडीए के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत से 37,128 पर्यटक आए, जो जुलाई में कुल पर्यटक संख्या का 18.5 प्रतिशत है। इसके बाद ब्रिटेन से 23,475, नीदरलैंड से 15,556, चीन से 12,982 और फ्रांस से 11,059 पर्यटक आए। श्रीलंका में वर्ष 2025 के पहले सात महीनों में कुल 13,68,288 पर्यटक पहुंचे।

## कार दुर्घटना में भारतीय मूल के चार बुजुर्ग व्यक्तियों की मौत



**न्यूयॉर्क, (भाषा)** अमेरिका के वेस्ट वर्जीनिया में एक कार दुर्घटना में भारतीय मूल के चार बुजुर्ग व्यक्तियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। मार्शल काउंटी शेरिफ माइक डौघर्टी ने एक बयान में कहा कि किशोर दीवान, आशा दीवान, शैलेश दीवान और गीता दीवान एक वाहन दुर्घटना के बाद मृत पाए गए।

चारों व्यक्ति बफेलो, न्यूयॉर्क से लापता बताए गए थे। उनका वाहन दो अगस्त को रात लगभग 9:30 बजे वेस्ट वर्जीनिया के मार्शल काउंटी में एक सड़क के किनारे एक ढलान के पास मिला। डौघर्टी ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना जतायी।

न्यूयॉर्क प्रांत की गवर्नर कैथी होचुल के कार्यालय में एशियाई अमेरिकी और प्रशांत द्वीप समूह मामलों के निदेशक सिबू नायर ने शनिवार को फेसबुक पर 'व्यक्ति लापता- कृपया मदद करें' अलर्ट पोस्ट किया था, जिसमें लापता हुए चार बुजुर्ग व्यक्तियों का पता लगाने में मदद मांगी गई थी।

नायर ने कहा, ''हमारे समुदाय के प्रिय सदस्य₹ दीवान लापता हो गए थे। उन्हें आखिरी बार मंगलवार को पिट्सबर्ग के एक मंदिर में दर्शन करने के बाद, वेस्ट वर्जीनिया के माउंड्सविले स्थित पैलेस लॉज होटल जाते हुए देखा गया था। दुर्भाग्य से, वे कभी नहीं लौटे।''

## यूक्रेनी ड्रोन हमले से रूसी तेल डिपो में लगी भीषण आग

**मॉस्को, (एपी)** रूस के काला सागर स्थित रिसॉर्ट सोची के निकट एक तेल डिपो पर यूक्रेन के ड्रोन हमले से भीषण आग लग गई। रूसी अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनियामिन कोंड्राटयेव ने 'टेलीग्राम' पर बताया कि एक ड्रोन का मलबा गिरने से ईंधन टैंक में भीषण आग लग गयी, जिसे बुझाने के लिए 120 से अधिक दमकलकर्मी जुट गये। सोशल मीडिया पर सामने आए इस घटना के वीडियो में तेल डिपो के ऊपर से धुएं के विशाल गुबार उठते दिखाई दिए। रूस के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण, रोसावियात्सिया ने सोची हवाई अड्डे पर उड़ानों का परिचालन अस्थायी रूप से रोक दिया है। वोरोनिश क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य यूक्रेनी ड्रोन हमले में चार लोग घायल हो गए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने रविवार रात तक रूस और काला सागर के ऊपर से 93 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया। इस बीच, दक्षिणी यूक्रेन में माइकोलाइव शहर के एक आवासीय क्षेत्र पर रूस ने मिसाइल से हमला हुआ, जिसमें सात लोग घायल हो गए।

## भारत को स्पेन से एयरबस सी-295 सैन्य परिवहन विमान प्राप्त हुआ



**लंदन, (भाषा)** स्पेन स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि भारत को शनिवार को स्पेन से 16 एयरबस सी-295 सैन्य परिवहन विमानों में से अंतिम विमान प्राप्त हुआ, जो उसकी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। समकालीन प्रौद्योगिकी से युक्त 5-10 टन क्षमता वाला परिवहन विमान सी-295, भारतीय वायुसेना के पुराने एवरो विमान की जगह लेगा। स्पेन में भारतीय राजदूत दिनेश के पटनायक ने भारतीय वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सेविले में एयरबस डिफेंस एंड स्पेस असेंबली लाइन पर 16 एयरबस सी-295 सैन्य परिवहन विमानों में से अंतिम विमान प्राप्त किया, भारतीय मिशन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। इसमें कहा गया है, "निर्धारित समय से दो महीने पहले की गई यह आपूर्ति भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।" यह विमान एक बहुमुखी और कुशल सामरिक परिवहन विमान है जिसकी उड़ान क्षमता 11 घंटे है। भारतीय वायुसेना के लिए 56 सी-295 मेगावाट परिवहन विमान के अधिग्रहण के लिए एयरबस डिफेंस एंड स्पेस, स्पेन के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। सी-295 कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 56 विमानों की आपूर्ति की जानी है, जिनमें से 16 स्पेन से एयरबस द्वारा सीधे वितरित किए जाएंगे तथा शेष 40 का निर्माण भारत में किया जाएगा।

# आपकी जुराबें ही बना रही हैं बीमार! जानिए भीतर छिपा खतरनाक सच

**लीसेस्टर (ब्रिटेन),(द कन्वरसेशन)** आपके पैर सूक्ष्मजीवों के मुख्यस्थल हैं। आपके पैरों की उंगलियों के बीच का क्षेत्र स्वेद ग्रंथियों से भरा होता है और जब हम जुराब और जूते पहन लेते हैं, तब हम वहां की नमी को एक गर्म, नम आवरण में फंसा लेते हैं जो सूक्ष्मजीवों के विकास के लिए आदर्श होता है। वास्तव में, आपके पैर बैक्टीरिया और कवक के लिए एक छोटे से वर्षावन पर्यावास हो सकते हैं, जहां त्वचा की सतह पर प्रति वर्ग सेंटीमीटर में 100 से एक करोड़ सूक्ष्मजीव कोशिकाएं होती हैं।

पैरों में न सिर्फ सूक्ष्मजीवों की विशाल विविधता होती है – वहां प्रति व्यक्ति 1,000 विभिन्न प्रजातियां होती हैं– बल्कि शरीर के किसी भी अन्य अंग की तुलना में उनमें कवक प्रजातियों की एक विस्तृत श्रृंखला भी होती है। इसका मतलब है कि आपके पैर सिर्फ पसीने से तरबतर या बदबूदार नहीं होते हैं बल्कि वहां वास्तव में जैव विविधता होती है।

चूंकि आपके पैरों में विशाल संख्या में सूक्ष्मजीव होते हैं, इसलिए आपके जुराब इन्हीं जीवाणुओं और कवकों के लिए प्रमुख स्थान बन जाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि जुराबों में हानिरहित त्वचा के जीवाणु, जैसे 'कोएगुलेज़-नेगेटिव स्टेफिलोकोसी', और संभावित रूप से खतरनाक रोगाणु, जैसे एस्परगिलस, स्टैफिलोकोकस, कैंडिडा, हिस्टोप्लाज्मा और क्रिप्टोकोकस, दोनों ही मौजूद होते हैं। ये सूक्ष्मजीव आपके पैरों की उंगलियों के बीच गर्म, नम जगहों में पनपते हैं तथा पसीने और मृत त्वचा कोशिकाओं से अपना आहार ग्रहण करते हैं। उनके सह उत्पाद, जैसे वाष्पशील 'फैटी एसिड' और सल्फर यौगिक, ऐसे चीजें होती हैं जो पसीने से तर पैरों, जुराबों और जूतों में वह दुर्गंध पैदा करती हैं। पसीने की गंध खुद पसीने से नहीं, बल्कि उस पसीने के सूक्ष्मजीवी चयापचय से आती है। शायद आश्चर्य की बात नहीं है कि पैरों से बदबू आना इतना आम है कि एनएचएस ने इस मुद्दे पर सलाह के लिये बहुत कुछ कहा है।

जुराब का माइक्रोबायोम सिर्फ आपके पैरों से ही प्रभावित नहीं होता है बल्कि यह आपके पर्यावरण को भी दर्शाता है। जुराब हर उस सतह से सूक्ष्मजीव ग्रहण करते हैं जिस पर आप चलते हैं, जैसे घर का फर्श, 'जिम मैट', 'लॉकर रूम' और यहां तक कि आपका बगीचा भी शामिल है। ये सूक्ष्मजीवी स्पंज की तरह काम करते हैं और मिट्टी, पानी, पालतू जानवरों के बाल और रूसी, और रोज़मर्रा की ज़िंदगी की धूल से बैक्टीरिया और फफूंद इकट्ठा करते हैं। एक अध्ययन में, सिर्फ़ 12 घंटे पहने गए जुराबों में किसी भी परीक्षण किए गए कपड़े की तुलना में सबसे ज़्यादा बैक्टीरिया और फफूंद पाए गए। आपके जुराबों में रहने वाली कोई भी चीज़ आपके जूतों, फर्श, बिस्तर और यहां तक कि आपकी त्वचा तक पहुंच सकती है। एक अस्पताल अध्ययन में, मरीज़ों द्वारा पहने जाने वाले जुराबों में फर्श के सूक्ष्मजीव, जिनमें एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी रोगाणु भी शामिल हैं, अस्पताल के बिस्तरों तक पहुंच गए। यह याद दिलाता है कि पैरों की स्वच्छता सिर्फ एक व्यक्तिगत मुद्दा नहीं है - इसके संक्रमण नियंत्रण और जन स्वास्थ्य पर व्यापक प्रभाव पड़ सकते हैं। 'मोज़े टिनिया पेडिस (जिसे एथलीट फुट के नाम से भी जाना जाता है)' जैसे कवक संक्रमणों को फैलाने में भी अहम भूमिका निभा सकते हैं।

यह एक बेहद संक्रामक बीमारी है जो मुख्य रूप से पैर की उंगलियों को प्रभावित करती है, लेकिन एड़ियों, हाथों या कमर तक भी फैल सकती है। यह संक्रमण 'डर्मेटोफाइट' फफूंद के कारण होता है, जिन्हें गर्म और नम वातावरण पसंद होता है - ठीक वैसे ही जैसे आपको पसीने से तर जुराबों और तंग जूतों में मिलते हैं।

# खेल एक्सप्रेस

## संक्षिप्त खबरें

### इंग्लैंड ने चौथे दिन लंच तक तीन विकेट पर 164 रन बनाये

**लंदन, (भाषा)** इंग्लैंड ने जीत के लिए 374 रन का पीछा करते हुए भारत के लिए खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच की दूसरी पारी में लंच तक तीन विकेट पर 164 रन बना लिये। श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहे इंग्लैंड को जीत के लिए 210 रन की जरूरत है जबकि भारत जीत से सात विकेट से दूर है। इंग्लैंड ने इस सत्र में 114 रन बनाये जबकि भारतीय गेंदबाज दो विकेट लेने में सफल रहे। लंच के लिए खेल रोके जाते समय जो रूट 23 और हैरी ब्रुक 38 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। भारत दिन के शुरुआती सत्र में बेन डकेट (54) और ओली पोप (27) के विकेट चटकाने में सफल रहा लेकिन ब्रुक ने आक्रामक बल्लेबाजी कर भारतीय गेंदबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश की। ब्रुक को इस दौरान जीवनदान भी मिल जब प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर कैच पकड़ने के बाद मोहम्मद सिराज का पैर बाउंड्री लाइन से टकरा गया।

### सुमित और भूमिका अंडर-20 एशिया रग्बी चैंपियनशिप में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे

**नयी दिल्ली, (भाषा)** बंगाल के सुमित कुमार रॉय और राजस्थान की भूमिका शुक्ला नौ और 10 अगस्त को बिहार के राजगीर में होने वाली एशिया रग्बी एमिरेट्स अंडर-20 सेवंस चैंपियनशिप 2025 में भारतीय टीमों का नेतृत्व करेंगे। टीमों का चयन तीन जुलाई को कोलकाता के भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में शुरू हुए राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के बाद किया गया। पुरुष वर्ग में भारत, चीन, यूएई, हांगकांग, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, श्रीलंका और मलेशिया की टीमें हिस्सा लेंगी। महिला वर्ग में मलेशिया की जगह नेपाल रहेगा। भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, ''एशिया रग्बी अंडर-20 सेवंस चैंपियनशिप एक ऐसा टूर्नामेंट है जहां एक खिलाड़ी का अंतरराष्ट्रीय भविष्य आकार लेना शुरू करता है। हम इस साल विशेष रूप से अपनी पुरुष और महिला दोनों टीमों को घरेलू धरती पर एक साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं।''जूनियर पुरुष टीम के उप-कप्तान करण राजभर हैं जबकि अंडर-20 महिला टीम की उप-कप्तान महाराष्ट्र की तनुश्री भोसले हैं। 2022 के बाद यह पहली बार होगा जब दोनों भारतीय अंडर-20 टीमें महाद्वीपीय स्तर पर एक साथ भाग लेंगी। भारतीय अंडर-20 पुरुष टीम के कोच फ्रांसिस्को 'पाको' हर्नांडेज होंगे जबकि टेरेंस जोसेफ सहायक कोच होंगे।

### यूपी वॉरियर्स में ट्रॉफी जीतने की संस्कृति बनाना चाहता हूं : अभिषेक नायर

**मुंबई,(भाषा)** भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टीम यूपी वॉरियर्स के मुख्य कोच के रूप में अपनी नई भूमिका को चुनौती से ज्यादा एक मौके के रूप में देखते हैं क्योंकि उनका लक्ष्य ट्रॉफी जीतने वाली संस्कृति का निर्माण करना है। इस साल की शुरुआत में डब्ल्यूपीएल में निराशाजनक अंतिम स्थान पर रहने के बाद नायर को फ्रेंचाइजी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। यूपी वॉरियर्स 2024 में चौथे स्थान और 2023 में शुरूआती चरण में तीसरे स्थान पर रही थी। फ्रेंचाइजी द्वारा आयोजित साक्षात्कार में नायर ने पीटीआई को बताया, ''मैंने हमेशा किसी भी चीज को मौके के रूप में देखा है और यह एक ऐसा अवसर है जिसके लिए मैं बहुत उत्साहित हूं।''उन्होंने कहा, ''मैं एक ऐसी संस्कृति बनाना चाहता हूं जिसमें इस फ्रेंचाइजी में आने वाला हर खिलाड़ी यह समझे कि यह फ्रेंचाइजी ट्रॉफी जीतने के लिए खेलती है। मैं इस फ्रेंचाइजी और हमारे पारिस्थितिकी तंत्र में इस मानसिकता को लाने की कोशिश करूंगा।''

**मैं छोटे देशों की बात नहीं करूंगा, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर देशों की बात करूंगा।**

# सिर्फ 'बिग थ्री' को टेस्ट क्रिकेट खेलते हुए नहीं देख सकते: ग्राहम गूच

**लंदन, (भाषा)** महान बल्लेबाज ग्राहम गूच का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच मैच की कड़ी श्रृंखला दबाव झेल रहे टेस्ट प्रारूप के लिए बिल्कुल सही प्रेरणा है लेकिन उन्हें डर है कि सिर्फ 'बिग थ्री' (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों के एक-दूसरे के साथ अधिक खेलने का मौजूदा चलन अंततः बोरियत और ठहराव का कारण बनेगा। अधिकतर टेस्ट क्रिकेट भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा है जो पांच मैच की श्रृंखला में एक-दूसरे के साथ खेलते हैं। वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड जैसे आर्थिक रूप से कमजोर देश केवल दो या तीन मैच की श्रृंखला में ही हिस्सा लेते हैं।

यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट के इतर पीटीआई से बात करते हुए इंग्लैंड के पूर्व कप्तान गूच ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट को 'बिग थ्री' देशों से आगे बढ़कर फलने-फूलने की जरूरत है।



गूच ने पीटीआई से कहा, ''मुझे लगता है कि आईसीसी को टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान देने की जरूरत है और यह देखने की जरूरत है कि वे आर्थिक रूप से कमजोर देशों की कैसे मदद कर सकते हैं। मैं छोटे देशों की बात नहीं करूंगा, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर देशों की बात करूंगा।''

टेस्ट क्रिकेट में 8900 रन के साथ इंग्लैंड के तीसरे सबसे सफल बल्लेबाज 72 वर्षीय गूच ने कहा, ''क्योंकि आपको टेस्ट क्रिकेट को बचाए रखना है। आप सिर्फ तीन टीम के बीच नहीं खेल सकते। अगर न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका जैसी दूसरी टीम कम टेस्ट क्रिकेट खेलेंगी तो किसी के पास खेलने के लिए कोई नहीं होगा। इसलिए उन्हें खेल का पूरा समर्थन करना होगा।''भारत और इंग्लैंड ने पांच मैच की श्रृंखला में एक-दूसरे को बेहद कड़ी टक्कर दी है और ऐसे में गूच यहां खेले गए क्रिकेट और इन नजदीकी मैचों में पैदा हुए तनाव से बेहद खुश हैं।

उन्होंने कहा, ''यह एक शानदार श्रृंखला रही है और टेस्ट क्रिकेट के लिए बेहद अच्छी है। क्योंकि हम जानते हैं कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट दुनिया भर में छाया हुआ है और टेस्ट क्रिकेट दबाव में है।''गूच ने कहा, ''तो इस तरह की श्रृंखला में काफी रोमांच, काफी अच्छा क्रिकेट, ढेर सारे रन, शानदार गेंदबाजी, और तनाव, कभी-कभी खेल में थोड़ी-बहुत चुभन भी होती है जिससे असल में मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।''उन्होंने कहा, ''दोनों टीमों ने काफी जज्बा दिखाया है। मुझे लगता है कि यह शानदार रहा है।''

लगभग 45 हजार प्रथम श्रेणी रन बनाने वाले गूच ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद टीम की अनुभवहीनता के बावजूद उन्हें हमेशा उम्मीद थी कि भारत मेजबान टीम को कड़ी टक्कर देगा। गूच ने कहा, ''देखिए एक दरवाजा बंद होता है तो दूसरा खुल जाता है। आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि महान खिलाड़ी या कोई भी खिलाड़ी हमेशा खेलता रहे।



## राहुल ने आखिरी आईपीएल मैच के बाद हर मिनट इंग्लैंड श्रृंखला की तैयारी में बिताया: अभिषेक नायर

**मुंबई, (भाषा)** भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर ने रविवार को कहा कि लोकेश राहुल ने अपने आखिरी आईपीएल मैच के बाद हर मिनट इंग्लैंड दौरे की तैयारी में बिताया है और टीम के लिए सभी क्रम पर खेलने से मिलने वाली प्रशंसा के वह हकदार हैं। राहुल पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने दो शतक और दो अर्धशतक की मदद से 53.20 की औसत से 532 रन बनाए और यशस्वी जायसवाल के साथ एक मज़बूत सलामी जोड़ी बनाई।

कुछ समय पहले तक भारत के सहायक कोच के रूप में काम करने वाले नायर ने कहा कि वह राहुल द्वारा किए गए बदलावों का खुलासा नहीं कर सकते लेकिन वह वांछित परिणाम देखकर खुश हैं। महिला प्रीमियर लीग टीम यूपी वारियर्स के मुख्य कोच नायर ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, ''मैं लोकेश राहुल में देखे गए बदलावों के बारे में बात नहीं कर सकता क्योंकि इससे उसका प्रभाव काफी कम हो जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''मैं बस इतना कह सकता हूं कि जो भी बदलाव हुए हैं, वे वाकई कारगर रहे हैं।''नायर ने कहा कि राहुल ने आईपीएल के बाद इंग्लैंड दौरे की तैयारी शुरू करने में कोई समय बर्बाद नहीं किया। उन्होंने कहा, ''उसने बहुत, बहुत कड़ी मेहनत की है। बहुत कम लोग जानते हैं कि अपने बच्चे के जन्म के बाद वह आईपीएल में खेला। वह तुरंत वापस आ गया।'' नायर ने कहा, ''उसने (इंग्लैंड) टेस्ट श्रृंखला की तैयारी शुरू कर दी थी जबकि बहुत से लोग ऐसा नहीं करते। वह इस श्रृंखला के महत्व को जानता था, वह इसे समझता था।''

## त्रिपुरा के मुख्यमंत्री ने धलाई में क्रिकेट मैदान का उद्घाटन किया

**अगरतला, (भाषा)** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने रविवार को धलाई जिले के कमलपुर में नये क्रिकेट मैदान का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उभरते खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए प्रत्येक उप-मंडल में एक क्रिकेट मैदान का निर्माण करना चाहती है। साहा ने कहा कि पिछली सरकार ने कमलपुर में क्रिकेट स्टेडियम बनाने में गलती की थी। उन्होंने कहा, ''जब मैं टीसीए का अध्यक्ष था, तो मैं निर्माण कार्य देखने के लिए कमलपुर गया था और मुझे वहां कमियां मिलीं। राज्य के खेल मंत्री मनोज कांति देब मुझे स्टेडियम पूरा कराने के लिए बुलाते थे। आज, पिछली सरकार की सभी दोषपूर्ण योजनाओं को हटाकर क्रिकेट मैदान का उद्घाटन किया गया है।''

**पीसीबी ने डब्ल्यूसीएल द्वारा भारत को अंक देने के निर्णय पर भी कड़ी आपत्ति जताई**

# पीसीबी ने डब्ल्यूसीएल में भविष्य में भागीदारी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया

**लाहौर, (भाषा)** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने विश्व चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के आयोजकों पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए रविवार को भविष्य में इस टूर्नामेंट में अपने खिलाड़ियों की भागीदारी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की घोषणा की।



भारतीय टीम ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय खेल संबंधों को लेकर देश के रुख का हवाला देते हुए इस पड़ोसी देश के खिलाफ डब्ल्यूसीएल के ग्रुप चरण के मुकाबले और सेमीफाइनल दोनों में खेलने से इनकार कर दिया था जिसके बाद पीसीबी ने यह फैसला किया।

पीसीबी ने मोहसिन नकवी की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की वर्चुअल बैठक के बाद एक बयान में कहा, ''पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) घोषणा करता है कि वह भविष्य में वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) में भाग लेने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रहा है।''पीसीबी ने डब्ल्यूसीएल द्वारा भारत को अंक देने के निर्णय पर भी कड़ी आपत्ति जताई तथा कहा कि यह ''पाखंड और पक्षपातपूर्ण है।''

भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण में मुकाबला होना था, लेकिन भारतीय टीम ने आतंकवादी हमले और उसके बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्रीय भावनाओं का हवाला देते हुए पाकिस्तानी टीम के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया।

भारतीय टीम में शिखर धवन, युवराज सिंह, इरफान पठान, सुरेश रैना और हरभजन सिंह जैसे खिलाड़ी शामिल थे। भारत के सेमीफाइनल में नहीं खेलने के कारण पाकिस्तान सीधे फाइनल में पहुंच गया। पीसीबी ने बयान में कहा, ''पीसीबी ने डब्ल्यूसीएल के जानबूझकर मैच गंवाने वाली टीम को अंक देने के फैसले की समीक्षा की। इसके अलावा भारत बनाम पाकिस्तान लीजेंड्स मैचों को रद्द करने की घोषणा करने वाली डब्ल्यूसीएल की प्रेस विज्ञप्तियों की विषय-वस्तु की समीक्षा भी की गई और उसने इन्हें पाखंड और पूर्वाग्रह से ग्रस्त पाया।''बोर्ड ने आगे कहा कि वह अपने खिलाड़ियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति नहीं दे सकता, जहां ''खेल भावना पर पक्षपातपूर्ण राजनीति हावी हो रही हो और जो खेल भावना के मूल तत्व को कमजोर कर रही हो।''बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन के सह-स्वामित्व वाली डब्ल्यूसीएल ने ग्रुप चरण के मैच के रद्द होने के बाद माफी मांग ली थी।

डब्ल्यूसीएल ने कहा था, ''हम भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए एक बार फिर माफी मांगते हैं और उम्मीद करते हैं कि लोग यह समझेंगे कि हमारा उद्देश्य क्रिकेट प्रेमियों को खुशी के कुछ पल देना था।''



“ ‘‘वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में होने वाली भर्तियों में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद हावी था। उस दौरान पैसों के लेन-देन, बोली और भेदभाव ने नौजवानों के भविष्य को अंधकारमय बना दिया था।’’

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.





दयाशंकर सिंह ने कुशल वक्ता व कर्मठ व्यक्तित्व के धनी, भारत सरकार में केंद्रीय शिक्षा व कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से उनके दिल्ली स्थित आवास पर स्नेहिल भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।




## देश का सबसे बड़ा आम महोत्सव, तालकटोरा स्टेडियम में दिखा ‘’मिनी संसद’’ जैसा माहौल

# भारत आम महोत्सव में सम्मानित हुए किसान- आयोजक सांसद रमेश अवस्थी को पीएम मोदी ने दी बधाई

## उप राज्यपाल वी के सक्सेना ने किया महोत्सव का उद्घाटन, 3.5 किलो के आम ने किया सबको आकर्षित



















नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विगत 31 जुलाई को कानपुर के भाजपा सांसद रमेश अवस्थी द्वारा राजधानी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित किए गए 11वें आम महोत्सव में 20 से अधिक केंद्रीय मंत्रियों तथा उत्तर प्रदेश के कई मंत्रियों के साथ-साथ लगभग 200 से अधिक सांसदों का आगमन और उसमें से भी सभी दलों के लोगों की सहभागिता यह ऐसा माहौल प्रदर्शित कर रहा था कि जैसे यह मिनी संसद भवन है... क्योंकि यहां पर जो भी संसद और मंत्र किया है वह बिना किसी प्रोटोकॉल या औपचारिकता के एक दूसरे से मिलजुल कर हंसी-खुशी आम महोत्सव का आनंद ₹आम उत्पाद की पार्टी₹ रसास्वादन करते हुए पूरा आनंद इस महोत्सव का  ले रहे थे।'भारत आम महोत्सव' के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयोजक और कानपुर से बीजेपी सांसद रमेश अवस्थी को पत्र लिखकर बधाई दी और इस आयोजन के लिए उनकी सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पत्र के जरिए कहा कि 'भारत आम महोत्सव 2025' के आयोजन के बारे में जानकर प्रसन्नता हुई। उन्होंने रमेश अवस्थी को देश का एक ऊर्जावान सांसद बताते हुए लिखा कि रमेश अवस्थी के प्रयासों से विगत कई वर्षों से आयोजित यह महोत्सव आम की विविध किस्मों, उनके औषधीय गुणों और प्रसंस्करण व विपणन की संभावनाओं को सामने लाते हुए कृषि क्षेत्र में नवाचार और समृद्धि को बढ़ावा देने में योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि 'भारत आम महोत्सव' जैसे आयोजन कृषि विविधता को प्रोत्साहित करने और आम उत्पादकों के लिए अवसर बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे। पीएम मोदी ने कहा कि यह जानकार कर सुखद अहसास हुआ कि इस महोत्सव में आमों की प्रदर्शनी के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, किसान सम्मान समारोह और मिलेट्स डिनर जैसे आयोजन किए गए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आमों से जुड़ा यह खास महोत्सव लोगों को आकर्षित करते हुए आम के उत्पादन के प्रति किसानों की जागरूकता बढ़ाने में उपयोगी साबित होगा। इससे पहले उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी रमेश अवस्थी को पत्र लिखकर 'भारत आम महोत्सव' की सराहना की थी और इसे किसानों की आय बढ़ाने और कृषि विविधीकरण में उपयोगी बताया था।आपको बता दें कि देश की राजधानी दिल्ली में हर साल की तरह गुरुवार को फलों के राजा आम की अनोखी महफिल सजी। इसमें देश और दुनिया की तमाम बड़ी शख्सियतें शरीक हुईं। कानपुर से बीजेपी के सांसद रमेश अवस्थी के सौजन्य से आयोजित आमों की इस महफिल में सियासत, सिनेमा, साहित्य, शिक्षा, कला, विज्ञान, कानून, पत्रकारिता और अध्यात्म जगत की दिग्गज हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित इस 18वें भारत आम महोत्सव में 350 से भी ज्यादा आमों की वेरायटी एक साथ प्रदर्शित की गई। इस महोत्सव में आमों की मिठास के साथ मेहनतकश किसानों की समृद्धि और उन्नति के प्रयासों का अनूठा संगम भी दिखाई दिया। साथ ही इस महोत्सव में आम उत्पादक किसानों की मेहनत और देश की आर्थिक तरक्की में उनके अतुलनीय योगदान को सम्मानित भी किया गया।आपको बता दें कि कानपुर से बीजेपी सांसद रमेश अवस्थी ने देश भर के आम उत्पादक किसानों को समृद्ध बनाने के मकसद से 18 साल पहले इस महोत्सव की शुरुआत कानपुर से की थी, जो कि अब एक ग्लोबल इवेंट बन गया है। दरअसल, रमेश अवस्थी भारतीय आमों की विभिन्न प्रजाति को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की मुहिम में जुटे हैं। इसके जरिए वो आम उत्पादक किसानों की भरपूर मदद कर रहे हैं। वो चाहते हैं कि आम उत्पादक किसानों को उनकी मेहनत का पूरा लाभ मिले। साथ ही किसानों को नई तकनीक, स्टोरेज और आर्थिक सहायता भी उपलब्ध हो सके। भारत आम महोत्सव 2025 में देश भर से आए उन आम किसानों को सम्मानित भी किया गया, जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से आम उत्पादन में अहम भूमिका निभाई है। महोत्सव के आयोजक रमेश अवस्थी का मानना है कि इस सम्मान के माध्यम से देश भर के आम उत्पादक किसानों का मनोबल बढ़ेगा और उनकी मेहनत को देश और दुनिया में बड़ी पहचान मिलेगी।दरअसल, भारत आम महोत्सव का उद्देश्य दुनिया भर में हर आम और खास लोगों को आमों की विभिन्न प्रजातियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराना है। साथ ही आम उत्पादक किसानों को ये महोत्सव एक ऐसा मंच प्रदान करता है, जहां वो एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटीज और हॉर्टिकल्चर के क्षेत्र में हो रहे नए शोधों से परिचित हो पाते हैं। ये महोत्सव देश में अपने तरह का एक अनोखा आयोजन है, जो न सिर्फ फलों के राजा आम के 350 से ज्यादा वेरायटी को देश की राजधानी दिल्ली में एक साथ लेकर आता है, बल्कि विविधता में एकता और भारतीयता का संदेश भी देता है।इस आम महोत्सव में दशहरी से लेकर अल्फांसो, नीलम, केसर, कैसिंग्टन, चौसा, सफेदा, देसी गोला, इलाहाबादी सफेदा, मल्लिका, फजली, फजरी गोल, अम्बिका, अरुणिका, साहेब पसंद, एल्डन, कांवसाजी पटेल, बंगनपल्ली, माया, ओस्टीन, सुकुल, मछली और शहद कुप्पी सहित भारत में पाए जाने वाले आमों की लगभग 350 प्रजातियां प्रदर्शित की गईं, लेकिन इन सबके बीच अपने आकार, रंग और खुशबू के चलते ‘मोदी’ आम छाया रहा और प्रदर्शनी में हर आम व खास के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा।पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में शिरकत की वहीं दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना, ने दीप प्रज्जवलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के सानिध्य ने इस आयोजन को और अधिक भव्यता प्रदान की और उन्होंने मैंगो मैन ऑफ़ इंडिया पद्मश्री कालीमुल्लाह ख़ान को सम्मानित किया। प्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास भी इस भव्य आयोजन का हिस्सा बने और कार्यक्रम की शोभा बड़ाई। कार्यक्रम में प्रसार भारती के चेयरमैन नवनीत सहगल भी शामिल हुए ।केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, रामदास आठवले, श्रीपद नाईक, गजेन्द्र सिंह शेखावत, भागीरथ चौधरी, एसपी सिंह बघेल, वीरेंद्र कुमार, सावित्री ठाकुर, प्रतापराव जाधव, राजभूषण चौधरी, हर्ष मल्होत्रा, टोकन साहू, रवनीत सिंह बिट्टू, रामनाथ ठाकुर, अजय टम्टा, दुर्गा दास, निमुबेन समेत 18 केंद्रीय मंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए वहीं उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा, उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत भाजपा असम के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया, भाजपा राष्ट्रीय सचिव अरविंद मेनन, उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कपिल अग्रवाल भी शामिल हुए ।रवि किशन, अरुण गोविल, साक्षी महाराज, बाबूराम निषाद, देवेन्द्र सिंह भोले, डॉ महेश शर्मा, सदानंद तावड़े, जगदंबिका पाल के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम सिंह रुपाला, अनुराग ठाकुर, मुख्तार अब्बास नकवी, सतपाल सिंह और संजीव बालियान. रामनिवास गुप्ता (बिल्डर), विपिन गुप्ता संस्थापक नेशनल एक्सप्रेस समूह समेत सभी सियासी दलों के 200 से भी ज्यादा सांसदों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। महोत्सव में कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, प्रमोद तिवारी और आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह एवं समाजवादी पार्टी से नरेश उत्तम पटेल, प्रिया सरोज, पुष्पेन्द्र सरोज, हरेंद्र मलिक, जिया उल वर्क, शिवसेना के राष्ट्रीय समन्वयक एवं उद्योगपति डॉ अभिषेक वर्मा, सुप्रीम कोर्ट में भारत सरकार के एएसजी ब्रिजेंद्र चाहर, दिल्ली हाई कोर्ट में एएसजी चेतन शर्मा दिल्ली बार कौंसिल के को-चेयरमैन अजयिंदर संगवान, विष्णु शर्मा सीनियर एडवोकेट प्रदीप राय भी महोत्सव में शामिल हुए। इस आम महोत्सव में प्रख्यात कवि और गीतकार कुमार विश्वास, कवियित्री कविता तिवारी और फिल्म अभिनेता अरबाज खान मशहूर सिंगर अंकित तिवारी समेत कई खास हस्तियों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। सभी गणमान्य अतिथियों ने कानपुर के सांसद श्री रमेश अवस्थी की इस दूरदर्शी पहल की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी विशेष रूप से सराहा कि भारत आम महोत्सव 2025 के माध्यम से देशभर के किसानों को राष्ट्रीय मंच पर सम्मान दिलाने का सार्थक और सराहनीय प्रयास किया गया है। यह आयोजन न केवल आम की विविधता का उत्सव था, बल्कि भारत के अन्नदाताओं को गौरव दिलाने की एक ऐतिहासिक पहल भी सिद्ध हुआ।

### "आम महोत्सव की झलकियां"

- 18वें आम महोत्सव का उद्घाटन दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने
- इस भव्य आयोजन में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, प्रताप राव जाधव, बी.एल. शर्मा, रामदास आठवले समेत 18 मंत्री, 150 से ज्यादा सांसदों व प्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास, बॉलीवुड अभिनेता आदि ने अवलोकन किया आम प्रदर्शनी का
- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मैंगो मैन पद्मश्री कलीमुल्लाह खान समेत कुछ किसानों को पुरस्कृत किया कलाकारों ने अपने रंगारंग कार्यक्रम से बांधा समा

# सफ़ाई मजदूर दिवस व सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आरक्षण के वर्गीकरण के एक वर्ष होने पर न्याय दिवस समारोह नई दिल्ली में संपन्न

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नगर पालिका परिषद् में कार्यरत सफ़ाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को प्रशासन द्वारा मंजूर न किए जाने पर भूख हड़ताल की जिसमें सफ़ाई कर्मी स्व.भूप सिंह की पुलिस द्वारा गोली चलाए जाने पर मृत्यु हो गई थी। सफ़ाई कर्मचारी आंदोलन में 31 जुलाई 1957 को यह पहली कुर्बानी थी।

इस अवसर पर सभी ने इस महान् सामाजिक पुरोधा को श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ. ओ.पी.शुक्ला द्वारा आमंत्रित पूर्व केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री रहे दिग्विजय सिंह, राज्य सभा सांसद संजय सिंह, हाथरस से भाजपा सांसद अनूप प्रधान, मध्य प्रदेश से भाजपा के राज्यसभा सांसद बालयोगी संत उमेश नाथ, कांग्रेस नेता ने डॉ. उदित राज, चेयरमैन,विधायक वीर सिंह धिंगान, राजेश कुमार, रिटायर्ड फायर अधिकारी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित, समाज के प्रतिष्ठित राजनीतिज्ञ राम नाथ चंदेलिया जी, सामाजिक कार्यकर्ता



और प्रशासक एस.पी.राय, पूर्व एडवोकेट राधिका चौटाला, अधिवक्ता बी.एल. भुरंडा, अधिवक्ता विजय प्रकाश, राजस्थान,मोहन लाल, वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र पारचा, प्रोफ़ेसर विजय कायथ,एडवोकेट रवि गुप्ता, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. विवेक गौतम और वेंकटेश,जापान से प्रोफ़ेसर माया सुज़ुकी जो डॉ.ओ. पी. शुक्ला के साथ इस प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार रखें।

मुख्य विषय समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े वर्गो जिनमें अनेक जातियां हैं जो आज़ादी के बाद अपने हक अधिकारों से वंचित रह गई जिसके कारण अनेक हैं।इन वंचित वर्ग में एकमात्र जाति जिसे अनेक नामों से जाना जाता है,सफाई मज़दूर वर्ग जिसे अनेक कारणों से इस घृणित कार्य को करने पर मजबूर किया गया और सामाजिक और राजनीतिक तौर पर भी इसका सभी ने शोषण किया यहां तक कि बहुजन समाज की अनेक जातियों ने भी इनका हक़ और साथ नहीं दिया।

डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर ने जातिविहीन भारत बनाने का आह्वान किया था लेकिन इसके विपरीत जातियों में बांट दिया गया और समाज में एक ज़हर घोल दिया गया। किसी ने भी इसे मानवीय दृष्टिकोण से नहीं देखा।

अक्सर कहा जाता है कि सफाई मज़दूर वर्ग अन्य वर्गों की तुलना में शिक्षा रोज़गार के क्षेत्र में थोड़ा पिछड़ा हुआ है,जिसके अनेक कारण हैं। लेकिन अब समझ रहा है और शिक्षा और व्यापार के क्षेत्र में कदम बढ़ा रहा है।यह वर्ग भी दलित समाज की एक ईकाई है जिसे अलग नहीं किया जा सकता।

आप सांसद संजय सिंह इस वर्ग के इस कलंक को मिटाने पर जोर दिया और सरकारी आंकड़ों को बताया कि अभी तक इस गन्दे काम को किया जा रहा है जबकि इसके लिए 2013 में एक कानून भी बना हुआ है। लेकिन वह पूरी तरह से प्रभावी दिखाई नहीं देता।

विधायक वीर सिंह धींगान ने सफाईकर्मी समाज के साथ सालों से हो रहे अन्याय, अत्याचार और जातिगत भेदभाव का खुलासा किया।भारत सरकार में बड़े पदों पर रहे कानूनविद् डॉ.ओ पी शुक्ला ने जो इस समाज की लड़ाई कोर्ट में लड़ रहे हैं और आरक्षण में इस वर्ग के लिए पृथक आरक्षण (वर्गीकरण) के केस को अनेक दलीलों,आंकड़ों सहित  देश की सर्वोच्च न्यायालय में पेश किया और अंततः सर्वोच्च न्यायालय ने माना और वर्गीकरण का फैसला 1 अगस्त,2024 को सुनाया और राज्य सरकारों को इसे लागू करने का आदेश दिया लेकिन अधिकतर राज्य इसको लागू करने में टाल मटोल कर रहे हैं। इस पर डॉ शुक्ला ,प्रो. कायथ और मि.रमेश आगे की रणनीति तैयार कर रहे हैं।

इस अवसर पर सभी ने अपने-अपने वक्तव्यों में कहा कियह समाज भी इस देश का मूलनिवासी हैं, वोटर है जिसके बल पर सरकार बनती हैं उसका भी उतना ही अधिकार, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक वी भागीदारी हैं।

# श्री हरिधामेश्वर महादेव मंदिर का प्रांगण वेदमंत्रों और श्री रुद्राष्टाध्यायी के सतत पाठ से संनादति हुआ

*नमामि शम्भुं पुरुषं पुराणं, विश्वेश्वरं*
*विश्वसृजं महेशम्।*
*कृपाकरं कैलसवासिनं तं, भक्तप्रियं*
*नीलकण्ठं नमामि।।*

श्रावण मास का पवित्र काल, जो भगवान शिव की कृपा और करुणा का प्रतीक है, दिल्ली स्थित हरिधाम आश्रम में परम पूज्य, नित्य स्मरणीय, आनंद पीठाधीश्वर, आचार्य महामंडलेश्वर अनंत श्री विभूषित श्री श्री 1008 स्वामी बालकानंद गिरि जी महाराज के पावन सान्निध्य में अपूर्व भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर आश्रम के श्री हरिधामेश्वर महादेव मंदिर का प्रांगण वेदमंत्रों और श्री रुद्राष्टाध्यायी के सतत पाठ से संनादति हुआ, लोक कल्याण हेतु आयोजित अद्वितीय अनुष्ठानों का साक्षी बन रहा है। भूतभावन, आशुतोष, अवढरदानी भगवान महादेव के 1,25,000 पार्थिव शिवलिंग पूजन, रुद्राभिषेक, और षोडशोपचार अर्चन का भव्य आयोजन निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। यह अनुष्ठान, जो गुरुदेव के मार्गदर्शन में संपन्न हो रहा है, न केवल भक्तों के मन



में शिव भक्ति को प्रज्ज्वलित कर रहा है, अपितु समस्त विश्व के कल्याण हेतु संकल्पित है। श्रावण मास में शिव आराधना का पुण्य फल अनंत माना गया है। पूज्य महाराज श्री ने अपने प्रवचनों में इस पुण्य फल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए, काँवड़ यात्रा के आध्यात्मिक महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कर्म और फल के सनातन सिद्धांत को भक्तों के समक्ष सरल शब्दों में प्रस्तुत कर, शिव भक्ति के माध्यम से जीवन को सार्थक बनाने का संदेश दिया। इस वर्ष इस दिव्य एवं भव्य अनुष्ठान के मुख्य यजमान श्री अरुण सुधा पंसारी जी (त्रिवेणी ग्रुप) हैं। आज इस पुण्य अनुष्ठान में अनन्त श्री विभूषित श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी गुरु दीदी माँ मंजू श्री जी, श्री सुरेश प्रसाद जी (नेतृत्वकर्ता - भाजपा झारखंड), श्री नंदलाल अग्रवाल जी (शिव शंभू ग्रुप), श्री मुकेश अग्रवाल जी, श्री शरद अनीता अग्रवाल जी, श्री तन्वी अग्रवाल जी, श्री अमित पूजा श्रीवास्तव जी, श्री अरुण किरण श्रीवास्तव जी, श्री अनन्या श्रीवास्तव जी, श्री वंश श्रीवास्तव जी, श्री आरव श्रीवास्तव जी (न्यूक्लीयरिज्म केयर फार्मा लिमिटेड), श्री शिवम कुमार जी, श्री मुकुट लाल गौर जी, श्री J.K शर्मा जी, डॉ. अनुपम शर्मा जी, सुश्री श्रद्धा शर्मा जी सहित अनेक सन्यासी गण और शिव भक्तों उपस्थिति रहे।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048,ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.- 011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।